दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — डीजीपी ने वीडियो कॉलिंग के जरिए 128...
4 अभिव्यक्ति — चीन की भारत को हिमालयी चुनौती...
9 मनोरंजन/खेल — सुशांत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा का...
11 व्यापार — स्वामित्व योजना से आगे बढ़ेगा स्वदेशी...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 27 जून 2020, आषाण शुक्ल पक्ष-सप्तमी विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-137 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

अब घर बैठे ही मिलेगा जाति और निवास प्रमाण पत्र

- सीएम बघेल के निर्देश पर सभी कलेक्टरों को जारी हुए निर्देश
- कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आवेदकों को मिलेगी बड़ी सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं और आमजनों को बड़ी राहत दी है। अब जाति और निवास प्रमाण पत्र उनके घरों में ही प्रदान करने की सुविधा मुहैया कराई गई है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जाति और निवास प्रमाण पत्र के वितरण को सरलीकरण करते हुए प्रमाण पत्रों को आवेदकों के घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराने का आदेश सभी जिला कलेक्टरों को जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी होने के पश्चात संबंधित आवेदकों से डाक रजिस्ट्री शुल्क लेकर प्रमाण पत्र उनके घर के पते पर भेजा जाएगा। इसके लिए लोक सेवा केन्द्रों तथा तहसील कार्यालयों द्वारा आवेदकों से डाक रजिस्ट्री व्यय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अभी ये है व्यवस्था

वर्तमान प्रचलित व्यवस्था में आवेदकों द्वारा लोक सेवा केन्द्रों तथा तहसील कार्यालयों में जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र जमा कर निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त किए जाते हैं। अब आवेदकों को डाक द्वारा घर पहुंच सेवा उपलब्ध करायी जा रही है। गौरतलब है कि कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तहसील कार्यालयों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी कर प्रदाय किए जाते हैं।

आज बेबाक

पाकिस्तान की तरह ही चीन भी एक मामले में तो भारत के मुकाबले मजबूत और खुश किस्मत है कि वहां भारत के खिलाफ सब एकजूट हैं। जबकि भारत में इन दोनों पड़ोसी देशों से भारत की तनातनी को लेकर फूट है। हमारे यहां इस देश का खाने और दुश्मन देशों का गाने वालों की कमी नहीं है। सरकार से सवाल पूछने के बहाने सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगाने वाले ये जयचंद चाहे जितनी बकवास कर लें उनके देश विरोधी बयानों से भारतीय सेना का ऊंचा मनोबल कतई नहीं गिरेगा। अलबत्ता ये बयानवीर देशवासियों की नजर से जरूर गिर जाएंगे।

रार बरकरार

- चीन ने गलवान घाटी पर फिर किया संप्रभुता का दावा
- भारत भी अडिग, पूर्वी लद्दाख में वायुसेना का सैन्याभयास
- चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- वर्षों से चीनी सैनिक लगा रहे गश्त

बीजिंग/ नई दिल्ली/ए.। कमांडर स्तर की बातचीत में गलवान घाटी में एलएसी से सैनिक हटाने की सहमति के बाद भी भारत व चीन के बीच रार बरकरार है। चीन ने एक बार फिर उत्तरी लद्दाख क्षेत्र की गलवान घाटी पर अपनी संप्रभुता का दावा करते हुए कहा है कि वहां उसके सैनिक कई वर्षों से गश्त लगा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय वायुसेना ने चीन की पैंतरेबाजी का भांपते हुए शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास सैन्याभ्यास किया।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने कहा है कि गलवान घाटी पर चीनी संप्रभुता है और चीन के सैनिक वर्षों से इस क्षेत्र में नियमित गश्त लगा रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और चीन की फौजें हॉट स्प्रिंग और पांगोंग त्सो में पीछे हटने को राजी हो चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वर्ष अप्रैल से भारतीय सैनिकों ने गलवान घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एकतरफा निर्माण संबंधी गतिविधियां शुरू कर दी थी और चीन की तरफसे इस बारे में कई बार आपत्तियां दर्ज कराई गई थी।

वायुसेना ने सैन्याभ्यास का वीडियो किया जारी

भारत और चीन की तनातनी के बीच भारतीय वायुसेना के एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य अभ्यास किया। भारत-चीन सीमा पर तनाव बढ़ने के बाद वायुसेना ने हवाई गतिविधियों के जरिए निगरानी रखना शुरू कर दिया है। भारतीय वायुसेना ने इसको लेकर एक वीडियो भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सेना प्रमुख ने रक्षा मंत्री को दी लद्दाख की स्थिति की जानकारी

नई दिल्ली/(वार्ता)। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच चले आ रहे सैन्य गतिरोध के बीच जमीनी हालात का जायजा लेने के बाद वहां से लौटे सेना प्रमुख जनरल मनरोज मुकुंद नरवणे ने शुक्रवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ताजा स्थिति की जानकारी दी। सिंह भी रूस दौरे से वापस आये हैं जहां उन्होंने रूसी नेतृत्व के साथ विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय बैठक की और द्वितीय विश्व युद्ध के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित विक्टरी परेड में हिस्सा लिया।

भारत कई बार खारिज कर चुका दावा

भारत ने कई बार चीन के इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि गलवान घाटी पर उसका अधिकार ऐतिहासिक आधार पर भी स्पष्ट है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, चीन की ओर से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के बारे में अब बढ़ा-चढ़ा कर जो अपुष्ट दावे किए जा रहे हैं, वे कतई स्वीकार्य नहीं हैं और यह चीन की पूर्व भूमिका के अनुरूप भी नहीं हैं।

चीन से निपटने सेना तैनाती की समीक्षा कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन/ (वार्ता)। अमेरिका चीन से भारत, मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलिपींस जैसे एशियाई देशों के समक्ष उत्पन्न खतरे को देखते हुए और उसका उचित तरीके से मुकाबला करने के लिए अपनी सेना की वैश्विक तैनाती की समीक्षा कर रहा है। यह बातें अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने गुरुवार को जर्मन मार्शल फंड के वर्चुअल ब्रसेल्स फोरम 2020 के दौरान एक सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने जा रहे है कि हम चीन की सेना का उचित तरीके से मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश पर सेना की तैनाती की समीक्षा की जा रही है, जिसके तहत अमेरिका जर्मनी से लगभग 52000 सैनिकों में से 25000 सैनिकों को हटा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की तैनाती जमीनी हकीकत के आधार पर किया जाएगा।

पुलवामा में 3 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर/ (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में शुक्रवार को घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह के जवानों ने गुरुवार शाम करीब छह बजे पुलवामा में अवंतिपोरा के च्यूस उलार में संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल के जवान जब सभी निकास मार्गों को सील कर लक्षित इलाके की ओर बढ़ रहे थे तो वहां छुपे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों ओर से करीब 10 मिनट तक गोलीबारी हुई। गोलीबारी बंद होने के कुछ समय बाद आतंकवादियों की ओर से फिर से गोलियां चली जिसका सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया। रात भर रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही।

बिजबेहरा में सीआरपीएफ पर हमला, जवान शहीद, बच्चे की मौत

***श्रीनगर/नवप्रदेश।** दक्षिणी कश्मीर के बिजबेहरा इलाके में आतंकियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर हमला किया है। हमले में सीआरपीएफका एक जवान शहीद हो गया है। बिजबेहरा इलाके में शुक्रवार को आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) का जवान शहीद हो गया। आतंकी हमले में एक बच्चे की भी मौत हो गई। आतंकी सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर लगातार फायरिंग कर रहे हैं। हमले के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है।*

गुजरात में सीमा के निकट पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ाया

भुज/ (वार्ता)। गुजरात में कच्छ जिले के खावड़ा क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट से सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) ने पाकिस्तान के एक घुसपैठिए को पकड़ा है। बीएसएफके सूत्रों ने बताया कि बल के गश्ती दल ने उसे सीमा स्तम्भ संख्या यानी बॉर्डर पिलर नम्बर 1082 के पास से आज पकड़ा। वह पाकिस्तान के सीमावर्ती सिंध प्रांत का रहने वाला है। उसके पास से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है और वह ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना : 89 नए मरीज 156 डिस्चार्ज, 1 मौत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना के 89 नए मरीज मिले । जबकि 156 को डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं शुक्रवार को राज्य में एक मौत भी दर्ज की गई है। इस तरह प्रदेश में अब कोरोना से मरने वालों की संख्या 13 हो गई है। शुक्रवार को नए मिले कोरोना मरीजों में जशुपर से 39, दुर्ग व रायपुर से 14-14, रायगढ़ व राजनांदगांव से 5-5, बलौदाबाजार एवं बलरामपुर से 4-4, कवर्धा से 3 तथा सरगुजा से 1 शामिल हैं। जबकि जांजगीर चांपा जिले से एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह व्यक्ति एम्स रायपुर में भर्ती था। वह लिवर के रोग से भी ग्रसित था। राज्य में अब कोरोना के एक्टिव केस का आंकड़ा 700 से भी नीचे आ गया है। ऐसे मरीज सिर्फ 647 है। एक्टिव पॉजिटिव मरीजों की सूची में राजनांदगांव जिला 117 मरीजों के साथ शीर्ष पर है।

अच्छी खबर

मानसून ने कवर किया पूरा देश

रायपुर/नई दिल्ली/ए.। मौसम विभाग ने गुरुवार को घोषणा कि दक्षिण पश्चिम मानसून राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंच गया है। साथ ही इसने पूरे देश को कवर कर लिया है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को मानसून की हल्की बारिश हुई और तेज हवाएं चली। मौसम विभाग के अनुसार, 'दक्षिण पश्चिम मॉनसून' राजस्थान के कुछ और हिस्सों, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश के शेष हिस्सों, दिल्ली, हरियाणा के कुछ हिस्सों तथा पंजाब के अधिकांश हिस्सों आगे बढ़ा है।

राज्य में बारिश के आसार : राज्य में शनिवार को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका पंजाब से लेकर बिहार तक बनी हुई है। एक दूसरी द्रोणिका बिहार से लेकर उत्तरी छत्तीसगढ़ तक बनी है तथा यह द्रोणिका विदर्भ तक 3.1 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के कुछ स्थानों बारिश के आसार हैं।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	5,08,068	15,682
अमेरिका	2,512,815	126,926
ब्राजील	1,233,147	55,054
ब्रिटेन	309,360	43,414
इटली	239,706	34,678
फ्रांस	161,348	29,752
स्पेन	294,985	28,338
मैक्सिको	202,951	25,060
ईरान	217,724	10,239
बेल्जियम	61,106	9,731

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 35171.27
निफ्टी- 10383.00
गोल्ड- 47930 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 48014 (1 कि ग्रा.)

संसद रत्न पुरस्कार के लिए सांसद छाया वर्मा का चयन

- 10 सांसदों को संसद रत्न 2020 से नवाजा जाएगा
- 2 राज्यसभा सांसद और 8 लोकसभा सांसद चुने गये

रायपुर/वार्ता। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद छाया वर्मा को संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। 2 राज्यसभा सदस्यों तथा 8 लोकसभा सदस्यों को सत्रहवीं लोकसभा के प्रथम वर्ष के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के तहत संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के सुझाव के बाद प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन 2010 से संसद रत्न पुरस्कार के साथ लोकसभा में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को सम्मानित कर रहा है। संसद रत्न पुरस्कार 2020 के लिए नामित सांसदों में राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा, विशम्भर प्रसाद निषाद तथा लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले, सुभाष रामराव भामरे, हीना गावित, अमोल रामसिंग कोल्हे, शशि थरूर, निशिकांत दुबे, अजय मिश्रा, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलिस पर थाने में ही कांग्रेस पार्षद के गंभीर आरोप, खूब मचा बवाल

- कांकेर नपा के कांग्रेस पार्षद ने लगाए पैसे मांगने व दुर्व्यवहार के आरोप
- खबर लगते ही जमा हुए करीब दर्जनभर पार्षद
- कोतवाली थाना सब इंस्पेक्टर, प्रभारी व स्टाफ के साथ ही एसडीओपी को बदलने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कांकेर में कांग्रेस पार्षद मोनू शादाब खान ने कोतवाली थाना प्रभारी व स्टाफ पर पैसे लेने व अपने साथ दुव्यवहार जैसे गंभीर आरोप लगाए। मामला गुरुवार की रात करीब 7-8 बजे का है। महादेव वार्ड पार्षद मोनू शादाब खान रात करीब 7-8 बजे के बीच अपने माहल्ले के एक मामले को लेकर थाना पहुंचे थे। लेकिन उनके मुताबिक सब इंस्पेक्टर ने उनसे पैसे की मांग कर ली व थाना प्रभारी से इसकी शिकायत करने पर प्रभारी ने उन्हें झल्लाते हुए दोबारा थाने नहीं आने को कहा। इसके बाद पार्षद ने थाना अधिकारियों व स्टाफ पर आरोपों बौछार करते हुए हड़कंप मचा दिया। इस बवाल की खबर लगते ही करीब दर्जनभर पार्षद थाना पहुंचकर थाना प्रभारी व एसडीओपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। विरोध करने पहुंचे पार्षदों में नगरपालिका उपाध्यक्ष मकबूल खान, आनंद चौरसिया, मुकेश तिवारी, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इमरान ने ओसामा को बताया शहीद

इस्लामाबाद/(वार्ता)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की आतंकवादियों के प्रति प्रेम की कलई गुरुवार को उस समय खुल गई जब उन्होंने दुनियाभर में खूंखार आतंकी हमलों को अंजाम देने वाले अल-कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन को राष्ट्रीय असेम्बली में 'शहीद' करार दिया। इस बयान के बाद खान विपक्ष के निशाने पर आ गये और उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बताया गया। प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान पर पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफकोई कदम नहीं उठाने और आतंकी संगठनों को पनाह देने का आरोप लग रहा है। खान ने राष्ट्रीय असेंबली में शुक्रवार को अपने संबोधन में अल-कायदा सरगना और खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को 'शहीद' करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ जंग में अमेरिका का साथ नहीं देना चाहिए था। अमेरिका पर बरसते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिकी सेना ने पाकिस्तान को बताये बिना देश में घुसकर लादेन को 'शहीद' कर दिया। लादेन के मारे जाने के बाद पूरे विश्व में पाकिस्तान की ही बेइज्जती होने लगी।

विपक्ष ने ऐसे घेरा

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के वरिष्ठ नेता ख्वाजा आसिफने श्री खान पर गरजते हुए सदन में कहा, कि इमरान खान ने ओसमा बिन लादेन को शहीद कहा है। लादेन हमारी भूमि पर आतंकवाद लाया। वह आतंकवादी था और हमारे प्रधानमंत्री उसे शहीद बता रहे हैं। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के प्रवक्ता मुस्तफा नवाज खोकर ने बयान में इमरान खान को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बताया है।

गरमा-गरम

समाधान — 10वीं-12वीं की रद्द परीक्षाओं का आंतरिक आकलन के आधार परीक्षा परिणाम जारी कर सकेगा सीबीएसई

रिजल्ट के लिए आंतरिक आकलन को 'सुप्रीम' मंजूरी

नई दिल्ली/(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय माध्यमिक परीक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की रद्द परीक्षाओं के लिए आंतरिक आकलन के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी करने की योजना के बोर्ड के मसौदे को शुक्रवार को मंजूर कर लिया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और सीबीएसई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ के गुरुवार के आदेश के अनुरूप नयी अधिसूचना का मसौदा पेश किया, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि 10वीं और 12वीं की शेष परीक्षाओं को रद्द करने और उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सीबीएसई के आदेश का नियमन नयी अधिसूचना के तहत किया जाएगा। मेहता ने न्यायालय को बताया कि सीबीएसई एक घंटे के भीतर ही नयी अधिसूचना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये कहा नई अधिसूचना में

न्यायालय में सौंपी गयी नयी अधिसूचना में सीबीएसई ने कहा है कि उसने 10वीं और 12वीं की एक से 15 जुलाई तक होने वाली परीक्षाएं रद्द कर दी है और परिणाम के लिए आंतरिक आकलन का सहारा लिया जायेगा। नयी अधिसूचना में कहा गया है कि आंतरिक आकलन योजना के आधार पर परीक्षा परिणाम 15 जुलाई तक प्रकाशित किये जाएंगे, ताकि विद्यार्थी भारत एवं विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए नामांकन के वास्ते आवेदन कर सकेंगे।

परीक्षा का विकल्प भी खुला रहेगा

सीबीएसई ने, हालांकि यह स्पष्ट किया है कि छात्रों के लिए परीक्षा का विकल्प भी खुला रहेगा। जिन छात्रों का आंतरिक आकलन के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी होगा, वे भी फिर से परीक्षा के विकल्प का इस्तेमाल कर सकते हैं। जब तक कोई छात्र विकल्प का इस्तेमाल नहीं करता, उसका आंतरिक आकलन योजना के तहत जारी परीक्षा परिणाम अंतिम माना जायेगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि परीक्षा का विकल्प केवल 12वीं के छात्रों के लिए होगा, 10वीं के लिए नहीं। दसवीं के लिए परीक्षा परिणाम आंतरिक आकलन के आधार पर ही अंतिम होगा।

हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा : देसवाल

दिल्ली : आईटीबीपी चीफने किया 10000 बेड वाले कोविड केयर सेंटर दौरा

नई दिल्ली ए.। जानलेवा महामारी कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए दिल्ली के छतरपुर स्थित राधा स्वामी ब्यास में बनाया गया 10,000 से अधिक बेड की क्षमता वाले कोविड केयर सेंटर अब पूरी तरह से तैयार है। भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक एस.एस. देसवाल ने शुक्रवार को इस कोविड केयर सेंटर का दौरा कर इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इस सेंटर के प्रबंधन में लगाए लगाए गए जवानों और डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफसे भी चर्चा की। देसवाल ने कहा कि आईटीबीपी को पिछले 4 महीनों में एक अच्छा खासा अनुभव प्राप्त किया है। शुरू में हमने छावला में एक कोविड क्वारंटाइन सेंटर और फिर नोएडा में हमारे 200 बेड के अस्पताल को काफी अच्छे ढंग से प्रबंधित किया है। हमारी मेडिकल टीम इस संकट की घड़ी में लोगों की आगे भी मदद करती रहेंगी।

सुरक्षा बल और सशस्त्र पुलिस बल सभी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्र को समर्पित और पूरी तरह से तैयार हैं। हमें सभी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वो चाहे सेना या आईटीबीपी राष्ट्र की अखंडता, संप्रभुता और सीमाओं की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित हैं।

गौरतलब है कि आईटीबीपी ने 10,000 से अधिक बेड की क्षमता वाले कोविड-19 केंद्र की देखरेख का जिम्मा बुधवार को संभाल लिया था। आईटीबीपी के अधिकारियों की एक टीम ने राधा स्वामी ब्यास केंद्र का दौरा किया और दिल्ली सरकार तथा अन्य पक्षकारों के साथ चर्चा की थी।

दिल्ली में टेस्टिंग बढ़ने से ज्यादा दिख रहे केस : केजरीवाल

नई दिल्ली ए.। दिल्ली में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने चिंता नहीं जताने को कहा है। केजरीवाल ने कहा कि पिछले दिनों मामले तेजी से इसलिए बढ़ रहे हैं क्योंकि टेस्टिंग में तेजी आई है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में ज्यादातर लोगों को हल्का कोरोना हो रहा है, जिसमें भर्ती होने की जरूरत नहीं होती, मरीज खुद घर पर ही ठीक हो रहे। बताया कि आगे आईसीयू वाले बेड बढ़ाए जाएंगे। राजधानी में कोरोना के मामले पिछले दिनों तेजी से बढ़े हैं जिनमें एक-एक दिन में 3-3 हजार केस सामने आए। इसपर केजरीवाल ने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टेस्टिंग बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अब रोजोना 18 से 20 हजार टेस्ट हो रहे हैं। जबकि पहले 5-6 हजार टेस्ट होते थे। केजरीवाल ने कहा जब कम टेस्टिंग में रोज 2 हजार केस आते थे और अब इतनी टेस्टिंग पर भी मरीज 3 हजार या साढ़े तीन हजार तक ही सामने आते हैं।

एक्सप्रेस-वे पर उतरा वायुसेना का चीता हेलिकॉप्टर

सोनीपत ए.। भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर चीता में शुक्रवार को उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद हरियाणा के सोनीपत में कुंडली मानेसर-पलवल एक्सप्रेस वे पर उसकी आपात लैंडिंग करनी पड़ी। पायलट और को-पायलट सुरक्षित हैं। किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है कि वायुसेना के हेलिकॉप्टर की ऐसे आपात लैंडिंग कराई गई हो। इससे पहले बीते अप्रैल महीने में ही उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चीता हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। हेलिकॉप्टर ने हिंडर एयरबेस से उड़ान भरी थी और बागपत के खेकड़ा इलाके में तकनीकी खराबी की वजह से अचानक हेलिकॉप्टर को ईस्टर्न पेरिफेरकल एक्सप्रेस-वे पर उतारा गया।

यूडीएच मंत्री का बयान

'मरे हुए आदमी को भी जिंदा कर सकते हैं बाबा रामदेव'

कोटा। राजस्थान में कोरोना वायरस की कथित पतंजलि दवा 'कोरोनिल' पर रोक के बाद सरकार के यूडीएच मंत्री ने योग गुरु बाबा रामदेव पर विवादित टिप्पणी की है। मंत्री शांति धारीवाल ने कहा है कि बाबा रामदेव के पास हर मर्ज की दवा है। उन्होंने कोटा में मीडिया के सामने रामदेव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'बाबा के पास हर मर्ज की दवा है। वो मरे हुए आदमी को भी जिंदा कर सकते हैं। ऐसी दवा भी बाबा रामदेव के पास हो सकती है। कोविड-19 के इलाज को लेकर पतंजलि की ओर से कोरोनिल दवा की लॉन्च करने के बाद से योग गुरु रामदेव चर्चाओं में हैं। राजस्थान में उनकी दवा के क्लिनिकल ट्रायल हुआ है या नहीं इसको लेकर भी विवाद चल रहा है। इसी बीच चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा के बाद अब प्रदेश के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का बाबा रामदेव की कोरोनिल दवा लेकर यह बयान वायरल हो रहा है।

एलएसी पर चीन के आक्रामक रवैये से भारत ने कहा

1990 के दशक में लौट रहे द्विपक्षीय संबंध

नई दिल्ली ए.। भारत ने आरोप लगाया है कि पूर्वी लद्दाख में अपनी आक्रामक सैन्य मुद्रा के जरिए 3488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर युद्ध जैसी स्थिति को पैदा करने की कोशिश करके चीन ने द्विपक्षीय संबंधों को 1990 के दशक में वापस पहुंचा दिया है। पीएलए के प्रमुख शी जिनपिंग ने 1993 के शांति समझौते को तोड़ दिया था। मोदी सरकार ने द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणामों के साथ उन पर कूटनीतिक अल्टीमेटम दिया है। नरसिम्हा राव-जियांग जेमिन के समय में हस्ताक्षरित 1993 के समझौते से यह स्पष्ट हो गया था कि सैन्य बलों को एलएसी पर 'न्यूनतम स्तर' पर रखा जाना चाहिए।

भारत ने बयान में यह कहा कि पिछले तीन दशकों में द्विपक्षीय संबंधों में हुआ विकास बर्बाद हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत एलएसी पर सेना की सैन्य मुद्रा को संभालने में काफी सक्षम है लेकिन अगर पीएलए को पीछे नहीं हटाता है तो चीन के लिए यह आसान नहीं होने वाला। भले ही पिछले तीन दिनों में चीनी वायु सेना द्वारा कोई सैन्य उड़ान नहीं भरी हो, लेकिन पीएलए ने एलएसी पर तोपखाने और मिसाइल के साथ सभी सैनिकों को तैनात किया है।

बता दें कि बीते 15 जून की रात गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सेना की झड़प में चीन के 40 से ज्यादा जवान या तो घायल हुए या मारे गए। वहीं भारत के 20 जवान शहीद हुए। इस घटना के बाद से भारत ने 3,488 किलोमीटर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अपने विशेष युद्ध बलों को तैनात किया है। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारतीय सेना को पीएलए द्वारा सीमा पार से किसी भी हरकत का आक्रामकता से एलएसी पर जवाब देने का निर्देश दिया है।

शिकागो में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों का प्रदर्शन

वाशिंगटन ए.। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों के एक समूह ने शिकागो में चीनी वाणिज्य दूतावास के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर पूर्वी लद्दाख में बीजिंग की आक्रमकता के खिलाफविरोध जताया। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के मद्देनजर एकत्र होने पर लगे प्रतिबंधों और शिकागो शहर में लागू अन्य कदमों की वजह से प्रदर्शन में ज्यादा लोग शामिल नहीं हुए। शिकागो से एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी डॉ. भरत बराई ने बृहस्पतिवार को कहा, हमारा विरोध लेह में भारतीय सीमा में चीनी घुसपैठ के खिलाफथा। हम चीन को बताना चहाते हैं कि भारतीय-अमेरिकी शांत नहीं रहेंगे। आज पूरा विश्व भारत के साथ है। उन्होंने कहा, चीनी आक्रमकता को लेकर भारतीय-अमेरिकियों के बीच भारी आक्रोश है। प्रदर्शनकारियों के हाथों में पोस्टर थे, जिसमें भारत के खिलाफ आक्रमकता के लिए चीन और अन्य पड़ोसी देशों की निंदा की गई थी।

मारे गए चीनी सैनिकों के परिवार मांग रहे हैं सम्मान

बीजिंग ए.। पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में 15 जून की रात हिंसक झड़प में भारत और चीन दोनों ही देशों के सैनिकों की जान गई। लेकिन चीन में सैनिकों और उनके परिवार का सम्मान तो दूर की बात जनता को उन सैनिकों के नाम तक नहीं बताए जाते हैं जो लड़ते हुए मारे गए। भारत की तरह शहीदों के सम्मान की मांग कर रहे चीनी सैनिकों के परिवारों को शांत करने की कोशिश करते हुए ड्रैगन ने कहा दिया है कि बाद में बताएंगे। सत्ताधारी चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स के एडिटर हू शिजिन ने एक लेख में लिखा सेना में मरने वालों को सर्वोच्च सम्मान दिया जाता है और समाज को बाद में सही समय पर सूचना दी जाएगी, ताकि हीरोज का सम्मान हो और उन्हें याद रखा जाए, जिसके वे हकदार हैं। यह देख उस वीडियो के सामने आने के दो दिन बाद लिखा गया है, जिसमें पीएलए के मारे गए सैनिकों के परिजन आक्रोश प्रकट करते हुए भारत के शहीदों की तरह सम्मान मांग रहे थे।

नहीं रोका असम का पानी हम तो बस चैनल की मरम्मत कर रहे हैं: भूटान

नई दिल्ली ए.। भूटान ने उस रिपोर्ट की वैधता का स्पष्ट रूप से खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि देश ने असम के साथ भारत की सीमा पर सिंचाई चैनल के लिए पानी छोड़ना बंद कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि भूटानी पक्ष ने कहा कि वे असम में पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए चैनलों की मरम्मत कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि भूटान द्वारा असम को चैनल पानी की आपूर्ति रोकने की रिपोर्ट सही नहीं है। वास्तव में, भूटानी पक्ष ने यह कहते हुए स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है कि वे असम में पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए चैनलों में मरम्मत कर रहे हैं। दरअसल कई रिपोर्टों में बताया जा रहा है कि भूटान ने असम के बक्सा जिले के किसानों का पानी रोक दिया है। बक्सा जिले के 26 से ज्यादा गांवों के करीब 6000 किसान सिंचाई के लिए डोंग परियोजना पर निर्भर हैं। वर्ष 1953 के बाद से किसान धान की सिंचाई भूटान की नदियों के पानी से करते रहे हैं। इसको लेकर दो-तीन दिनों से बक्सा के किसान विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने रोंगिया-भूटान सड़क जाम की थी। किसान चाहते हैं कि केंद्र सरकार भूटान के सामने इस मुद्दे को उठाए।

शेयरों में डूबे 15 लाख जवान ने लूटा एटीएम

यूट्यूब पर सीखा था चोरी का तरीका

गुरुग्राम ए.। सेना के जवान ने शेयर मार्केट में हुए 15 लाख रुपये के नुकसान की भरपाई करने के लिए सोमवार रात को अपने दोस्त के साथ मिलकर बादशाहपुर बस स्टैंड स्थित कैनरा बैंक के एटीएम को खोल कर 1.29 लाख रुपये की चोरी की थी। पुलिस ने गुरुवार को सेना के जवान प्रवीन और उसके दोस्त राहुल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि होडल निवासी प्रवीन सेना का जवान है और उसकी पोस्टिंग श्रीनगर में थी। लॉकडाउन से पहले वह घर आया था और फिर लॉकडाउन के कारण वह श्रीनगर नहीं जा पाया। लॉकडाउन के दौरान उसने शेयर मार्केट में रुपये लगाए और उसके लगभग 15 लाख रुपये डूब गए। उसके बाद उसने नुकसान की भरपाई के लिए एटीएम लूटने की योजना बनाई। एटीएम कैसे लूटना है इसकी पूरी योजना बनाई, लेकिन उसे पता नहीं था पुलिस उसे पकड़ लेगी।

दोस्त के साथ बनाई लूट की योजना

थाना बादशाहपुर प्रभारी कुलदीप ने बताया कि सेना के जवान ने एटीएम लूटने की योजना अपने दोस्त राहुल के साथ मिलकर बनाई थी। राहुल होडल के पास स्थित अपने गांव में किराना की दुकान चलाता है। एटीएम लूटने से पहले आरोपी जवान प्रवीन ने यू-ट्यूब वीडियो देखकर एटीएम खोलने से लेकर वारदात को अंजाम देने तक पूरा तरीका भी सीखा था। इसके बाद उसने एटीएम मशीन खोलने के लिए अभ्यास भी किया। एटीएम खोलने के लिए उसने पूरे औजारों का भी इंतजाम किया था। कुलदीप सिंह ने बताया कि दोनों दोस्त होडल में स्थित गांव गाडौत से 22 जून की रात को एटीएम लूटने के लिए कार से गुरुग्राम पहुंचे थे। दोनों ने बादहशाहपुर बस स्टैंड पर कैनरा बैंक के एटीएम का ताला तोड़ा और उसके बाद एटीएम के अंदर घुस गए। एटीएम के अंदर घुसने के दौरान दोनों की फुटेज भी आई थी, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस को आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले थे। उस फुटेज की जांच करते हुए पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। अभी मामले की जांच चल रही है।

एमपी : कांग्रेस में खटपट, कमलनाथ ने गोविंद को कोषाध्यक्ष पद से हटाया

■ **उपचुनाव से पहले कांग्रेस में फिर दिखी गुटबाजी, दिग्विजय को झटका**

भोपाल ए.। मध्य प्रदेश में उपचुनावों से पहले कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी फिर सतह पर आने लगी है। प्रदेश कांग्रेस में दिग्विजय और कमलनाथ के गुटों के बीच तथाकथित एकता की असलियत भी सामने आने लगी है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व सीएम कमलनाथ ने शुक्रवार को बड़ा बदलाव करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष गोविंद गोयल को पीसीसी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। गोयल को दिग्विजय सिंह का समर्थक माना जाता है और कमलनाथ की इस कार्रवाई के बाद प्रदेश कांग्रेस में नए सिरे से गुटबाजी की शुरुआत हो सकती है।

2018 में विधानसभा चुनावों के बाद जब कमलनाथ सीएम बने थे, तब से दिग्विजय उनके सबसे बड़े सिपहसालार बने हुए हैं। इस साल मार्च में ज्योतिरादित्य सिंधिया की कांग्रेस से विदाई को भी पार्टी में कमलनाथ और दिग्विजय के गुटों द्वारा उनके ऊपर बनाए गए दबाव का नतीजा माना गया। हाल में राज्यसभा चुनाव के लिए विधानसभा में वोटिंग के दौरान भी कमलनाथ ने दिग्विजय की जीत के लिए हर कोशिश की, लेकिन अब दोनों के बीच की तथाकथित दोस्ती नए रंग में नजर आ सकती है।

कमलनाथ की सरकार गिरने के बाद से ही दिग्विजय की उसमें भूमिका को लेकर कयास लगने लगे थे। कई कांग्रेस नेताओं ने भी दबी जुबान में माना कि दिग्विजय की राज्यसभा पहुंचने की जिद से सिंधिया-समर्थक विधायक पार्टी छोड़ने को मजबूर हुए, लेकिन कमलनाथ चुप्पी साधे रहे। अब जबकि विधानसभा की 24 सीटों के लिए उपचुनाव सर पर हैं, कमलनाथ ने गोयल को पद से हटाकर दिग्गी को झटका दिया है।

कानपुर शेल्टर होम कांड : राष्ट्रीय महिला आयोग का डीएम को नोटिस, मांगी रिपोर्ट

कानपुर ए.। राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा कानपुर संवासिनी केस में की गयी शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम कानपुर नगर डॉ. ब्रह्मदेव राम तिवारी को नोटिस जारी किया है। आयोग की सदस्या कमलेश गौतम द्वारा निर्गत नोटिस में कहा गया है कि शिकायत में महिलाओं के अधिकार और गरिमामय जीवन के अधिकार के हनन की शिकायत है।

आयोग ने डीएम कानपुर नगर को मामले को देखते हुए विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए आयोग को 30 दिन में कृत कार्यवाही से अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। नूतन ने अपनी शिकायत में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान रिट याचिका संख्या 4/2020 में अपने अत्यंत विस्तृत आदेश दिनांक 03 अप्रैल 2020 में कोविड काल में बाल सुरक्षा गृहों हेतु कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए, जिसकी प्रति ईमेल के माध्यम से सभी प्रदेश के मुख्य सचिवों को भेजी गयी. इस आदेश में कोविड से बचाव के लिए तमाम बिन्दुओं पर अत्यंत विस्तार से निर्देश दिए गए हैं।

100 बच्चियों की अधिकतम क्षमता

नूतन के अनुसार इसके बाद भी कानपुर संवासिनी गृह में उक्त आदेशों का पालन नहीं किया गया। जहां उक्त संवासिनी गृह की अधिकतम क्षमता 100 बच्चियों की थी, वहीं वहां 171 बच्चियां तथा 26 स्टाफरखे गए थे, जो निर्धारित संख्या से बहुत अधिक थे। इसी प्रकार 7 बच्चियां गर्भवती थीं और लगभग 06 माह से वहां रह रही थीं, इसके बाद भी उनके स्वास्थ्य के प्रति कोई भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। अतः उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की खुली अवहेलना किये जाने के संबंध में अविलंब क्षतिपूर्ति एवं जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

मैं इंदिरा की पोती...ट्वीट से सीएम योगी पर प्रियंका का पलटवार

लखनऊ ए.। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को ट्वीट कर चुनौती दी कि वह उनके खिलाफ जो भी कार्रवाई करना चाहती है करे। वह इंदिरा गांधी की पोती हैं और सच्चाई को सामने रखती रहेंगी। कानपुर शेल्टर होम प्रकरण को लेकर प्रियंका गांधी के ट्वीट पर यूपी के बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा था। इसी के जवाब में प्रियंका ने ये बातें कहीं। प्रियंका ने शुक्रवार को अपने ट्वीट में न सिर्फयोगी सरकार पर निशाना साधा बल्कि इशारों-इशारों में बीएसपी चीफमायावती को भी निशाने पर लिया है। अपने ट्वीट में उन्होंने कहा, 'जनता के एक सेवक के रूप में मेरा कर्तव्य यूपी की जनता के प्रति है और कर्तव्य सच्चाई को उनके सामने रखने का है। किसी सरकारी प्रॉपगैंडा को आगे रखना नहीं है।' उन्होंने आगे कहा कि यूपी की सरकार उन्हें 'फिजूल की धमकियां देकर' अपना समय व्यर्थ कर रही है। प्रियंका ने कहा, '(योगी आदित्यनाथ) जो भी कार्रवाई करना चाहते हैं, बेशक करें। मैं सच्चाई सामने रखती रहूंगी। मैं इंदिरा गांधी की पोती हूं। कुछ विपक्ष के नेताओं की तरह बीजेपी की अघोषित प्रवक्ता नहीं।'

सत्ता में बने रहने सेना की मदद ले रहे ओली, हमें जेल में डालने की तैयारीः प्रचंड

नेपाल की सत्ताधारी पार्टी में बवाल बढ़ा, प्रचंड ने मांगा पीएम ओली का इस्तीफा

सरकार के खराब प्रदर्शन पर दहल ने कहा- जनता की उम्मीदें पूरी नहीं कर रही सरकार

काठमांडू ए.। भारत के साथ सीमा विवाद और नागरिकता को लेकर कड़े तेवर अपना रहे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी में विवाद गहराता ही जा रहा है। सत्तारूढ़ नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के गले की फांस बनती दिख रही है। नेपाल की सत्ताधारी कम्यूनिस्ट पार्टी के कार्यकारी चेयरमैन पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने पीएम ओली के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री बनाना उनकी सबसे बड़ी भूल थी।

प्रचंड ने खुलासा किया कि पीएम ओली खुद की कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ओली प्रधानमंत्री की कुर्सी के लिए नेपाली सेना का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि पीएम ओली सत्ता में बने रहने के लिए पाकिस्तानी, अफगानी या बांग्लादेशी मॉडल को अपनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के प्रयास नेपाल में सफल नहीं होंगे।

प्रचंड बोले- मुझे जेल भेजने की तैयारी में ओली

प्रचंड ने ओली को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी हमें भ्रष्टाचार के नाम पर जेल नहीं भेज सकता है। सेना की मदद से देश पर शासन करना आसान नहीं है। प्रचंड ने ओली पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के साथ गठबंधन करके या पार्टी को विभाजित कर सरकार चलाना संभव नहीं है।

पीएम ओली के इस्तीफे की मांग तेज

स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में ज्यादातर सदस्यों ने पीएम ओली से इस्तीफे की मांग की है। वहीं ओली ने इस्तीफा देने से साफ इनकार कर दिया है। दोनों नेताओं ने एक दूसरे के ऊपर बैठक के दौरान जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए हैं। प्रचंड ने जहां सरकार के फेल होने की बात कही, वहीं ओली ने कहा कि प्रचंड ने पार्टी को बर्बाद कर दिया है।

उम्मीदों पर खरी उतरने में विफल सरकार'

पार्टी की स्टैंडिंग कमिटी की मीटिंग में दहल ने कहा कि सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरने में विफल रही है। उन्होंने चेयरपर्सन और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पर अदल-बदलकर पावर शेयरिंग के समझौते का उल्लंघन करने का आरोप भी लगाया। दहल ने कहा, 'हम पार्टी के एकीकरण के वक्त सरकार को अदल-बदलकर चलाने के लिए सहमत हुए थे लेकिन मैंने खुद अपने कदम पीछे खींच लिए। सरकार का काम देखने के बाद मुझे लग रहा है मैंने ऐसा करके गलती की। दहल ने यह भी कहा कि अगर सरकार समाजवाद हासिल करने के अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाती है, तो पार्टी को अगले चुनावों में असफलता देखनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टी दोनों संकट में हैं। दूसरी ओर ओली ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि प्रशासन देशहित में जुटा हुआ है और आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी के नेता ही विपक्ष की तरह बर्ताव कर रहे हैं।

■ न्यूज गैलरी

कांटेक्ट ट्रेसिंग : विधायक विकास दे रहे घर-घर दस्तक

रायपुर। राज्य में छाए कोविड-19 संकट से निपटने अब राज्य सरकार ने घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच करने कांटेक्ट ट्रेसिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत लोगों में सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत एवं खाने में स्वाद न आने की जांच की जा रही है। इस अभियान को गति देते हुए रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय भी अपने क्षेत्र में डट गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम, जांच दल के साथ विधायक श्री उपाध्याय स्वयं अपने क्षेत्र के घरों में दस्तक दे रहे हैं। आज भी श्री उपाध्याय अपने इलाके के घर-घर पहुंचे और लोगों का कुशलक्षेप जाना। इस दौरान उन्होंने कांटेक्ट ट्रेसिंग अभियान की जानकारी भी अपने क्षेत्रवासियों को दी और बताया कि इस अभियान के तहत आम जनता के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में परेशानी, भोजन में स्वाद न आने जैसे लक्षण की जांच की जा रही है। उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि वे स्वयं इस अभियान से जुड़े और अपने व परिवार के ऐसे सदस्यों को जिनमें यह लक्षण दिख रहा है तत्काल सूचित करें ताकि उनकी समुचित जांच व उपचार हो सके।

छग गृह निर्माण मंडल के मण्डल सम्मिलन की बैठक आज

रायपुर। वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में 27 जून को दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के मण्डल सम्मिलन की बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक नवा रायपुर अटल नगर स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल मुख्यालय पर्यावास भवन में आयोजित है।

सीएम द्वारा गोबर खरीदने की पहल सराहनीय : माधवलाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा गोधन न्याय योजना के तहत गोठान एवम गोपालक किसानों से सीधे गोबर गौ सेवकों से उचित मूल्य पर खरीदने की बात कही गई है। उक्त घोषणा का गो ग्राम स्वावलम्बन अभियान मंच के संरक्षक बिसरा राम यादव और प्रांत संयोजक भुवनेश्वर साहू ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि-गत वर्ष 4 नवम्बर 2019 को पूरे प्रदेश भर में गोग्राम स्वावलम्बन अभियान चलाया गया था जिसके तहत गोपाष्टमी के दिन 4 नवम्बर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में एक साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था साथ ही शासन को अपनी मांगों से अवगत कराया था जिसमें गोबर और गोमूत्र को क्रमशः 5 रु और 10 रु किलो की भाव से खरीदने की मांग की गई थी ।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी थानों को आदर्श थाना बनाने की अभिनव पहल

डीजीपी ने वीडियो कॉलिंग के जरिए 128 थानेदोरों से की बात

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी थानों को आदर्श थाना के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आदर्श थाना और आदर्श थाना प्रभारी योजना 1 जुलाई से शुरू की जा रही है। इसी क्रम में डीजीपी श्री डीएम अवस्थी ने आज प्रदेश के 128 से अधिक थानेदारों से वीडियो कॉलिंग एप के जरिये एक साथ बात की। उन्होंने कहा कि जो भी आदर्श थाना के तय मापदंडों पर खरा उतरेंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। श्री अवस्थी ने सभी थाना प्रभारियों को बताया कि आदर्श थाना के कुछ मापदंड तय किये गये हैं। जैसे थानों में आमजन के साथ थाना प्रभारी और अन्य स्टाफ का आचरण कैसा है। पीड़ित व्यक्ति, महिलाएं और बच्चे थानों में बैखौफ होकर अपनी बात कह पाएं। फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखें और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करें। गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोरतम कार्रवाई की जाए। थाना में रिकॉर्ड का रखरखाव अच्छा हो। थाना परिसर का वातावरण ऐसा हो कि प्रवेश करते ही मन-मस्तिष्क में सकारात्मक प्रभाव पड़े। आदर्श थाना बनने के लिये सभी थाने आपस स्वस्थ्य प्रतियोगिता रखें जिससे ज्यादा से ज्यादा थाने आदर्श बन सकें।

बोड़ला थाना को मिला केंद्र से आदर्श थाना का पुरस्कार

छत्तीसगढ़ पुलिस के लिये गर्व की बात है कबीरधाम जिले के बोड़ला थाना को केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफसे आदर्श थाना का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। डीजीपी डीएम अवस्थी ने आज दुर्ग आईजी विवेकानंद सिन्हा, कबीरधाम जिले के एसपी के एल ध्रुव और बोड़ला थाना के टीआई संतराम सोनी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफसे छत्तीसगढ़ के 465 थानों में से बोड़ला थाना को एनुअल रैंकिंग ऑफपुलिस स्टेशन 2019 में सर्वश्रेष्ठ थाना चुना गया है।

मासूम तीन दिन से लापता, जशपुर एसपी को गृहमंत्री ने लगाई फटकार

रायपुर। जशपुर के पत्थलगांव में बुधवार से गायब चार साल की मासूम का कोई सुराग नहीं मिल पाने से भड़के प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने एसपी को फोन पर जमकर फटकार लगाई, बताया जाता है कि मंत्री श्री साहू ने यहां तक कह दिया कि यदि जरूरत हो तो रायपुर से विशेष टीम भेज दिया जाएगा। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्ची की खोजबीन शुरू की, लेकिन इसके बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग पाया। इधर इस मामले की जानकारी जैसे ही गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को लगी तो उन्होंने एसपी को फोन लगाया और मामले की प्रगति की जानकारी लेनी चाहिए, लेकिन उन्हें जैसे ही पता चला कि पुलिस के पास अब तक कोई सुराग नहीं लगा है तो वे नाराज हो गए। गृहमंत्री की नाराजगी के बाद तत्काल एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाया गया है और टीम को बच्ची की तलाश में लगा दिया गया है।

लॉकडाउन के साढ़े तीन माह बाद मॉल्स, होटल व रेस्टोरेंट खुले

■ अंतर्राज्यीय बस सेवा के लिए सरकार ने दी अनुमति, बस ऑपरेटर कर रहे छः माह का रोड टैक्स मांग करने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

बस बंद, परेशान होते रहे यात्री

रायपुर। विश्वव्यापी कोरोना वायरस महामारी के दौरान साढ़े तीन माह तक प्रदेश के माल्स, होटल व रेस्टोरेंट लॉकडाउन में बंद थे। गुरूवार को शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार आज से मॉल्स, होटल व रेस्टोरेंट शर्तों के साथ प्रारंभ कर दिये गये हैं। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त स्थलों पर पहुंचने वाले लोगों का प्रवेश द्वारा पर स्क्रिनिंग होगा। एसके लेटर एवं लिफ्ट को हर एक घंटे में सेनेटाईज किया जाएगा। किसी भी दशा में 5 से अधिक व्यक्तियों को एसकेलेटर में एवं 4 से अधिक व्यक्तियों को लिफ्ट में आवाजाही करने की अनुमति नहीं होगी।

ज्ञातव्य है कि रेस्टोरेंट के लिए जारी आदेश में गर्म ताजा भोजन 75 तापमान मानक के आधार पर 6 मीटर की दूरी में ग्राहकों को तत्काल प्रभाव से परोसा जाएगा। वहीं मल्टिफ्लेक्स सिनेमा, थियेटर, जीम एवं खेल सहित मनोरंजन के अन्य साधनों का आगामी आदेश तक पूर्व की भांति रोक रहेगी।

आज से अंतर्राज्यीय बस सेवाएं छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। जिस पर बस ऑपरेटरों ने शासन द्वारा साढ़े तीन माह के दौरान गाड़ियों की सर्विसिंग का हवाला देते हुए विगत छः माह का रोड टैक्स माफ करने की मांग की है। मॉल्स एवं रेस्टोरेंट में जाने वाले लोगों का लिखित रिकार्ड काउंटर पर दर्ज करने का आदेश भी लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर कोरोना संक्रमित व्यक्ति की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रभाव से रोक थाम के उपाय किये जा सके। बस ऑपरेटरों को भी अन्य जिलों में आने जाने वाली बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों का लिखित रिकार्ड सोशल डिस्टिसिंग एवं मॉस्क लगाया जाना अनिवार्य किया गया है।

अजय चंद्राकर के ट्वीट पर कांग्रेस का पलटवार

दिमाग में भरे गोबर को बेचें आर्थिक लाभ पाएं

■ अजय चंद्राकर ने किया था ट्वीट, गोबर को राजकीय चिन्ह बना देना चाहिए

नव प्रदेश संवाददाता

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ का राजकीय प्रतीक चिन्ह कोई सामान्य तस्वीर नहीं है बल्कि यह छत्तीसगढ़ की जनता के मान सम्मान और अस्मिता का प्रतीक है। यह प्रतीक चिन्ह हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर, फसल उत्पादन, विद्युत उत्पादन और समृद्धि वनों की विरासत से जोड़ता है। छत्तीसगढ़ के राजकीय प्रतीक चिन्ह की तुलना गोबर से करके चंद्राकर जी ने अपनी मानसिक स्थिति और भाजपा के विचारों को स्पष्ट उजागर कर दिया। देखना अब यह है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु देव साय क्या इसे गंभीरता से लेते हुए अजय चंद्राकर के ऊपर कोई कार्रवाई करेंगे या अपनी मौन सहमति प्रदान करेंगे।

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता अजय चंद्राकर के ट्वीट पर बवाल मच गया है। अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर लिखा है-छत्तीसगढ़ के वर्तमान राजकीय चिनह को नरवा, गरवा, घुरवा, बारी की अपार सफलता और छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में गोबर के महत्व को देखते हुए इसे राजकीय प्रतीक चिन्ह बना देना चाहिए।

इधर भाजपा नेता अजय चंद्राकर के इस ट्वीट के बाद कांग्रेस ने भी इस पर कड़ा पलटवार किया है। कांग्रेस ने भी ट्वीट कर लिखा-आपकी सोच को देखकर लगता है कि सरकार की इस योजना से भाजपा के नेताओं को काफी लाभ मिल सकता है, उठाना भी चाहिए। दिमाग में भरे गोबर को बेचें, आर्थिक लाभ पाएं। कुछ अच्छी चीजें भी दिमाग में घुसेंगी। गोबर को लेकर राजनीति शुरू होने के साथ ही अब भाजपा वापस से बैकफुट पर जाती नजर आ रही है। इसके पहले भी कांग्रेस स्पष्ट कर चुकी है कि यह आम आदमी से और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी बातें हैं।

केंद्र के गलल नीतियों से बढ़े पेट्रोल डीजल के दाम : फूलोदेवी नेताम

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पेट्रोल डीजल के हर दिन बढ़ते दामों से आम आदमी की जेब पूरी तरह खाली हो चुकी है राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि पेट्रोल डीजल की बढ़ती हुई कीमतें थमने का नाम नहीं ले रही है। मोदी सरकार के गलत नीति के कारण आज 20 वें लगातार पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। पेट्रोल 80.13 रूपये हो गई है और एक लीटर डीजल के 80.19 रुपये चुकाने होगें। इस तरह से 20 दिन में डीजल 11 रुपये लगभग और पेट्रोल की कीमतों में लगभग 10 रुपये महंगा हुआ है। महंगाई की मार जिसके जिम्मेदार है मोदी सरकार। देश मे जिस तरह से पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ा दिये गए ये केन्द्र सरकार की नकामी का सबूत है।

फूलोदेवी नेताम ने कोरोना महामारी के चलते लगातार लाकडाउन से आम जनता अत्यधिक परेशान है और ऊपर से केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल के दामों मे लगातार वृद्धि कर लोगों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा आम जनता को राहत देने के बजाय उसे और मुश्किलों में डाल रही है।

फूलोदेवी नेताम ने कहा कि महंगाई कमर तोड़ रहे है तेल के बढ़ते दाम देश में पेट्रोल व डीजल के भावों में आग लगी हुई है। अब मानसून की शुरुआत हो चुका है किसान खेती- बाड़ी में जुटेगें। ऐसे में डीजल के भाव में अत्यधिक वृद्धि होना किसानों की कमर तोड़ने वाला है। पेट्रोल-डीजल के महंगा होने का कारण समान महंगा होगा क्योंकि समान में परिवहन का लागत जुड़ा होता है किराया बढेगा। कोरोना के संकट के कारण पहले आमदनी के स्रोत घटे है। सरकार का दायित्व होता है कि महंगाई को नियंत्रण में रखें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री को देश की आर्थिक स्थिति के बारे मे जानकारी नही है।

गलवान घाटी के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर (नव प्रदेश)। आज सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक टाउन हाल में गांधी प्रतिमा के पास राजधानी रायपुर में और पूरे प्रदेश में कांग्रेसजनों ने चीन में लद्दाख में गलवान घाटी में जो हमारे 20 सैनिको की शहादत हुई है को मौन रहकर श्रद्धांजलि दी है। इसके अलावा कांग्रेस के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का सोशल मीडिया में लाइव जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते रहे है। इसके साथ-साथ केन्द्र सरकार ने जिस प्रकार से चीन कब्जा करने की छूट दी है और जिस प्रकार से मोदी सरकार की अनदेखी के कारण हमारे जवानो की शहादत हुयी है मोदी सरकार के इस देश विरोधी कृत्य के लिये हम कांग्रेस के लोग अपना विरोध भी व्यक्त कर रहे है। यह क्रम निरंतर जारी है।

रोका छेका | 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सात वार्डों में चलाया अभियान

105 आवारा मवेशियों को सड़क से पकड़कर गौठान में भेजा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार के आदेषानुसार नगर पालिक निगम रायपुर क्षेत्र में राज्य शासन के लोककल्याणकारी अभियान रोका छेका के अंतर्गत सभी जोनो द्वारा जोन स्तर पर जोन कमिष्नर के नेतृत्व में जोन की टीम ने अभियान चलाकर जोन के वार्डो की सडको से विगत 19 जून 2020 से प्रतिदिन आवारा मवेषियों को पकडकर गौठान एवं कांजीहाउस में भेजने का कार्य काउकेचर वाहनों की सहायता से विषेष टीमों के माध्यम से कर रही है। जोन 6 के जोन कमिष्नर दिनेष कोसरिया ने बताया कि रोका छेका अभियान के तहत जोन 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन के तहत आने वाले 7 वार्डो शहीद पंकज विक्रम, मोरेष्वर राव गद्रे, चंद्रषेखर आजाद, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शहीद राजीव पाण्डेय, शहीद बिग्रेडियर उस्मान, महामाया मंदिर वार्ड के विभिन्न मार्गो व स्थानों, गलियों में काउकेचर वाहन एवं विषेष टीम की सहायता से जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में विगत 19 जून 2020 से अभियान चलाकर आज तक 105 आवारा मवेषियों को जोन 6 के सडक मार्गो से पकडकर गोकूल नगर गौठान में भेजने की कार्यवाही की है। 19 जून को 23, 20 जून को 21, 21 जून को 19, 24 जून को 13, 25 जून को 11 एवं 26 जून को आज 18 आवारा मवेषी सडक से पकडकर गोकूलनगर गौठान भेजे गये है। आज संतोषी नगर चैक से भाठागांव चैक तक काउकेचर वाहन से 2 फेरे लगाकर 18 आवारा मवषियों को पकडकर गोकूल नगर गौठान में भेजने की कार्यवाही जोन 6 स्वास्थ्य विभाग अमले ने की है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि विगत 20 जून को रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोनो की टीमो ने 140 एवं विगत 21 जून को सभी जोनो ने 130 , दो दिन में 270 आवारा मवषियों को राजधानी रायपुर निगम सीमा क्षेत्र की सडको से काउकेचर से पकडकर कांजीहाउस एवं गौठान भेजने की कार्यवाही जोन कमिष्नरों के नेतृत्व में राज्य शासन के लोकहितैषी रोका छेका अभियान के तहत की है। रोका छेका अभियान के तहत काउकेचर वाहन से विशेष टीमो द्वारा सभी 10 जोनो में मॉनिटरिंग कर सडको से देखते ही आवारा मवेषी पकडकर गौठान व कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही राज्य शासन के आदेषानुसार 30 जून 2020 तक जारी रहेगी।

विवाह प्रोत्साहन राशि से निःशक्त दम्पत्ति शुरू करेंगे व्यवसाय

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिले एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि से जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ के ग्राम सिउड़ के निःशक्त नवदम्पति अपने जीवन यापन के लिए स्व रोजगार शुरू करेंगे। योजना के तहत लाभान्वित श्रीमती रूखमणी व श्री सत्येन्द्र दोनो श्रवण बाधित हैं। चेक प्राप्त करने पर नवदम्पति ने कहा कि वे आर्थिक रूप से सक्षम बनने के लिए कम्प्यूटर व फोटो कॉपी सेंटर का व्यवसाय प्रारंभ करेगें। वे किसी पर निर्भर नही रहना चाहते है। उनकी स्व-रोजगार की इच्छा निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना ने पूरी की है। उन्होने राज्य सरकार की इस योजना को निःशक्तजनों को सक्षम बनाने के लिए बहुत उपयोगी बताते हुए आभार व्यक्त किया है।

विभाग के उप संचालक श्री टीपी भावे ने बताया की निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत वर या वधु के निःशक्त होने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप मे आवेदन करना होता है।

समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्रता अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाती है। रूखमणी व सत्येन्द्र दोनो श्रवण बाधित होने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। नवदम्पत्ति को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा, सहित गणमान्य नागरिकों ने चेक प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की शुकामनाएं दी।

संपादकीय

भारत को मिला अमेरिका का साथ

भारत और चीन के बीच सीमा विवाद दोनों देशों के बीच तनाव को बढ़ा रहा है। चीन लगातार अपनी चालबाजियों से तनाव का माहौल पैदा कर रहा है, एक ओर तो वह सीमा विवाद को द्विपक्षीय वार्ता के जरिए हल करने का दम भरता है वहीं दूसरी ओर वह तनाव बढ़ाने वाली हरकतों से बात नहीं आ रहा है। सैटेलाईट इमेज से चीन की पोल खुल गई है, उसने पैगांग इलाके में फिगर फोर और फिंगर फाईफ के पास अपने सेना की तैनाती बढ़ा दी है, जवाब में भारत ने भी उस क्षेत्र में अपनी सेना की संख्या बढ़ा दी है। चीन की ओर से किसी भी तरह की गड़बड़ का सामना करने के लिए भारत ने लद्दाख में अपने खतरनाक टैंक भीष्म के साथ ही बोफोर्स तोप को भी तैनात कर रखा है। यदि जंग की नौबत आती है तो उस पहाड़ी क्षेत्र में चीन पर भारतीय सेना निश्चित रूप से भारी पड़ेगी। इस बीच पहली बार अमेरिका खुल कर भारत के समर्थन में आ गया है, अमेरिका ने चीन के खिलाफ भारत को हर संभव सहयोग देने का न सिर्फ वादा किया है बल्कि अमेरिकी सेना को भी भारत की मदद के लिए रवाना कर दिया है, निश्चित रूप से इससे भारतीय सेना की ताकत और बढ़ा जाएगी। रूस ने भी भारत के साथ हुए रक्षा समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है इस पर भी चीन ने आपत्ति उठाई है लेकिन चीन की आपत्ति को दरकिनार करते हुए रूस ने भारत को सैन्य साजों सामान जल्द से जल्द उपलब्ध कराने की बात कही है। इजराईल ने तो पहले ही कह दिया है कि चीन को भारत से जंग लड़ने से पहले इजराईल के साथ मुकाबला करना होगा। चीन की साम्राज्यवादी नीति से त्रस्त हो चुके उसके अन्य पड़ौसी देश भी खुल का भारत के सामर्थ में आ सकते है। सिर्फ पाकिस्तान की चीन के अहसानों के बोझ तले दबा हुआ है और भारत का दुश्मन है इसलिए पाकिस्तान चीन के पक्ष में है लेकिन भारत को इसकी चिंता नहीं है। आज की स्थिति में भारत को दुनिया भर का जो समर्थन मिल रहा है उसे देखते हुए यह कहना अतिश्योक्ती नहीं होगी की भारत एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों के दांत खट्टे कर सकता है। बहरहाल देखना होगा कि चीन अपनी चालबाजियों से तौबा करता है या जंग के हालात निर्मित कर आ बैल मुझे मार वाली कहावत को चारितार्थ करता है।

विचार-

1975 की 26 जून का वह दिन

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अब 45 साल बाद वह दिन फिर याद आया है। उन दिनों मैं नवभारत टाइम्स का सह-संपादक था। गर्मियों की छुट्टियों में अपने शहर इंदौर में था। 26 जून की सुबह-सुबह मैं अपने मित्र कुप्प सी. सुदर्शन से मिलने गया, सियागंज के पास एक अस्पताल में। वे बाद में आरएसएस के सरसंघचालक बने। सुदर्शनजी का पांव टूट गया था। मेरे जाते ही सुदर्शनजी ने अपना ट्रांजिस्टर चलाया। पहली खबर सुनते ही रोंगटे खड़े हो गए। 25 जून की रात को ही आपात्काल की घोषणा हो गई थी और सूर्योदय के पहले जयप्रकाशजी समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। सुदर्शनजी से मिलने के बाद मैं सीधे 'नई दुनिया' के कार्यालय पहुंचा। उसके मालिक लाभचंदजी छजलानी, तिवारीजी, प्रधान संपादक राहुलजी बारपुते, अभयजी छजलानी आदि हम सब लोग एक साथ बैठे और यह तय हुआ कि इस मप्र के सबसे लोकप्रिय अखबार के संपादकीय की जगह खाली छोड़ दी जाए। अखबारों पर पाबंदियों के निर्देश तब तक सबके पास पहुंच गए थे। दोपहर की रेल पकड़कर मैं दिल्ली आ गया। नवभारत टाइम्स के सारे पत्रकारों की बैठक 27 जून को हुई, जिसमें सभी पाबंदियों को पढ़ा गया। हमारे संपादक श्री अक्षयकुमार जैन के कमरे में जाकर मैंने कहा कि मैं अपना इस्तीफा अभी ही देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आपसे राष्ट्रीय राजनीति पर संपादकीय लिखने के लिए कहूंगा ही नहीं। आप अंतरराष्ट्रीय राजनीति के विशेषज्ञ हैं। आप बस, उसी पर लिखते रहिए। आपात्काल के सभी उल्टे-सीधे कामों पर मुझसे वरिष्ठ जो दो सह-संपादक थे, वे ही बराबर तालियां बजाते रहे। तीसरे दिन कुलदीप नय्यरजी ने दिल्ली के प्रेस क्लब में पत्रकारों की एक सभा बुलाई। कुलदीपजी और मैंने आपात्काल की भर्त्सना की। उसके बाद मैंने कहा कि यहां रखे रजिस्टर पर सभी पत्रकार दस्तखत करें। देखते ही देखते हॉल खाली हो गया। मेरे सहपाठी और जनसत्ता के संपादक प्रभाष जोशी का शायद उस रजिस्टर में पहला दस्तखत था। अगले दो-चार दिनों में भारतीय पत्रकारिता की दुनिया ही बदल गई। शास्त्री भवन में बैठे एक मलयाली अफसर को दिखाए बिना किसी अखबार का संपादकीय छप ही नहीं सकता था। बड़े-बड़े तीसरमारखां संपादक नवनीत-लेपन विशारद सिद्ध हो रहे थे। जेल में फंसे और छिपे हुए कई नेताओं से मेरा संपर्क बना हुआ था। अटलजी,चंद्रशेखरजी राजनारायणजी, मधु लिमये, जार्ज फर्नांडिस, बलराज मधोक आदि के संदेश मुझे नियमित मिला करते थे। उस समय के कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों जगजीवन राम, कमलापति त्रिपाठी, प्रकाशचंद सेठी, विद्याचरण शुक्ल आदि से मेरा निजी संपर्क था। सबकी बोलती बंद थी। उन दिनों विद्या भय्या (सूचना मंत्री) और मेरा भाषण जबलपुर विश्वविद्यालय में हुआ था। मैंने आपात्काल की खुलकर आलोचना की। विद्या भय्या मुझसे बात किए बिना चल पड़े। रात को शहर में कई पत्रकार मुझसे गुपचुप मिलने आ गए। 'हिंदुस्तान टाइम्स' के संपादक जॉर्ज वर्गीज का एक दिन फोन आया कि उन्हें और मुझे कल सुबह गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इंदौर में मेरे पिताजी पहले से ही जेल में थे और अपने छात्र-काल में मैं कई बार जेल काट चुका था। मैंने पूरी तैयारी कर ली थी लेकिन कोई पकड़ने आया नहीं। कई और संस्मरण फिर कभी।

चीन की भारत को हिमालायी चुनौती

अंजन रॉय

> वास्तव में, भारत के प्रति चीन की अड़ियल दुश्मनी वैश्विक प्रवचन में भारत के वजन का प्रतिबिंब है। आज, चीन भारत के साथ दुर्गम लद्दाख क्षेत्र और उत्तरी सिक्किम में भूमि के छोटे स्लाइस के लिए लड़ रहा है। चीन निश्चित रूप से जानता है कि सामरिक दृष्टि से, यह हिमालयी इलाके में पर्याप्त जमीन हासिल करने के लिए कोई केकवाक नहीं होगा। यह संभवतः केवल पहला दौर है। इसकी अगली चाल हिंद महासागर में आएगी। चीन मुख्य भूमि से दूर अपनी शक्ति का अनुमान लगाने के लिए जहाजों के अपने फ्लोटिला का निर्माण कर रहा है। पाकिस्तान में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का व्यापक उद्देश्य अरब सागर तक अपनी महत्वपूर्ण सड़क सुविधा काराकोरम से पहुँचाना है। चीन इसी उद्देश्य से पाकिस्तान के ग्वादर में बंदरगाह का निर्माण कर रहा है। एक बार जब ग्वादर कार्यात्मक हो जाता है, चीन उस क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण नौसैनिक संसाधनों को तैनात करने की स्थिति में होगा और फिर अरब सागर तक पहुंच प्राप्त कर लेगा।

किसी भी चीज से भारतीय सेना के बीस युवा जीवन की क्षति की भरपाई नहीं की जा सकती है, लेकिन भारत की हिमालय सीमा पर घटित इस प्रकरण ने वैश्विक भू-राजनीतिक कथा में एक अच्छा बदलाव किया है। चीन अब एक वैश्विक शक्ति है, और वह भारत को एशिया में अपने प्रमुख स्थान प्राप्त करने की दिशा में अपनी सबसे बड़ी ठोकर मानता है।

कुछ समय पहले, जैसा कि कई लोग याद करेंगे, भारत का पाकिस्तान के साथ तुलना हुआ करती थी और अमेरिकी रणनीति भारत बनाम पाकिस्तान की तुलना से बनती थी। अब संयुक्त राज्य अमेरिका भारत को फिर से एशिया में सबसे महत्वपूर्ण देश चीन की शक्ति को संतुलित करने की दृष्टि से देख रहा है। यह भारत के लिए कोई छोटा लाभ नहीं है। बरसों पहले, मेरे एक जापानी मित्र ने मुझसे कहा था ÷तुम भारतीय हमेशा पाकिस्तान से लड़ते हो। यह छोटी बात है। अगर आपको लड़ना है, तो अमेरिकियों से लड़ें जैसा हमने किया था। और फिर, अपने खेल में उन्हें हराने के लिए फिर से उठें। ÷ जापान एक दशक से अधिक समय तक संयुक्त राज्य अमेरिका के संपूर्ण आर्थिक प्रवचन पर हावी रहा जब जापानी उत्पादकों द्वारा अमेरिकी कार कंपनियों को उनके घरेलू मैदान में बाहर किया जा रहा था।

इसके बाद, उच्च प्रौद्योगिकी के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स में जापानी अपने व्यापार अधिशेष को बढ़ाने के लिए अमेरिका के ऊपर बढ़त स्कोर कर रहे थे। यह याद रखना मुश्किल था कि पच्चीस साल पहले जापान अमेरिका के परमाणु बमों की चपेट में आ गया था। यह तब जापान था जिसने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की उच्च तालिका में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था। इसने ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और जर्मनी को पीछे छोड़ दिया।

वास्तव में, भारत के प्रति चीन की अड़ियल दुश्मनी वैश्विक प्रवचन में भारत के वजन का प्रतिबिंब है। आज, चीन भारत के साथ दुर्गम लद्दाख क्षेत्र और उत्तरी सिक्किम में भूमि के छोटे स्लाइस के लिए लड़ रहा है। चीन निश्चित रूप से जानता है कि सामरिक दृष्टि से, यह हिमालयी इलाके में पर्याप्त जमीन हासिल करने के लिए कोई केकवाक नहीं होगा। यह संभवतः केवल पहला दौर है। इसकी अगली चाल हिंद महासागर में आएगी। चीन मुख्य भूमि से दूर अपनी शक्ति का अनुमान लगाने के लिए जहाजों के अपने फ्लोटिला का निर्माण कर रहा है। पाकिस्तान में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का व्यापक उद्देश्य अरब सागर तक अपनी महत्वपूर्ण सड़क सुविधा काराकोरम से पहुँचाना है। चीन इसी उद्देश्य से पाकिस्तान के ग्वादर में बंदरगाह का निर्माण कर रहा है। एक बार जब ग्वादर कार्यात्मक हो जाता है, चीन उस क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण नौसैनिक संसाधनों को तैनात करने की स्थिति में होगा और फिर अरब सागर तक पहुंच प्राप्त कर

> अब तक, भारत चीन के खतरे को पूरा करने के लिए अपने रणनीतिक आंदोलनों में रूस से केवल जुबानी जमा खर्च की उम्मीद कर सकता है। पश्चिमी दुनिया के आम तौर पर रूस के प्रति रवैये और एक तानाशाही व्यवस्था के प्रति उसके स्वभाव के साथ रूस चीन के साथ मिलकर बना हुआ है। इस सप्ताह, रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने रूस की विजय परेड में भाग लिया था, जिससे रूसी गर्व का अनुभव हुआ। उन्होंने तुरंत ही अच्छी संख्या में विमानों की आपूर्ति के वादे भी किए हैं और हार्डवेयर शेयरों के लिए पर्याप्त सैन्य पुर्जों की भी व्यवस्था की है जो पहले से ही भारतीय रक्षा सेवाओं के साथ हैं। ऐसी वस्तुओं को बेचना रूस के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि ये आदेश उस देश के बीमार रक्षा उत्पादन उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। भारत का उपयोग रूसी रक्षा वस्तुओं और उनके संचालन के लिए किया गया है। इसलिए, इस बिंदु पर ऐसी पूरक सामग्री प्राप्त करना आवश्यक होगा।

लेगा। भारत के व्यापार मार्ग और महत्वपूर्ण समुद्री लिंक जल के माध्यम से चलते हैं और इसलिए इस आसन्न खतरे को सामना करने के लिए क्षमता का निर्माण शुरू करना बहुत महत्वपूर्ण होगा।

ग्वादर बड़े महत्व का है क्योंकि यह अंततः उस देश के पश्चिमी हिस्सों में चीनी हिंडलैंड के साथ सड़क मार्ग से जुड़ेगा। इन हिस्सों में पहले से ही सैन्य ठिकाने हैं और ये तब आसानी से अरब सागर और अंततः हिंद महासागर में अपने आउटलेट से जुड़ सकते हैं। यह रूसी साम्राज्य के लिए काला सागर क्षेत्र में क्रीमिया की तरह है। उन्नीसवीं शताब्दी के ठीक बाद, क्रीमिया रूस के लिए बड. महत्व का था और यूक्रेन के व्लादिमीर पुतिन के आक्रमण को क्रीमिया के माध्यम से खुले पानी में रणनीतिक पहुंच प्राप्त करने के उद्देश्य से संचालित किया गया था।

अब तक, भारत चीन के खतरे को पूरा करने के लिए अपने रणनीतिक आंदोलनों में रूस से केवल जुबानी जमा खर्च की उम्मीद कर सकता है। पश्चिमी दुनिया के आम तौर पर रूस के प्रति रवैये और एक तानाशाही व्यवस्था के प्रति उसके स्वभाव के साथ रूस चीन के साथ मिलकर बना हुआ है। इस सप्ताह, रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने रूस की विजय परेड में भाग लिया था, जिससे रूसी गर्व का अनुभव हुआ। उन्होंने तुरंत ही अच्छी संख्या में विमानों की आपूर्ति के वादे भी किए हैं और हार्डवेयर शेयरों के लिए पर्याप्त सैन्य पुर्जों की भी व्यवस्था की है जो पहले से ही भारतीय रक्षा सेवाओं के साथ हैं।

ऐसी वस्तुओं को बेचना रूस के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि ये आदेश उस देश के बीमार रक्षा उत्पादन उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। भारत का उपयोग रूसी रक्षा वस्तुओं और उनके संचालन के लिए किया गया है। इसलिए, इस बिंदु पर ऐसी पूरक सामग्री प्राप्त करना आवश्यक होगा। हालांकि, भारत को अपने अंडे कई पेटियों में डालना शुरू करना चाहिए। सौभाग्य से, हमारे हितों को सुरक्षित रखने वाला ऐसे विकल्प पहले से कहीं अधिक है। कई अन्य देश चीन की घोर शत्रुता के कारण अब भारत के साथ सामरिक रूप से शामिल होने के लिए तैयार हैं। जापान चीनी खतरे से असुरक्षित महसूस कर रहा है। इसने चीन के साथ अपनी बेचैनी का तब खुला इजहार किया था जब उसने चीन के साथ आधार शिफ्टिंग के लिए अपनी कंपनियों के लिए 200 बिलियन डॉलर के कोष की घोषणा की थी। वर्तमान में, सेनकाकू द्वीप समूह पर चीन के साथ जापान का लंबे समय से विवाद चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह चीन और जापान के बीच सशस्त्र टकराव का अगला फ्लैश पॉइंट हो सकता है। सेनकाकू हिमालयी सीमाओं की तुलना में चीन के लिए और भी अधिक संवेदनशील है। वियतनाम से लेकर ब्रूनेई तक के अन्य लोगों के साथ-साथ जापान को दक्षिण चीन सागर पर भी खतरा है। और ये सभी संयुक्त राज्य अमेरिका के संरक्षण में हैं।

– (संवाद)

गूगल-एपल मिलकर तोड़ेंगे संक्रमण की चेन!

योगेश कुमार गोयल

> एपल तथा गूगल का कहना है कि प्राइवेसी और सरकार द्वारा लोगों के डाटा को इस्तेमाल करने से बचाना उनकी प्राथमिकता है। दरअसल यह सिस्टम ब्लूटूथ सिग्नल के जरिये ही काम करेगा और इसमें यूजर्स की निजता भंग होने से बचाने के लिए जीपीएस लोकेशन तथा उसके डाटा के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक रहेगी। हालांकि यह केवल एक प्लेटफॉर्म है, कोई एप नहीं और इसे दुनियाभर की स्वास्थ्य एजेंसियां अपने एप के साथ जोड़ सकती हैं। एपल के सीईओ टिम कुक के मुताबिक यह तकनीक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए कोरोना संक्रमितों की पहचान करने में मददगार साबित होगी।

पिछले कुछ महीनों से विभिन्न देशों द्वारा कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। कई देशों ने लॉकडाउन को एक कारगर हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया तो कईयों ने इसके लिए आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया है। संक्रमण की चेन तोड़ने के इन्हीं प्रयासों में ऐसी आधुनिक तकनीकों में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा कुछ मोबाइल एप के जरिये करोड़ों लोगों की पल-पल ट्रैकिंग किया जाना भी शामिल है। विश्व बैंक की दक्षिण आर्थिक केन्द्रित रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि कोरोना के प्रसार की निगरानी के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है तथा बड़े पैमाने पर आबादी को शिक्षित करने और संक्रमण को ट्रेस करने में ये तकनीकें मददगार हो सकती हैं। भारत में कोरोना पर नियंत्रण पाने के लिए जहां 'आरोग्य सेतु एप' का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं दुनिया के कई अन्य देश भी ऐसी ही अलग-अलग तकनीकों के सहारे कोरोना पर लगाम कसने के प्रयासों में जुटे हैं। सिंगापुर तथा ताइवान में सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल एप तथा क्यूआर स्कैन कोड के जरिये नए आगंतुकों की सतत निगरानी की जा रही है जबकि चीन के कई शहरों में हैल्थ कोड सिस्टम का प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें कलर कोड के माध्यम से कोरोना संक्रमण के खतरे के स्तर का पता लगाया जाता है।

कोरोना से जंग में संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए गूगल तथा एपल जैसी दुनिया की प्रख्यात टैक कम्पनियां भी मैदान में कूद चुकी हैं। दोनों कम्पनियों ने स्मार्टफोन के लिए एक ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया है, जो कांटैक्ट ट्रेसिंग में मदद करने के साथ यूजर्स को सूचित भी करेगा कि वे कोविड-19 संक्रमित व्यक्तियों के सम्पर्क में आए हैं या नहीं। एपल तथा गूगल द्वारा मिलकर एक ऐसा विशेष प्लेटफॉर्म 'एक्सपोजर नोटिफिकेशन एपीआई कांटैक्ट ट्रेसिंग' भी लांच किया जा चुका है, जिससे कोरोना संक्रमितों का पता लगाना आसान हो जाएगा। यह प्लेटफॉर्म ऐसे लोगों के सम्पर्क में आने वालों को चेतावनी भेजेगा। 22 देश तथा अमेरिका के

कई राज्य इस प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल करने की इजाजत मांग चुके हैं। किसी भी देश की सरकार ही अपनी एप को इस प्लेटफॉर्म से जोड़ सकती है और इसका इस्तेमाल सरकार तथा उसका स्वास्थ्य विभाग ही कर सकता है।

एपल तथा गूगल का कहना है कि प्राइवेसी और सरकार द्वारा लोगों के डाटा को इस्तेमाल करने से बचाना उनकी प्राथमिकता है। दरअसल यह सिस्टम ब्लूटूथ सिग्नल के जरिये ही काम करेगा और इसमें यूजर्स की निजता भंग होने से बचाने के लिए जीपीएस लोकेशन तथा उसके डाटा के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक रहेगी। हालांकि यह केवल एक प्लेटफॉर्म है, कोई एप नहीं और इसे दुनियाभर की स्वास्थ्य एजेंसियां अपने एप के साथ जोड़ सकती हैं। एपल के सीईओ टिम कुक के मुताबिक यह तकनीक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए कोरोना संक्रमितों की पहचान करने में मददगार साबित होगी। वैसे भारत के इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह का कहना है कि भारत का आरोग्य सेतु एप इससे कहीं ज्यादा समृद्ध है।

मैप्स की मदद से गूगल अब ऐसी व्यवस्था भी बना रहा है, जिससे यूजर्स जान सकेंगे कि किस सड़क पर अथवा बिल्डिंग में कितनी भीड़ है ताकि लोग वहां जाने को लेकर निर्णय कर सकें। सरकारें इसका उपयोग यह जानने में कर सकती हैं कि सोशल डिस्टेंसिंग का सही तरीके से पालन हो रहा है या नहीं। पहले से ही दुनियाभर में करोड़ों यूजर्स की गतिविधियों को ट्रैक करती रही गूगल, फेसबुक तथा ऐसी ही कुछ जानी-मानी कम्पनियों की मदद से अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी 'माई हैल्थ' नामक एक एप बना रहा है। इस एप की मदद से डब्ल्यूएचओ बताने में सक्षम हो सकेगा कि कहां-कहां बीमारियां फैल चुकी हैं और कहां फैलने वाली हैं। बहरहाल, दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ले चुके कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है लेकिन कई स्थानों पर इसके लिए उपयोग रही एप के जरिये डाटा और निजता की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में तकनीक के सहारे कोरोना पर प्रहार करने के लिए विभिन्न एप का इस्तेमाल करते हुए डाटा और निजता की सुरक्षा को लेकर भी तमाम सरकारों द्वारा अपेक्षित कदम उठाए जाने चाहिएं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अलविदा आम जामुन

अलविदा आम जामुन तुम आये जी ललचाये, बहुत ललचाये मन करे कि,जम के खाये मेरा दुर्ग-भिलाई सबको भाये ट्विन सिटी,शिक्षाधानी कहलाये जो भी यहाँ आये,लौट के न जाये बसते यही,यही के हो जाये रहते संग संग बनाते स्टील न कोई धर्म न कोई जात निभाये बस इस्पाती धर्म निभाये? – **शत्रुंजय तिवारी**

उन्हें अभिमान है

उन्हें अभिमान है कि वो आसमान हैं कि उनके पास है एक विस्तृत क्षेत्रफल जिसमें लम्बाई है और है एक अदद चौड़ाई भी किंतु गहराई की नितांत कमी है उनकी यही कमजोरी हमारी सबसे बड़ी ताकत है कि वो हमें डरा तो सकते हैं मगर किंचित् डुबा नही सकते जी हाँ! डुबा नही सकते। – **ममता अमर**

खास पाती

पास उसके न हौसला होगा

पास उसके न हौसला होगा इसलिए दूर भागता होगा क्यूँ चले आते हैं करीब ये ग़म कुछ तो आने का क़ाएदा होगा देखकर मुस्कराया है ग़र वो कुछ न कुछ उस से राब्ता होगा जी चुराओगे काम से जो अगर जीस्त में फिर न मोजज़ा होगा आग इक तरफा तो नहीं है ये वो भी रातों में जागता होगा हार दिखने लगी है अब तो उसे राह बचने की ढूंढता होगा उस गली जाना ही नहीं, वरना फिर खड़ा कोई मसअला होगा।

– **सुरेश पंसारी**

ऐसे ऐसे सीरियल दिखा रहे

ऐसे ऐसे सीरियल , दिखा रहे हैं रोज । मोरल वोरल कुछ नहीं , षड़यंत्रों की डोज ।। सास बहू की जंग की , ऐसी चलती रेल । संस्कार सब हवा हुए , खेले घटिया खेल ।। पौराणिक तो नाम है , रोज लगाते वाट । दिखे नहीं इतिहास की , दूर दूर तक खाट ।। ऐसी तैसी कर रहे , नैतिकता की आज । रोज रोज हम देखते , हुई कोढ़ में खाज।

– **नवीन गौतम**

अब्र तेरी जुल्फों से घबराता है

अब्र तेरी जुल्फ़ों से घबराता है, चांद तुझको देख कर छिप जाता है। बारिशों का कारवां तेरा गुलाम, बादलों को बेवजह भटकाता है। इश्क़ में खुद्दारी अब दिखती नहीं, हुस्न के आगे सदा बिछ जाता है। दर्दो- ग़म आंसू सुकूं देते हैं अब, तन्हा रहना ही मुझे भाता है। जब से दरवेशी मैंने अपना ली है, दर्दे-दौलत अब कहां तड़पाता है।

– **डॉ संजय दानी**

विपदा से ग्रस्त देश धरें कर्म

विपदा से ग्रस्त देश,धरें कर्म योगी वेश देश हित सोच मनु, धरम निभाइए। स्वच्छ रखें कर घर, करोना पे हो नज़र दूर से नमन करें, हाथ ना मिलाइए। राजशी है आव्हान मिल करें अनुष्ठान रोग विष धर इसे, मार के भगाइए। जीतनी हमें है जंग, बनिए न जयचंद नाहक विरोध कर, गाल ना बजाइए।

– **सतीश मैथिल तनुज**

वक़्त वक़्त की बात है सरकार

वक़्त वक़्त की बात है सरकार गिराने की हिम्मत रखने वाला प्याज कभी खुद ही गिर जाता है 100 रुपये किलो बिकने वाला प्याज आज 100 रुपये में 6 किलो मिल रहा बस ऐसे ही है इस दुनियां में कब किसकी कीमत चढ़ जाए कब किसकी कीमत गिर जाए।

– **सुंनिता बिंदल**

मनुष्य अकेला जीवन व्यतीत नहीं

मनुष्य अकेला जीवन व्यतीत नहीं कर सकता, उसे हर हाल में समाज की जरूरत होती है; इसलिए जीवन-पथ पर उसे लोगो के सहयोग लेने और देने की आवश्यकता पड़ती है। सिर्फस्वार्थी प्रवृति के लोग केवल अपने हित की चिंता करते हैं।

– **कुसुम शुक्ला**

इस साल.हर कोई अपने आप

इस साल.हर कोई अपने आप में एक युद्ध लड़ रहा है नकारात्मकता और सकारात्मकता के बीच और जब भगवान जी परीक्षा इतनी कठिन होनी है तो सिलेबस तो भेज ही दो बाकि पेपर तो आप अपनी मर्जी से तैयार किये हो। – **मीना सोनी**

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) दलित साहित्य में 'जूठन' आत्मकथा के लेखक कौन है?
(क) मोहनदास नैमिशराय (ख) ओमप्रकाश वाल्मीकि (ग) तुलसीदास (घ) दयापवार

2) प्रथम विश्व युद्ध का तत्कालिक कारण था-

3) निम्नलिखित में से ओम चालक कौन-सा है? (सिल्वर / सिलिकॉन)

4) ट्रैविस कलानिक एवं गैरेट कैप 2009 में किस कंपनी की स्थापना की?

5) भारतीय शास्त्रीय गायक का नाम बताइए जिनका संबंध उत्तरप्रदेश से है?

उत्तरमाला- (1) ओमप्रकाश वाल्मीकि (2) फर्डिनेंड की सराजेवो में हत्या (3) सिल्वर (4) उबर कैब (5) पंडित छन्नूलाल मिश्रा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1693 - लंदन में पहली महिला पत्रिका 'लेडीज मरकरी' का प्रकाशन। 1759 - ब्रिटेन के सेना अधिकारी जनरल जेम्स वोल्फ ने क्यूबेक पर कब्जा करने के अभियान की शुरुआत की। 1867 - बैंक ऑफ कैलिफॉर्निया का संचालन शुरू। 1893 - पंजाब के महाराज रंजीत सिंह का निधन। 1914 - अमेरिका ने इथियोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किये। 1939 - प्रसिद्ध संगीतकार एवं अभिनेता राहुल देव बर्मन का जन्म। 1940 - सोवियत सेना ने रोमानिया पर हमला किया। 1957 - अमेरिका के लुसियाना और टेक्सास में आंद्रे तूफान से 526 लोगों की मौत। 1964 - तीन मूर्ति भवन को नेहरू संग्रहालय बनाया गया। 1967 - लंदन के एनफील्ड में विश्व का पहला एटीएम स्थापित किया गया।

4 मेडिकल स्टाफ सहित 13 कोरोना पॉजीटिव

निजी अस्पताल की लेडी डाक्टर भी शामिल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में कोरोना से प्रभावित लोगों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। शुक्रवार को जिले में चार मेडिकल स्टाफ के साथ 12 कोरोना पॉजीटिव मिले। इस तरह जिले में अब तक 123 कोरोना पॉजीटिव मिल चुके है। जिले में शुक्रवार को कोरोना के 12 नए मरीज की पहचान हुई। 12 में 4 मेडिकल स्टाफ और 7 बीएसएफ के जवान व एक अन्य युवती शामिल है। एक परपोड़ी से भी कोरोना पॉजीटिव मिला है। इन्हे जुनवानी स्थित कोविड 19 अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने इसकी पुष्टी की है। जानकारी के मुताबिक इसमें बीएम शाह अस्पताल की एक लेडी डाक्टर व उसकी एक मेडिकल स्टाप शामिल है। इसी प्रकार स्पर्श हास्पिटल के दो मेडिकल स्टाप की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है। ये सभी क्वारंटाईन में थे। इसके अतिरिक्त सात बीएसएफ के जवान कोरोना से प्रभावित पाए गए है। ये भी क्वारंटीन सेंटर में थे। केम्प वन में एक व्यक्ति के अलावा विवेकानंद नगर की एक महिला कोरोना संक्रमित पाई गई है। वही दूसरी ओर कोविड-19 हास्पिटल जुनवानी से चार मरीजों को गुरुवार को डिस्चार्ज किया गया इसमें तीन दुर्ग के एक बेमेतरा जिले से है। नेवई और महेश कालोनी दुर्ग की कोरोना संक्रमित महिला सहित बीएसएफ के जवान को डिस्चार्ज किया गया है। ये सभी इलाज के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है।

कन्टेन्मेंट जोन घोषित

जिले के अन्तर्गत ग्राम धूमा तहसील पाटन जिला दुर्ग में एक नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने से क्षेत्रों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया है। उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित करने के परिणामस्वरूप कन्टेनमेंट जोन में चिन्हांकित क्षेत्र में सभी प्रकार के दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेगी। इसके अलावा सभी प्रकार की वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारण से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। उक्त क्षेत्र की निगरानी पुलिस विभाग के द्वारा पेट्रोलिंग कर की जावेगी। जिला चिकित्सालय व स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी के साथ ही निर्देशानुसार सेम्पल की जांच की जायेगी।

जोन से विमुक्त

जिले के ग्राम चरोदा वार्ड 23 नवीन नगर चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग एवं ग्राम औंधी तहसील पाटन जिला दुर्ग में कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के उपरांत उक्त क्षेत्र में कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था। उक्त क्षेत्र में वर्तमान में कोई भी नए पॉजिटिव केस नहीं आये है। अतः कंटेनमेंट जोन की अधिसूचना को समाप्त करते हुए चिन्हित क्षेत्र को निम्न निर्देशों के साथ विमुक्त किया जाता है। उक्त कंटेनमेंट क्षेत्र में जिन व्यक्तियों को होम क्वारंटाईन किया गया है उनके क्वारंटाईन अवधि तक यथास्थिति बनी रहेगी। चिन्हांकित क्षेत्र अंतर्गत सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान शासन के नियमानुसार संचालित होंगे।

वार्डों का वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेश के तहत तथा अपर कलेक्टर एवं निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा अपने वार्डों के कंटटेनमेंट जोन तथा वाणिज्यि क्षेत्रों का गत दो दिनों से वृहद स्तर पर सैनेटाइजेशन व कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। श्री सर्वे के निर्देश पर स्वास्थ्य अमला द्वारा प्रगतिनगर रोड, आजाद मार्केट, कृष्णा टॉकीज रोड तथा मैत्रीकुंज रोड के दुकानों के अलावा कंटेटेमेंट जोन सेक्टर, इस्पात नगर, भाठा, मौहारी मरौदा, नेवई का संपूर्ण क्षेत्र व वार्डों के पीडीएस भवनों तथा नेवई स्थित छग तकनीकि स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय का ट्रेक्टर टैंकर एवं

हैंड स्प्रे के माध्यम से वृहद स्तर पर सोडियम क्लोराइड दवाई का छिड़काव किया। सैनेटाइजेशन के साथ क्षेत्रों के नालियों का सफाई कर ब्लिचिंग एवं कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया। देश में ऑनलाक की घोषणा के बीच अन्य राज्यों से प्रवासी श्रमिकों का लगातार आवाजाही तथा केन्द्र और राज्य शासन द्वारा कोरोना गाईडलाईन में शिथिलता देने तथा वाणिज्यिक क्षेत्रों में लोगों की बढ़ती आवाजाही से कोरोना पॉजेटिव मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार प्रदेश सहित जिले में जारी है। लोगों द्वारा शासन के गाईडलाईन का उल्लंघन करने के बीच गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश व निगम प्रशासन द्वारा संक्रमित वायरस के रोकथाम और नियंत्रण हेतु वे सभी उपायों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है जिससे कि लोगों को संक्रमित महामारी से बचाया जा सके।

न्यूज गैलरी

20 कर्मचारियों का लिया गया सैंपल

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में कोरोना वारियर्स के रूप में काम कर रहे 20 सफाई कर्मियों का आज कोरोना जांच के लिए सेंपल लिया गया। लॉकडाउन के दौरान वार्डों में लगातार सफाई कार्य में जुटे हुए कर्मियों पर किसी प्रकार का संक्रमण न फैले इसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरटीपीसीआर के रेंडम जांच के लिए स्वेब का सेंपल कर जांच हेतु भेजा है। कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु फील्ड में तैनात कर्मचारियों का रैन्डम जांच किया जा रहा है। जोन 03 व जोन 04 के कर्मचारियों का नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के जांच के लिए सैंपल लिए गए।

टीम बनाकर करें कार्रवाई : कलेक्टर

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार नजर रखने तथा ऐसी स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनिज एराजस्व पुलिसवन और पर्यावरण विभाग की बैठक लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस व आरटीओ का सहयोग लें तथा वन चैकियों पर भी वाहनों की जांच हो।

पट्टाधारियों को नहीं मिलेगा मालिकाना हक

भाजयुमो ने जताई नाराजगी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राजीव नगर क्षेत्र के 50 से अधिक गरीब परिवारों को उनके काबिज जमीन पर मालिकाना हक प्रदान करने जिला व निगम प्रशासन द्वारा कलेक्टर गाईड लाईन दर से एक सप्ताह के भीतर 152 प्रतिशत कि राशि जमा करने दिए नोटिस का जवाब देने जिला भाजयुमो अध्यक्ष दिनेश देवांगन व पार्षद नरेंद्र बंजारे के नेतृत्व में तहसील पहुंचे गरीबों को आज उस समय तगड़ा झटका लग गया जब उन्हें अनुविभागीय अधिकारी खोम लाल वर्मा द्वारा बताया गया कि उन्हें उक्त जमीन पर न ही कभी पट्टा दिया जा सकता है और न ही मालिकाना हक क्योंकि वह जमीन शासकीय रिकार्ड में दीनबंधु तालाब पैठू है जल में किसी प्रकार की आवासीय लाभ नहीं दिया जा सकता और गलती से राशि जमा करने नोटिस चला गया है जिसे प्रशासन अब वापस लेगी। इस संबध में जिला भाजयुमो अध्यक्ष एवं उक्त वार्ड के पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 4 राजीव नगर के बड़े भू भाग में 5 सौ अधिक श्रमिक परिवार निवास करते है जिसमें से अधिकांश लोगों को 1998 में आवासीय पट्टा दिया है और इनमें से 125 से अधिक पट्टाधारियों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्तमान में पक्का मकान भी बन गया है किन्तु कई ऐसे परिवार जो उसी क्षेत्र में वर्षों से झुग्गी बनाकर रहते आ रहे है उन्हें शासकीय रूप से पट्टा नहीं मिल पाया था ऐसे लोगो का राज्य सरकार द्वारा निगम चुनाव पूर्व शासकीय भूमि में काबिज लोगो को पट्टा प्रदान करने चलाए गए अभियान के तहत बकायदा आवेदन लेकर जिला प्रशासन के पटवारी आरआई व निगम अधिकारियों द्वारा सर्वे कर भूमिपत्रक देने सूचीबद्ध किया था जिसके 10 माह बाद अब राज्य सरकार के नए नियम के तहत सरकारी जमीन में काबिज लोगो को स्वामित्व प्रदान करने वर्तमान गाइड लाइन दर से 152 प्रतिशत अधिक राशि जमा करने एक सप्ताह का नोटिस से दिया। जिसमें राजीवनगर 50, गयानगर 5 मठपारा के 20 से अधिक गरीब परिवारों शामिल है।

दिल्ली के युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज

दुर्ग। नई दिल्ली की फार्चयुन ब्रांड इमेज इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर द्वारा ई.मेल के जरिए दुर्ग में संचालित आरके एसोसिएट्स एण्ड होटलियर्स प्रा.लि.को कंपनी की छवि धूमिल करने की धमकी देकर रकम वसूली व अतिरिक्त रकम वसूली के लिए लगातार दबाव बनाना महंगा पड़ा है। इस कृत्य के लिए आरके एसोसिएट्स एण्ड होटलियर्स प्राण्लिण्के प्रतिनिधि राकेश रोशन की रिपोर्ट पर मोहन नगर पुलिस द्वारा फार्चयुन ब्रांड इमेज इंडिया लिमिटेड के डायरेक्टर राजेश थपलियाल के विरूद्ध धारा 385 के तहत जुर्म दर्ज प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

डॉक्टर को नकली नोट खपाते व्यापारियों ने पकड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। इंदिरा मार्केट हटरी बाजार स्थित चावल लाइन के व्यापारियों ने एक व्यक्ति को नकली नोट खपाने के संदेह में पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुर्पुद किया। जब पुलिस ने मामले की जांच की तो व्यापारियों की बात सही निकली। पकड़ा गया डॉ. दिनेश हीरा गयानगर का निवासी बताया गया है। उसके घर से भी पुलिस ने नकली नोट बरामद किए है। डॉ. हीरा पिछले 10 वर्षो से गयानगर क्षेत्र में आयुर्वेदिक क्लिनिक का संचालन कर रहा था। पुलिस जांच में क्लिनिक की आड़ में डॉक्टर द्वारा नकली नोट प्रिंट किए जाने का पता चला है। खबर है कि डॉक्टर के निशानदेही पर पुलिस को 2 हजार, 5 सौ, 2 सौ व सौ के नकली नोट मिले है। सीएसपी विवेक शुक्ला ने बताया कि डॉक्टर से पुलिस की पूछताछ जारी है। जिससे मामले में अन्य विषयों पर भी खुलासा होने की संभावना बनी हुई है। बताया गया है कि चावल लाइन में पिछले लंबे समय से नकली नोट की शिकायत सामने आ रही थी। जिससे व्यापारी परेशान थे। बताया गया है कि डॉक्टर अक्सर चावल लाइन के व्यापारियों से खाद्य सामग्री खरीदता था। जिससे व्यापारियों को उस पर शक हुआ और उसे पकड़ कर पुलिस के सुर्पुद किया।

दो दुकानों में एक साथ चोरी की वारदात

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट स्थित जय शदाणी मोबाइल दुकान एवं साईनाथ बिस्कुट भंडार में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरो ने दोनो दुकानों में शटर को बीचों बीच से सब्बल के सहारे उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दी है। दुकानों में ताला ज्यों का त्यों लगे हुए थे। दोनों दुकान को मिलकर कुल चोरी 70 हजार रुपए की बताई जा रही है। जिसमें मोबाइल फोनए एसेसरिस एवं नगदी रकम शामिल है। इस बीच क्षेत्र में दो दुकानों में एक साथ चोरी की घटना से व्यवसाईयों में दहशत का माहौल है। शदाणी मोबाइल के संचालक गौरव कुकरेजा एवं साईनाथ बिस्कुट भंडार के संचालक आशीष रत्नानी ने बताया कि सुबह 7 बजे उन्हें किसी के माध्यम से पता चला कि उनके दुकान का शटर टुटा हुआ है। इस पर वे तत्काल दुकान पहुंच कर देखा तो उनके दुकान का शटर किसी अज्ञात चोरों ने शटर को बीच से कब्बल के सहारे उठाकर अंदर घुस कर सामानों की चोरी कर ली है। घटना की जानकारी उन्होने तुरंत 112 की दी। पेट्रोलिंग पुलिस ने इसकी सूचना दुर्ग पुलिस को दी। दुकान की ताला खुलने के बाद दुकान के अंदर लगी फुटेज कैमरा से पता चला कि अज्ञात चोर दो लोग थेए जो मुंह में गमछा बांधे हुए थे। जिससे उनको पहचानना मुश्किल है।

अतिक्रमण को निगम ने किया ध्वस्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र के जुनवानी रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया। बिना कोई अनुमति गुमटी लगाने और बांस बल्ली से अवैध कब्जा पर निगम की टीम बेदखली की कार्यवाही की। क्षेत्र में अवैध कब्जा या अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए है। आदेश के परिपालन में जोन 01 नेहरू नगर की टीम आज शंकरचार्य कॉलेज के पास बिना अनुमति गुमटी लगाने वाले को हटाने तथा झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा करने वालों को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया। एक अतिक्रमणधारी ने तोड़फोड़ के नुकसान से बचने एक दिन के भीतर कब्जा हटाने लिखित में दिया। जोन एआरओ विनोद चंद्राकर ने बताया कि जुनवानी रोड में अवैध कब्जे की शिकायत मिली थीए जिस पर जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरि के अगुवाई में शंकराचार्य कॉलेज के पास राजस्व विभाग का अमला पहुंचा जहां कुछ लोगों के द्वारा मुख्य सड़क किनारे बांस बल्ली से झोपड़ीनुमा बनाया गया था जहां अस्थाई रूप से मोटर मैकेनिक व गैरेज का काम कर रहे थे जिसे जेसीबी से तोड़कर बेदखल किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400679

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष प्रजापति श्री पचासी राम पाड़े निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम करहीडीह प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 365/32 रकबा 0.021 हें/ 2240 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400900

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विन्सेट मसीह आ. आनंद मसीह निवासी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 610/34 रकबा 0.026 हें/ 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400903

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक विन्सेट मसीह आ. आनंद मसीह निवासी भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 610/53 रकबा 0.026 हें/ 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400870

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती असमती बाई पति स्व. ईश्वर लाल निवासी बैजनाथपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 25 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 545/11 रकबा 0.005 हें/ 585 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती टिकेश्वरी चुरेन्द्र — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202006100400846

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती टिकेश्वरी चुरेन्द्र पति श्री एस.एन. चुरेन्द्र निवासी स्टेट बैंक कालोनी सेक्टर 06 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	642/48	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कौशल कुमार व अन्य आ. गंगाराम साकिन मचांदुर के द्वारा ग्राम मचांदुर प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर कुल 04 रकबा 0.860, 0.260, 0.420, 0.400 हे. भूमि हकत्याग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 25.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक तारकेश्वर, कौशल आ. गंगाराम साकिन मचांदुर के द्वारा ग्राम मचांदुर प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1115/3 रकबा 0.220 हे. भूमि दान पत्र से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 09.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 25.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका धनेश्वरी हरमुख पति लिकेश्वर हरमुख साकिन निकुम के द्वारा ग्राम निकुम प.ह.न. 33 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 345/4 रकबा 0.22 हे. भूमि विक्रेता धनेश्वरी हरमुख से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.04.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 30.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 11.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-6/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश राव ठवरे पिता स्व. कृष्णाकात ठवरे निवासी मैत्री विहार कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 746/9 रकबा 0.020 हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मंजू धीर अन्य 1 पिता/ पति अशोक कुमार धीर के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 07.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभयराम साहू पिता हिरदेराम साहू निवासी बोरई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके माता धीर बाई के नाम पर ग्राम बोरई प.ह.नं. 03 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 416, 611/2, 612/2 रकबा 0.55, 0.37, 0.18 हे. भूमि एकल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार धीरबाई की मृत्यु दिनांक 05.06.2019 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार की विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 30.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.06.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1071/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जुगवती यादव पति स्व. पंचराम यादव निवासी राजीव नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 737/61 रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रामेश्वर आ. पंचराम यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./1070/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती जुगवती यादव पति स्व. पंचराम यादव निवासी राजीव नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 889/29 रकबा 0.0060 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रामेश्वर आ. पंचराम यादव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06 अ/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमकुमार पिता स्व. श्री रामसहाय निवासी मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 786/1, 790/2, 797/3, 8/7 रकबा 0.295, 0.162, 0.243, 0.217 हे. भूमि आवेदक द्वारा क्रय की गई भूमि है। जिसमें खसरा नं. 790/2 रकबा 0.162 हे. भूमि त्रुटिवश पटवारी अभिलेख में छूट गया है जिसे दर्ज करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलागर प्रसाद पिता स्व. निजलाल यादव निवासी रामनगर उरला रोड दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.न. 278/18 रकबा 0.0300 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार गणेशराम एवं अन्य पिता सुनहरराम से दिनांक.. को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा / आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्व्यं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./22/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गणेशिया बाई वगै. पिता/ पति सहदेव निवासी ग्राम मठपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/69 रकबा 0.006 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के आपसी रजामंदी के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद नागेश आ. भकालू नागेश निवासी गंजपारा उत्कल कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपनी माता स्व. सुमित्रा बाई जो कि नगर पालिक निगम दुर्ग में सफाई कामगार के पद पर कार्यरत थी कि मृत्यु दिनांक 15.02.2020 को हो चुकी है। मृतक के वैध वारिसान के रुप में पति भकालू, पुत्र दुर्गा प्रसाद, अंकुर होने से मृतक के शासकीय देयकों के भुगतान हेतु आश्रिता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.06.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

शुक्रवार की शाम बारिश की फुहार से उमस से मिला निजात

अर्जुनी। मानसून के आगमन के साथ ही अंचल में सोमवार व मंगलवार लगातार दो दिन बारिश होने के बाद दो दिन लोगो को पुनः उमस का अहसास होने लगा था किंतु शुक्रवार को मौसम की आंख मिचौली से लोग बारिश होने का कयास लगाते रहे वही शुक्रवार शाम होने के दरमियान मौसम ने करवट बदलते हुए तेज बिजली व गर्जना के साथ हल्के फुल्के बारिस के से मौषम को और भी खुशनुमा बना दिया जिससे लोगो को उमस से छुटकारे के साथ ठंडकता का अहसास होने लगा।

लालपुर की किराना दुकान में भी बिक रही शराब

गंडई । गंडई परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव लिमों के समीप लगे हुये ग्राम लालपुर के किराने दुकान मे अवैध शराब का धंधा खुलेआम जोरों से चलता है। गत दिन सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार रोड पर स्थित किराने की दुकान मे जाकर देखा गया तो उक्त दुकान के समएनई ए ल अ ा ज ा एसएचएआरएबी पी रहे थे मौके पर शराबी डिस्पोजल मे शराब डालकर चखना और शराब का सेवन कर रहे थे । उसी दुकान के आस पास 15 - 20 खाली शराब की बोतल पड़े हुये थे ग्रामीण सूत्र भी बताते है की उक्त किराने दुकान मे लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री कई महीनो से चल रही है । इस अवैध शराब की बिक्री करने वाले दुकानदार का पुलिस से साठ - गांठ है । जिसे अनुमान लगाया जा सकता है की इस अवैध कारोबार मे प्रशासन की संलिप्तता होने के कारण ही दुकानदार बेहिचक शराब दुकान खुलने और बंद होने के बाद तक अवैध शराब का धंधा चलता रहता है। थाना प्रभारी शिव चन्द्र का कहना है की अवैध शराब संबन्धित शिकायत ग्राम से नहीं मिली है अगर ऐसी बात है तो इस ओर जांच की जाएगी ।

सीआरपीएफ211वं बटालियन के जवानों ने शोभा में किया वृक्षारोपण

मैंनपुर । मैंनपुर मुख्यालय के शोभा कैंप के जवानों ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की शपथ के साथ ष्ट/211वी बटालियन द्वारा आज वृक्षारोपण किया गया । इस वृक्षारोपण अभियान में विभिन्न प्रजाति के वृक्ष लगाए गए ।जैसे सागौन ,जामुन,बांस,महुआ,साहजा,सहित कई फलदार छायादार औषधि युक्त पौधों का रोपण किया गया ।जिसमे कमांडेंट ए एच अंसारी,के निर्देशन में कमांडर। निरीक्षक जी डी मनोज कुमार थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ,योगेश निषाद, मनोज धुर्व ,आरक्षक धनुष यादव, उपनिरिक्षक पेमर सिंह, सहायक उपनिरिक्षक कुंडा स्वामी , रु. आर्म मुख्य आरक्षक मनजीत सिंह, रु कृष्णा,प्रहलाद कुमार प्रेम पाल, तिरनाथ राव, दारा कुंडा बाबू, शैलेन्द्र कुमार,डी पी देहरी, पी के मालिक, सोमराज, तथा ग्रामवासी महेश वेधानी, हरचन्द नेताम, शिव कुमार, आनंद जगत, प्रताप, जे एस नेताम, दीपक, पिंटू, राजेश, अमरु उपस्थित रहे।

लच्छनपुर के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई शकुंतला साहू

लवन। ग्राम पंचायत लच्छनपुर मे 24 जुन दिन बुधवार को आंगनबाड़ी भवन पानी टंकी का लोकार्पण एवं धान खरीदी केंद्र में चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुश्री शकुंतला साहू ने की। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश शंकर जायसवाल, जनपद सभापति भूपेंद्र कुमार साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुकालू राम यदु, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री झड़ी राम कनौजे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा पूजा-अर्चना के बाद किया गया।

पहली ही बारिश के साथ मैनपुर क्षेत्र के वाटर फॉल का नजारा देखते ही बन रहा

मैनपुर। बारिश के इन दिनो में इस वनांचल पहाडी क्षेत्र में कुछ जंगलो का नजारा बेहद खुबसुरत होता है खास तौर पर वाटर फाल अपने पुरे शबाब पर होते है लोग इनके प्राकृतिक सौन्दर्य का आंन्रद लेने जाते है पर उनमे से कई इन जगहो पर आसावधानी के चलते लोग घटनाओं के शिकार भी होते है इसलिए वाटरफाल देखने से पहले पुरी सुविधाओ के साथ और सावधानी पूर्वक जाना चाहिए ऐसी ही एक वाटरफाल तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर की दुरी कुल्हाडीघाट के पहाडी पर बोतल धारा के रूप में पुरे प्रदेश में प्रसिध्द है पहली ही बारिश के साथ इस वाटर फाल को तहसील मुख्यालय मैनपुर से देखा जा सकता है लगभग दो किलोमीटर की उचाई से बोतल की आकार लिए धुआंधार जल प्रपात को गिरते देखने का एक अलग ही अनुभव है यहा पहुचने के लिए मैनपुर से बुडार तक 7 किलोमीटर वाहन से पहुचा जाता है और 6 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाडी रास्तो को पार कर यहा पहुचते है हर बारिश के दिनों क्षेत्र के खासकर युवा यहां पहुचते है और जल प्रपात का आंन्रद लेते है. यह जंगल जितनी खुबसुरत ही उतनी खतरनाक है लेकिन कही पर भी चेतावनी बोर्ड नही लिखा है,लेकिन यहा चेतावनी बोर्ड लगाया जाना बेहद आवश्यक है सेल्फी और ग्रुप फोटो यहां लेना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए इस खुबसूरत वाटर फाल के तरफ प्रशासनिक तौर पर सुरक्षा के इंतजाम पर्यटन मंडल को करना चाहिए वैसे यहा मात्र चार माह ही बारिश के दिनों मे वाटर फाल देखने को मिलता है बहरहाल बोतल धारा जल प्रपात की खुबसुरती को वंही बिहड जंगलो को पार को पहुचने के बाद ही अहसास किया जा सकता है ।

सुलभ शौचालय, यात्री प्रतीक्षालय में वर्षों से बन्द तालों को खुलवाया

■ **पहले ही दौरे में समस्या मुक्त किया अंचल की जनता को।**

गंडई पंडरिया। ग्राम पंचायत साल्हेवारा में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद कोरोना संक्रमण व लॉक डाउन के चलते पहली बार पहुंचे जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाल ने ग्रामपंचायत साल्हेवारा के नासूर बन चुके सुख सुविधा के लिए प्रसाधन जिसमे बस स्टैंड साल्हेवारा के सुलभ शौचालय बने तो काफी समय से थे व लोगो की चीख चीत्कार व समय समय पर विनय निवेदन भी था खोले जाने हेतु लेकिन पता नही किसके एकाधिकार व दबंगई के चलते उसका ताला वर्षों से लगा हुवा था व यात्री प्रतीक्षालय में भी नाम भर था कि बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय बन गया है लेकिन आज तक यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों के रुकने का नाम भी नही हुवा और वो किसी बड़े दुकानदार के कूलर पंखे रखने के काम आता रहा।इस संबंध में आज जिला पंचायत सदस्य श् ममता राजेश पाल अपने भारी समर्थकों के साथ पहुंचकर वर्षो से बन्द तालो को सरपँच व समर्थकों की उपस्थिति में तोड़वाया व यात्री प्रतीक्षालय का ताला खुलवाया। इससे पूर्व क्षेत्र क्रमांक 03 के जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने भी 15 दिनों पूर्व सुलभ शौचालय के सम्बंध में सरपँच संतोष नामदेव को बुलाकर खोले जाने के सम्बंध में कहा था लेकिन वो जस का तस रहा। गत दिनों ताला खुलने से अंचल के लोगो मे खुशी की लहर है।ममता राजेश पाल की अगुवाई व स्वागत सत्कार में छोटे बड़े कार्यकर्ताओ का हुजूम उनके साथ नचनिया व सरैपतेरा के दौरे पर भी गया है। कार्यकर्ताओ व सहयोगियों प्रेमियों में प्रमुख रूप से शुभम शर्मा, भारत सोनी, ताहमीद खान, परमात्मादास मानिकपुरी, भानु यादव, गौकरण, ढालेश्वर देवांगन, रिंकू पांडेय, गफ्फार खान, लक्ष्मण विश्वकर्माएव अनेको कार्यकर्ता व वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

गरीब कल्याण रोजगार अभियान में छत्तीसगढ़ को जगह नहीं मिलना बेहद निराशाजनक : विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ । कोरोना संकट के दौरान प्रवासी मजदूरों के लिए केंद्र सरकार देश में 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' 6 राज्यो के 116 जिले शामिल हैं जिसमें छत्तीसगढ़ के एक भी जिले को इस अभियान में शामिल नहीं किए जाने पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के कार्यकारी जिला अध्यक्ष विष्णु लोधी ने इसे निराशाजनक बताया है।विष्णु लोधी ने कहा कि केंद्र सरकार प्रवासी मजदूरों के लिए एक महत्वकांक्षी योजना ग्रामीण कल्याण रोजगार अभियान देश के 116 जिलों में यह योजना चलाई जाएगी, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ से एक भी जिला इस अभियान के लिए नहीं चुना गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में छत्तीसगढ़ से 16 सांसद जाते हैं, 11 लोकसभा में और पांच राज्यसभा में, लेकिन इन 116 जिलों में एक भी जिला छत्तीसगढ़ का नहीं चुना गया है. जबकि प्रदेश से लाखों की तादाद में लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं. लोधी ने कहा कि मजदूर अपनी जीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं. इसके बावजूद भी भारत सरकार की इस योजना का एक पैसे का लाभ छत्तीसगढ़ को नहीं मिलना बेहद निराशाजनक है । विष्णु लोधी ने सांसदों और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से इस विषय में कोई पहल करने का आग्रह किया है ।

रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण व अपील प्राधिकारी नियुक्त

गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) छतर सिंह डेहरे ने जिले में पंचायत उप निर्वाचन 2020 हेतु 1 जनवरी 2020 की संदर्भ तारीख पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपील प्राधिकारी की नियुक्ति की है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड गरियाबंद और छुरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा विकासखंड गरियाबंद के लिए तहसीलदार गरियाबंद व विकासखंड छुरा के लिए तहसीलदार छुरा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

चिहरो पंचायत के आश्रित ग्रामीणों ने सरपंच के माध्यम से कलेक्टर से टावर लगवाने के लिए किया आग्रह

डोंडी। एक ओर जहाँ दुनिया 21वीं सदी में तरक्की के रास्ते पर चल रही है, वहीं सुदूर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण कुछ मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। जी हाँ , यह दर्दभरी कहानी बालोद जिला के अंतिम छोर पर बसे हुए उन गाँवों की है जहाँ के लोगों का जीवन सुविधाओं के अभाव मे किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्राम पंचायत चिहरो के क्षेत्रांतर्गत ग्राम काकड़कसा, व जिलेवाही ग्राम पंचायत मरदेल क्षेत्रांतर्गत ग्राम जबकसा, मरदेल, तुमरीसुरी आदि गाँव बालोद जिला के अंतिम छोर पर बसे हुए ऐसे गाँव हैं जहाँ के लोग अपनी समस्याओं की समाधान एवं विकास के लिए चुनावी दौर में अपना बहुमूल्य वोट देकर विकास और तरक्की की कल्पना तो करते है, परंतु साल-दर-साल इन ग्रामीणों की कल्पनाएँ महज कल्पना ही बनकर रह जाती है, विकास एवं तरक्की इन गाँवों से कोषो दूर है। कमाल की बात यह है कि चुनावी दौर खत्म होने के बाद इन गांवों की सुध लेने कोई नेता या जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अमला भी नहीं आता।ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर कभी जिला मुख्यालय बालोद तो कभी ब्लॉक मुख्यालय डौण्डी में आफिस-दर-आफिस चप्पलें घिसतें नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, जहाँ दुनिया इंटरनेट, आनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, शैक्षिक एवं अन्य तमाम प्रकार के आनलाइन गतिविधियों के माध्यम से सूचनाओं का आदान- प्रदान कर आधुनिक दूनिया से जुड़ रही है ।

मवेशियों की तस्करी करते हुए पांच आरोपी गिरफ्तार

भटगांव। दिनांक 26.06.2020 को मुखबिर से सूचना मिली कि बंदारी की ओर से एक मेटाडोर में कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी कर ले जा रहे हैं। उक्त बात की जानकारी से पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर को अवगत कराते हुए निवेदिता पाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं संजय तिवारी एसडीओपी बिलाईगढ के मार्गदर्शन में निरीक्षक जितेंद्र कोसले थाना प्रभारी भटगांव के नेतृत्व में भटगांव-बंदारी मेन रोड पर घेराबंदी करते हुए चेकिंग कार्यवाही किया गया।

इस दौरान मेटाडोर टाटा 407 क्र. ष्ट्र 06रू 0142 को रोका गया, जिसमें गाय, बछिया, बैल आदि मवेशियों को क्रूरता पूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था। मवेशियों को नीचे उतारा गया जिसमें 5 बछुवा, 2 बैल,2 गाय एवं 2 बछिया कुल 11 मवेशी मिला, जिसके लिए तत्काल चारा पानी की व्यवस्था किया गया। उक्त मवेशियों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ करने पर किसी भी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रकरण में आरोपियों को गिरफ्तार कर अपराध धारा 4,6,9,10,11 छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, धारा 49,50 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी अमित कुमार पिता नरेश कुमार मनहरे उम्र 28 साल, पूरन चंद पिता सुखदेव साहू उम्र 48 साल, रामस्वरूप पिता शंकरलाल साहू उम्र 38 साल , भूपेंद्र साहू पिता पुनीराम साहू उम्र 30 साल , यशवंत कुमार पिता मोहनलाल साहू उम्र 22 साल निवासी ग्राम बंदारी थाना भटगांव को गिरफ्तार कर आरोपीयो को न्यायिक रिमांड हेतु व्यवहार न्यायालय भटगांव रवाना किया गया है।

गंडई नगर पंचायत के प्रभारी सीएमओ की हार्ट अटैक से मौत

2019 से थे पदस्थ

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी खुमान सिंह कश्यप का कल शुक्रवार शाम 4 बजे हृदयघात से मौत हो गई । इनकी मौत की खबर नगर मे आग की तरह फ़ेल गई और पूरे नगर मे मातम छाया रहा । श्री कश्यप गंडई नगर पंचायत मे अगस्त 2019 से मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे थे वे इसके पूर्व वे 10 वर्षो तक नगर पंचायत मे लेखापाल के रूप मे सेवा दे चुके थे लेखापाल रहते हुये उनका गंडई नगर पंचायत से स्थानांतरन होने पर नगर पंचायत बोडला, बालोद, अर्जुन्दा संहित अन्य जगहो पर रहकर अपने कर्तव्यो का बखूबी निर्वहन किया। ग्राम धोधा के मूल निवासी लगभग 52 वर्षीय श्री कश्यप मृदुभाषी, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी अपने पीछे पत्नी संहित 2 पुत्र व 1 पुत्री संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। श्री कश्यप गंडई नगर विकास को पूर्ण प्राथमिकता देते हुये अपने कर्तव्यो का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किए सहज व सरल स्वभाव के चलते लोगो के चहेते रहे इनकी मौत की खबर से नगर मे मातम छा गया व सन्नाटा पसरा रहा। श्री कश्यप कोरोना संक्रामण काल मे अपनी जन को जोखिम मे डालकर दिन रात ड्यूटी किए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात को अचानक उनके सिने मे दर्द शुरू हुआ और स्थानीय डाक्टर के पास इलाज भी कराये थे लेकिन ईश्वर को यह मंजूर नहीं था और शुक्रवार शाम बजे हृदयघात से मौत हो गई। मौत की खबर सुनने पर प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम दीप्ति वर्मा, तासीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, थाना प्रभारी शिव चंद्रा, पार्षदगण सभी नगर पंचायत के कर्मचारी पंचुचकार ईश्वर से मृत आत्मा की शांति प्रदान करने की कमना करते हुये परिवार को ढांढस बँधाया ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर (छ.ग.)
निविदा निरस्तीकरण

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-6/2020-2021/ टी.सी. दिनांक 11/06/2020 जिसकी आवेदन की किथि 26.06.2020 थी को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी-81841/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. विधानसभा संभाग
रायपुर (छ.ग.)

पीड़ित परिवार ने लगाई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

मैनपुर। लोक सेवकों से कर्तव्यपरायण,ईमानदार, अनुशासित एवं चरित्रवान होना की अपेक्षा हमेशा की जाती है,प्रत्येक सरकारी सेवक के आचरण से शासन की छवि प्रतिबिंबित होती है क्योंकि सरकार एवं कर्मचारी के बीच स्वामी और सेवक का सम्बन्ध होता है। स्वामी द्वारा अपने सेवकों से यह अपेक्षा किया जाना स्वाभाविक क्रिया है, कि सेवक अपने कार्य एवं व्यवहार इस प्रकार व्यवहृत करें कि उससे स्वामी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सेवकों का कोई भी दुराकरण सरकार की छवि को धूमिल कर सकता है।

वैसे देखा जाये तो आजकल हर कोई चाहता है, कि पढ़ लिखकर उसे सरकारी नौकरी मिल जाए ताकि वह आराम से अपना व अपने परिवार का जीवन यापन कर सके।लेकिन पुलिस जैसी सरकारी नौकरी में रहकर असली सेवा करके लोगों का दिलों पर अमिट छाप छोडने वाले कम ही लोग होते हैं। जैसा कि गरियाबंद जिला के तत्कालीन पुलिस अधिकारी शक्ति सिंह,सचिन सिंह (पूर्व क्राइम प्रभारी),अमित तिवारी,संजय सिंह मरावी (पूर्व क्राइम प्रभारी) सहित इनकी क्राइम टीम के पांच पांडव अंगद राव,सुशील पाठक,दीप्त नाथ प्रधान,जयप्रकाश मिश्रा,चूड़ामणि देवता जैसे आरक्षक जो कि पूरे गरियाबंद जिला में ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा तथा सेवा की मिसाल हैं।इन्होंने बीते पांच वर्षों में लगातार वन्यजीवों की तस्करी करने वालों को पकड़कर जेल भेजा है।तो वंही दूसरी ओर गरियाबंद के कई पुलिस अधिकारी अपने निजी स्वार्थ,लोभ,लालच,के चलते इन जैसे ईमादार पुलिस वालों की छवि धूमिल करने में कोई कोर कसर नही छोड़ते है। आपको बता दे कि भारतीय पुलिस शासन की रूपरेखा का जन्मदाता लार्ड कार्नवालिस था जिसने वर्तमान काल में हमारे देश में अपराधनिरोध संबंधी कार्य की इकाई, जिसका दायित्व पुलिस पर है,थाना अथवा पुलिस स्टेशन है।थाने में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इन दायित्वों का पालन होता था सन् 1861 के पुलिस ऐक्ट के आधार पर पुलिस शासन प्रत्येक प्रदेश में स्थापित है।

कलेक्टर ने किया कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण

गरियाबंद । कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज गरियाबंद जिले में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र की विविध गतिविधियों की जानकारी ली। और केन्द्र में धान फसल की पैदावारी हेतु श्री-विधि से रोपाई आम,अमरूद,नारियल की प्लान्टेशन, पौध ड्राफ्टिंग और ढेंचा पौधे से खाद निर्माण का अवलोकन किया। इससे पूर्व कलेक्टर श्री डेहरे के कृषि विज्ञान केन्द्र पहुंचने पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर सिंह ने लीली का पौध भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। डॉ.सिंह ने अवगत कराया कि जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक की जानकारी देने के उद्देश्य से वर्ष 2012 से गरियाबंद जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित किया गया है। केन्द्र द्वारा वर्तमान में आसपास के 10 गांव को कवर किया गया है। कृषि के विविध तकनीक से फसल प्रदर्शन व कृषकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह केन्द्र 50 एकड़ रकबा में फैला है। शासन के सहयोग से क्षेत्र के किसानों के 200 बाड़ियों का उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार मनरेगा अभिसरण से विभिन्न प्रजातियों के 3 लाख पौधे तैयार की जा रही है। केन्द्र के माध्यम से किसानो के लिए विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज भी तैयार की जा रही है।

कलेक्टर श्री डेहरे ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र का फायदा जिले के किसानों को अधिक से अधिक मिलना चाहिए। उद्देश्य प्राप्ति हेतु केन्द्र से संबंधित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बेहतर कार्य योजना सुनिश्चित करना होगा। कृषि वैज्ञानिक श्री तुषार मिश्रा ने श्री-विधि द्वारा प्रक्षेत्र में लगे धान के पौधों को 25ग25 से.मी. (पौधे से पौध दूरी व कतार से कतार दूरी) पर धान की नर्सरी 11 दिन का पौधा को रोपा द्वारा लगाया जाता है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कोण्डागांव संभाग कोण्डागांव
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-2217/NIT-8/2020-2021/वलेलि — दिनांक 23/06/2020

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 14/07/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 15/07/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) T0069 to T0073 and T0076 to T0077 = 750.00 and T0074 to T0075=300.00
निविदाकारों की श्रेणी ई-पंजीयन के अंतर्गत द से अ तक
कार्य की अवधि T0069=4months, T0076=03months, T0071 to T0073= up to 31.03.2021, T0074 to T0075=1 months, T0076=upto 31.03.2021, T0077=02months

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
8 T0069	जिला कोण्डागांव के फरसगांव में 50 बिस्तरीय आईटीआई छात्रावास भवन का निर्माण कार्य (बचत कार्य)।	45.23 34000.00 678500.00
8 T0070	उपसंभाग क्रमांक 02 कोण्डागांव अंतर्गत पीटीसी बोरगांव में एडीम ब्लाक एवं बैरक का निर्माण कार्य। बचत कार्य। प्रथम आमंत्रण	10.00 8200.00 163650.00
8 T0071	उपसंभाग क्रमांक 01 कोण्डागांव अंतर्गत पेट्टी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	10.00 7500.00 150000.00
8 T0072	उपसंभाग क्रमांक 02 कोण्डागांव अंतर्गत पेट्टी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
8 T0073	उपसंभाग केशकाल अंतर्गत पेट्टी बाजार सप्लाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
8 T0074	उपसंभाग केशकाल अंतर्गत सिंगनपुर नारना अडेगा मार्ग मार्ग में बीटी पैच रिपेयर कार्य (फारफारमेंस गारंटी के के तहत)। द्वितीय आमंत्रण	1.95 2000.00 29400.00
8 T0075	अनुविभाग केशकाल अंतर्गत तोकापाल से अड़ेगा मार्ग में बीटी पैच मरम्मत का कार्य (फारफारमेंस गारंटी के के तहत)। द्वितीय आमंत्रण	0.50 1000.00 7500.00
8 T0076	उपसंभाग केशकाल अंतर्गत मुख्यालय एवं विभिन्न मार्गों में मुरूम एवं रेत सप्लाई का कार्य। द्वितीय आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00
8 T0077	केशकाल उपसंभाग के अंतर्गत केशकाल मुख्यालय खंड के गैर आवासीय भवनों में रंगाई एवं पोताई कार्य। द्वितीय आमंत्रण	5.00 5000.00 75000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-81814/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) कोण्डागांव
संभाग कोण्डागांव

न्यूज गैलरी

बोरतलाब में आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

राजनांदगांव। कलेक्टर टीके वर्मा के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव नवीन प्रताप तोमर के मार्गदर्शन में 24 जून को बोरतलाब में दौरान गश्त प्राप्त सूचना के आधार पर रवि कुमार पिता रामविलास निषाद निवासी बोरतलाब के रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी करने पर 15 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा जप्तकर सीलबंद कर कब्जे आबकारी लेकर छग आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई दौरान श्रीमती निरूपमा लोन्हारे सहायक जिला आबकारीअधिकारी वृत्त डोंगरगढ़, एसके द्विवेदी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त डोंगरगांव तथा परीवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती सविता वर्मा, सुश्री जितेश्वरी आलेन्द्र एवं आरक्षक में लालसिंह राजपूत तथा छोटेलाल आर्मो मुख्य आरक्षक उपस्थित रहे।

बीस लीटर महुआ शराब जब्त

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त आबकारी नवीन कुमार तोमर के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त चिचोला में विशेष अभियान चलाया गया, जिसके दौरान ग्राम घोरतालाब में सुनील मंडावी पिता जगन्नाथ मंडावी के रिहायशी भवन की तलाशी के दौरान नीले रंग के प्लास्टिक जरीकेन में 20 लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) 34(2) 59क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई दौरान सीआर सहायक जिला आबकारी अधिकारीय, सीपी सिंह आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त चिचोला, नीलम गंधर्व, गीता साहू, यीवरेश कुमार, जितेन्द्र उइके प्रशिक्षु आबकारी उपनिरीक्षक, तुलसीराम साहू मुख्य आबकारी, आरक्षक संतोष कुमार झारिया, आबकारी आरक्षक अनिल सिन्हा हमराह, अनिल सिन्हा का सराहनीय योगदान रहा है।

युकां ने पेट्रोल डीजल के दामों के वृद्धि के विरोध में किया मौन प्रदर्शन

राजनांदगाँव। टेड़सरा में युवा कांग्रेस द्वारा केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लगातार पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि के विरोध में हाथों में विरोध की तख्ती लेकर मौन प्रदर्शन किया। जिला महासचिव मुकेश निर्मलकर ने कहा आज पूरा देश कोरोना महामारी से जुझ रहा है, इसके बावजूद मोदी सरकार लगातार गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक भार डाल रही है। घुमका युवा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानी के सीजन में पेट्रोल-डीजल के लगातार वृद्धि से साबित कर दिया कि वह किसान विरोधी है। लॉक डाऊन और किसानी के समय में वृद्धि से किसानों को तकलीफो का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि साहू जिला सचिव युवा कांग्रेस राजनांदगांव, दिनेश पुराणिक कुंदवा साहू आदि उपस्थित थे।

युवा कांग्रेस ने कुमरदा में किया डीजल, पेट्रोल के रेट बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रधानमंत्री का पुतला दहन

राजनांदगांव। ग्राम कुमरदा के बस स्टैंड में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लगातार पेट्रोल, डीजल के दामों में वृद्धि की जा रही है। पूरे देश कोरोना महामारी से जुझ रहा है। इसके बावजूद मोदी सरकार लगातार गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार पर आर्थिक बोझ डाल रही है। मोदी सरकार गरीब और मध्यम वर्गीयों पर ध्यान नहीं दे रही, जिसके विरोध में पूर्णचंद कोको पाढ़ी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस व रविंदर बबलू भाटिया प्रदेश महासचिव, मनीष निर्मल अध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार व खुज्जी विधानसभा विधायक छन्नी साहू के मार्गदर्शन में खुज्जी विधानसभा युवा कांग्रेस के द्वारा कुमरदा में विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया गया।

शिक्षा अलंकरण के लिए व्याख्याता रामकुमार का चयन

कवर्धा। शासकीय हाई स्कूल घोंघा,संकुल-मिनमिनियां मैदान, विकास खंड बोड़ला का व्याख्याता रामकुमार बघेल का चयन राज्य स्तरीय अक्षय शिक्षा अलंकरण पुंज पुरस्कार 2020 के लिए हुआ है।

यह सम्मान स्वर्गीय अक्षय पांडेय रायगढ़ की स्मृति में शिक्षा जगत तथा समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रदान किया जाता है। अक्षय शिक्षा पुंज अलंकरण के श्रेणी में 9 शिक्षक शिक्षिकाओं ने आवेदन किए थे, सभी की व्यक्तिगत योग्यता अनुभव विशेषज्ञता, उपलब्धि साक्षात्कार एंव तृतीय पक्ष की पुष्टि के आधार पर अक्षय शिक्षा पुंज अलंकरण सम्मान की पात्रता के मापदंड थे इन पांचों बिंदुओं के मूल्यांकन के पश्चात रामकुमार बघेल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। रामकुमार बघेल के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से नवाचार किए जा रहे हैं।

नाली सफाई नहीं होने से स्कूल भवन में घुसा पानी

- **स्कूल भवन में मॅरेंटाइन रह रहे युवक को 2 दिन पहले ही छोड़ना पड़ा ग्रामीणों को**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। बरसात की पहली बारिश में ही ग्राम पंचायत रानीतालाब की लापरवाही सामने आया है। छुरिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रानीतालाब में बरसात की पहली बारिश में ही नाली जाम होने से स्कूल भवन के अंदर पानी घुस गया। सुबह में उपसरपंच रामकुमार नेताम व ग्रामीणों के द्वारा नाली को पानी जाने के लिए साफ किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल भवन में मॅरेंटाइन मे 14 दिनों के लिए काम से लौटे ग्राम के युवक को रखा गया था। बारिश आने से स्कूल भवन में लबालब पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों ने युवक को 2 दिन पहले ही छोड़ना पड़ा है, जिसे बचे दिनों तक होम आइसोलेशन में रहने कहा गया है।

वहीं रानीतालाब के वार्ड क्रमांक 1 और 2 में बने नाली को आज तक एक बार भी साफ नहीं कराया गया है, जिससे नाली में गंदगी से बदबू के कारण गली से गुजर ना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में वहां निवासरत ग्रामीणों का क्या हाल होता होगा नाली सफाई के लिए ग्राम पंचायत में अवगत कराने के बाद भी आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। नाली सफाई नहीं होने से पानी रूका हुआ है, जिसके बदबू से काफी परेशानी हो रही है। वहीं नाली निर्माण में कार्य एजेंसी के द्वारा लापरवाही बरती गई है। नाली को अत्याधिक गहरी निर्माण कार्य कराया गया है। इस प्रकार की कार्य को इंजीनियर भी कैसे प्रकार मूल्यांकन कर पास कर दिया जाता है। वही कोरोना वैश्विक महामारी के चलते सभी स्कूलें बंद है, अगर स्कूल चालू होता तो जिस हिसाब से बीती रात पानी भर गया उससे बच्चों की पढ़ाई हो पाना मुश्किल था। ओडीएफ ग्राम पंचायत रानीतालाब में साफ सफाई का बुरा हाल है। कुबराडीह में गांव प्रवेश में ही कचरा का अंबार लगा है। इस पंचायत में अभी तक कूड़ादान नहीं बनाया गया है, जिसे जनप्रतिनिधि अनदेखा कर रहे हैं। बहरहाल बारिश से पहले पंचायत के ग्रामों में नाली सफाई कूड़ा, कचरा सफाई होना था, जो नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शिकायत बाद भी अधिकारी सुध नहीं लेते हैं, जिस कारण पंचायत जनप्रतिनिधि मनमानी करते हैं।

पुलिस जवानों ने किया योगाभ्यास, स्पंदन अभियान का शुभारंभ

कवर्धा। पुलिस महानिदेषक डी.एम.अवस्थी के निर्देषन एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के मार्गदर्षन में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक के.एल.ध्रुव के कुषल नेतृत्व में षुक्रवार को शहर में स्थित वीर सावरकर भवन में पुलिस जवानो को मानसिक तनाव से दुर रखने के लिये स्पदंन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के

सभी उपस्थित अधिकारियों को जवानों के बीच जाकर समस्याओं को सुलझाने के सक्त निर्देष दिये साथ ही पुलिस महानिदेषक के द्वारा दिये गये संदेष को जिले के सभी अधिकारी/कर्मचारियो को विस्तारपूर्वक बताया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ पुलिस का हर एक जवान पुलिस विभाग के अंत्यत महत्वपूर्ण अंग है। जिन्हे किसी भी किमत में हमें खोना नही है। संवाद से सभी समस्याओ का हल संभव है। आपकी जीवन बहुमुल्य है इसे बचाकर रखे क्योकि घर में आपके माता पिता पत्नी बच्चे आपका इंतेजार करते है। उपस्थित अधिकारी जवानो को यह संदेष पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया। साथ ही कोई भी अधि./कर्म. को किसी भी प्रकार के विभागीय या व्यक्तिगत समस्या हो जिसका निराकरण मेरे स्तर पर संभव हो तो उसे बिना घबराये मेरे समक्ष रख सकते है कहा गया।

ठाकुर देव मंदिर परिसर पर किया गया वृक्षारोपण

पिपरिया। रेडियो श्रोता संघ पिपरिया द्वारा नगर पिपरिया स्थित ठाकुरदेव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया है इसके अतिरिक्त संघ द्वारा अन्य महत्वपूर्ण स्थानो में भी वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है तथा वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है संघ द्वारा अपील की गई है पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है इस पुनीत कार्य में लोग अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें । इस अवसर पर कमल कान्त गुप्ता, दुर्गा राम साहू, रम्मन केशरी, बहोरन देवागन, नंद कुमार शर्मा, श्रवण साहू, संतोष साहू महेश केशरी, सुनील केशरी, मोहन सोनी के साथ साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

शादी में जाने निकली थी महिला, पेड़ में लटकी मिली लाश

कवर्धा। वनांचल क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है कि षादी में जाने के लिए निकली महिला की लाष महुंऐ के पेंड से लटकते हुए मिली। घटना की जानकारी तत्काल ही संबंधित थाने को दी गई। महिला के षव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। वहीं अब पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। ज्ञात हो कि कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डालामौहा के आश्रित ग्राम भैंसाडबरा में गुरूवार को एक महिला की लाष पेड पर फंदे से लटकी मिली। घटना की पूर्व रात गांव में ही एक घर में षादी का आयोजन था, जिसमें षामिल होने के लिए मृतका अपनी सहेलियों के साथ निकली थी। घर नहीं लौटने पर खोजबीन की तो उसकी लाष मिली। टीआई सुमित नेताम ने बताया कि मृतका बुधिया बाई पति उचित बैगा उम्र 20 वर्ष ग्राम भैंसाडबरा की रहने वाली थी। बुधवार को गांव में ही एक घर मे षादी होने के लिए बुधिया अपनी कुछ सहेलियों के साथ घर से निकली थी।

स्काउट गाइड को राज्यपाल पुरस्कार के लिए कठिन व तीन साल के चरणबद्ध प्रशिक्षण को करना होता है पूरा, तब कहीं मिलता है बोनस अंक का लाभ

कवर्धा। स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की बोनस अंक नीति का 10वीं व 12वीं के परीक्षार्थियों को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा खेलकूद, स्काउट गाइड, एनएसएस, एनसीसी एवं साक्षार भारत कार्यक्रम अनुदेशक को इस नीति का लाभ दिया जाता है।

राज्य में बोनस अंक नीति का सबसे अधिक लाभ स्काउट्स, गाइड्स को मिल रहा है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के माध्यम से राज्य के सभी 28 जिलों में स्थित शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की गतिविधियों का संपादन होता है। स्काउट गाइड के तीन विंग कब-बुलबुल, स्काउट- गाइड, रोवर-रेंजर क्रियाशील हैं। एक छात्र को स्काउट, गाइड दल में सम्मिलित होने के बाद राष्ट्रपति पुरस्कार तक पहुंच बनाने में 42 माह का वक्त लगता है। इस दौरान निर्धारित पाठ्यक्रम के तहत चरणबद्ध शिविरों में भागीदारी करनी होती है। पहला चरण प्रवेश पाठ्यक्रम का होता है। इसके बाद प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान फिर जिला स्तर पर तृतीय सोपान जांच शिविर को पूरा करना होता है। तृतीय सोपान के पश्चात कमोबेश कठिन चरण का सामना करना पड़ता है। यह चरण होता है राज्यपाल पुरस्कार जांच शिविर का। इस टेस्टिंग कैम्प में सफल होने वाले स्काउट्स, गाइड्स ही राज्यपाल पुरस्कार की पात्रता प्राप्त करते हैं। राज्यपाल पुरस्कृत स्काउट्स, गाइड्स राष्ट्रपति पुरस्कार जांच शिविर के लिए क्वालीफाई करते हैं। इसमें उत्तीर्ण प्रतिभागी राष्ट्रपति अवार्ड के लिए पात्रता हासिल करते हैं। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स को पाठ्यक्रम के अलावा और भी कई तरह के प्रशिक्षण इत्यादि कार्यक्रमों में भाग लेना होता है।

95 ग्राम पंचायतो में रोका छेका अभियान की शुरूवात

स.लोहारा। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय बचेडी में कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के, की उपस्थिति में जनपद पंचायत के अध्यक्ष लीला शर्मा, सरपंच गीता नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बचेडी सहित 95 ग्राम पंचायतों में रोका छेका अभियान दिवस की शुरुआत की। ग्राम पंचायत के किसानों ने अपने मवेशियों की सुरक्षा व्यवस्था स्वयं करने का संकल्प पत्र सौंपा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवारा घूम रहे मवेषियों ने किसानों की फसलों को बचाने पुरानी पद्धति रोका छेका की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा बारहमासी फसल ले सके इसके लिए सड़कों पर आवारा घूमने वाले मवेशियों को को गौठानों में रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

फरार स्थाई वारंटी को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

कवर्धा। वारंट की सत प्रतिशत तामिली हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् थाना कवर्धा के अपराध क्रमांक 333/18 एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कवर्धा जिला कबीरधाम के प्रकरण क्रमांक 1513/2018 धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी वेदराम कुरै पिता नूनकरण कुरै उम्र 40 वर्ष साकिन सिंघनपुरी थाना पिपरिया जिला - कबीरधाम, छ. ग. को जरिये मुखबीर से सुचना प्राप्त होने पर उक्त वारंटी को थाना कवर्धा के टीम द्वारा तामिल कर विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष षुक्रवार को प्रस्तुत किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम, प्रआर. 297 चुम्मन साहू, आरक्षक 519 पवन सिंह राजपूत, आरक्षक 381 समशेर अली, म.आर. 163 रीना तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

झीरम मामले में भाजपा की बेचैनी समझ से परे : कांग्रेस

- **तथ्यात्मक जांच का विरोध भाजपा की संलिप्तता को कर रहा इंगित ?**

राजनांदगांव। भारतीय राजनीति में किसी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को समाप्त करने की साजिश के चलते छ ग में कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा पर जिस प्रकार से 25 मई 2013 को झीरम घाटी में हमला कर नरसंहार किया गया था वह छ ग का काला अध्याय है और इस मामले पर जब भी जांच की मांग होती है तो भाजपा नेता अपना आपा खो बैठते है जबकि तत्कालीन छ ग की भाजपा सरकार को इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए स्वयं पहल करना था लेकिन उन्होंने इस मामले में मौन धारण कर इस बड़ी घटना की सच्चाई उजागर कराने में कोई सहयोग नहीं किया । आज भी छ ग सहित देश की जनता घटना की सच्चाई जानना चाहती है।

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के अध्यक्ष द्वय पदम कोठारी एवं कुलबीर सिंह छाबड़ा ने इस मामले पर कहा कि भाजपा नेताओ के नाम नक्सली सहयोगी के रुप मे आने के बाद भाजपा सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठे रही क्योंकि जिनके

नाम आए थे वह सीधे तौर पर भाजपा से जुड़े हुए थे वह चाहे दंतेवाड़ा जिला भाजपा के उपाध्यक्ष हो, दिवंगत विधायक भीमा मंडावी के रिश्तेदार हो या भाजपा सांसद के गाड़ी में माना विमानतल पर गिरफ्तार किया गया व्यक्ति हो इतने साफ प्रमाण होने के बाद भाजपा के नक्सलियों से संबंध बताने की आवश्यकता नहीं है भाजपा अपने राजनीतिक फायदे के लिए नक्सलियों के खिलाफ तेज कार्यवाही करने के बजाय ढीला कर देती थी जिसके कारण वर्ष 2008 में 12 में बस्तर से 11 सीटें भाजपा की झोली में गए थे सबसे बड़ी विडंबना यह थी की परिवर्तन यात्रा के साथ ना तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था थी और ना ही रोड ओपनिंग पार्टी थी जबकि सरकार के गोपनीय विभाग को लगातार क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों के बारे में जानकारी हो गई थी और उस काफिले में जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त महेंद्र कर्मा पी सी सी चीफ नंदकुमार पटेल, वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल सहित कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेता थे उसके बाद भी प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह सुनियोजित नक्सली नरसंहार की घटना को मिलजुल कर अंजाम दिया गया तत्कालीन भाजपा सरकार से जब जब भी सीबीआई से जांच कराने ली पहल की बात की जाती थी तो सिर्फ गोलमोल कर मामले को दबाने की साजिश की जाती थी घटना में पहले नक्सली नेता गणपति एवं रंमदा का नाम आने के बाद भी चार्जसीट से उनका नाम गायब किया जाना यह पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की ही साजिश का प्रमाण है प्रकरण के दस्तावेज छग राज्य सरकार को एनआईए को जल्द सौपने चाहिए जिससे राज्य सरकार जांच जल्द करा सके।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400875

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सविता श्रीवास्तव पति श्री आशीष श्रीवास्तव निवासी शीतला नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1822/14 रकबा 0.013 हें/ 1440 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400893

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष कुमार धनकर आ. श्री छेदीलाल धनकर निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 330/16 रकबा 0.01 हें/ 987 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400895

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संतोष कुमार धनकर आ. श्री छेदीलाल धनकर निवासी स्टेशन मरोदा भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 650/15 रकबा 0.023 हें/ 2500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400883

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अजय शर्मा आ. श्री के.एन. शर्मा निवासी हुडको भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/69, 243/30 रकबा 0.008 हें/ 900 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400891

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती सरस्वती वर्मा पति श्री अशोक कुमार वर्मा निवासी न्यू जेल लाईन दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 653/7 रकबा 0.020 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202006100400894

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आलोक वैष्णव आ. श्री नंदकुमार वैष्णव निवासी कैलाश नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 651/4 रकबा 0.022 हें/ 2440 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.06.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

पेट्रोलियम पदार्थों में वृध्दि के विरोध में युंका ने किया विरोध प्रदर्शन

बालोद। देशभर में लगातार पेट्रोल डीजल की बढ़ती हुई मूल्यों के के विरोध में युवा कांग्रेस बालोद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया मामले में युंका पदाधिकारियों की माने तो आज केंद्र की सत्ता पे विराजमान मोदी सरकार हर मोर्चे में विफल हो चुकी है दिन ब दिन बढ़ते पेट्रोल , डीजल व गैस के दामों से आम इंसान के रीढ़ की हड्डी टूट रही है ।इन रोज़ बढ़ते दामों के खिलाफ आज बालोद युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नरेंद्र मोदी जी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया और पेट्रोल , डीज़ल व गैस के बढ़े दामों को तत्काल वापिस लेने की मांग के साथ पेट्रोलियम मंत्री मुर्दाबाद , केंद्र सरकार मुर्दाबाद के नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्यरूप से युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजू टोप शर्मा विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र देशलहरा, जिला संयोजक डोमेंद्र पाटिल,अवधेश सिह, महासचिव साजन पटेल दिनेश्वर साहू यशवंत साहू एनएसयूआई जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव आनंद राजपूत रूपेश यादव रिखी साहू देवेन्द्र साहू आबिद दीपक गोलू यादव विजय जैसवाल निर्देश पटेल अनिल सोनी अविनाश यदु व साथी मौजूद थे।

हरितक्रांति को बढ़ावा देने की अभिनव पहल : रमेश यदु

भाटापारा। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्क्क रमेश यदु ने प्रदेश सरकार के द्वारा जैविक कृषि को पुनः स्थापित करने एवं श्वेत क्रांति हरित क्रांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिवनव पहल बताया है। श्री यदु ने कहा की जहाँ गोधन बचाने किसानों एवं पशुपालकों को लाभ पहुंचाने हमारे देश का पहला राज्य होगा छत्तीसगढ़ जहां भूपेश सरकार ने गोबर खरीदने का स्वागत योग्य साहसिक निर्णय लिया है।छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार हरेली 21 जुलाई 2020 से ऐतिहासिक गोधन न्याय योजना का शुभारंभ होगा जिससे गोपालन और गोबर प्रबंधन से किसानों और पशुपालकों का लाभ होगा । गोधन एवं कृषि पशु की तस्करी अपने आप कम होगा, पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा ,बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा आय के अवसर प्राप्त होंगे कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने तथा डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदने देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय पहल का यादव समाज ने स्वागत किया है।

सभी की सहमति से बनाया जायेगा ब्लाक अध्यक्ष : हितेन्द्र ठाकुर

भाटापारा। जिला कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर का आज प्रथम नगर आगमन हुआ। कांग्रेस भवन में उन्होंने प्रेस को बताया की यहाँ पर कांग्रेस बहुत मजबूत स्थिति में है और ब्लाक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष यहाँ के सभी निष्ठावान नेताओ की सहमति से बनाया जायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा की भाटापारा शहर में कही कोई बिखराव कांग्रेस में नही है यहाँ पर सभी कांग्रेस के लीडर एक है इसका जीता जागता उदाहरण लोक सभा चुनाव के समय आप ने देख लिया। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस यहाँ से निश्चित रूप से विजयी होती अगर जोगी कांग्रेस ने अपना प्रत्यासी यहाँ नही उतारा होता। यहाँ के सभी कांग्रेस नेताओ की एक जुटता का प्रमाण भी यही है की यहाँ की नगर पालिका और जनपद पंचायत में कांग्रेस के लोग नेतृत्व कर रहे है। श्री ठाकुर ने कहा की उनकी पहली प्राथमिकता संग़ठन की मजबूती है और पुरे जिले में कांग्रेस संग़ठन को मजबूत करने वे लगातार दौरा ही नही करेंगे बल्कि समय समय पर वहा बैठक का आयोजन भी किया जायेगा। वही श्री ठाकुर ने अपने कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को स्पस्ट रूप से इशारा कर दिया है की कांग्रेस में थोड़ी भी अनुशासन हिनता बर्दास्त नही की जायेगी।उन्होंने बताया की उनकी नियुक्ति के पश्चात लाक डाउन के चलते जिले का दौरा नही हो पाया था जिसके कारण जिले की कमेटी का गठन नही हो पाया है।

पोहा मिलों में बायोमास यूनिट, न राख न धुंआ, वेस्ट भी कम

कोयला, धान भूसा की जगह एस्टेला का उपयोग

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। पोहा मिलो की चिमनियां अब राख युक्त धुंआ नहीं उगलेंगी। बढ़ते प्रदूषण और हो रही परेशानी को देखते हुए मिलों ने बायोमास यूनिट लगवाने का काम चालू कर दिया है। फिलहाल आधा दर्जन पोहा मिलों में इस बायोमास यूनिट का सफल संचालन हो रहा है। इसे देखते हुए शहर की कई पोहा मिलो ने इस यूनिट की स्थापना को लेकर दिलचस्पी दिखाई है और संबंधित निर्माता कंपनी से संपर्क साधा है।

शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही पोहा मिलो की चिमनियों से निकलने वाला राख युक्त धुआं पहले से कई तरह की दिक्कतें देता रहा है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां वे स्थापित है। साथ ही यूनिटों के किनारों से गुजरने वाली सड़कों से निकलने वाले राहगीर सबसे ज्यादा परेशान होते रहे हैं। इसी तरह मिलो से निकलने वाली राख के निपटान को लेकर भी बरती जा रही लापरवाही को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब इन सब का निपटारा एक साथ करने की कोशिश के बीच एक ऐसी यूनिट खोज निकाली गई है जिसकी स्थापना और परिचालन से ना तो चिमनियों से राख निकलेगी और ना ही ठोस अपशिष्ट निकलेगा। इसे बायोमास यूनिट के नाम से जाना जाता है जो आधा दर्जन से ऊपर की संख्या में पोहा मिलो में सफलतापूर्वक चल रहे हैं।

कोयला और भूसा नहीं

पोहा मिलो ने जिस बायोमास यूनिट की स्थापना की है और परिचालन करना चालू किया है उसमें कोयला या धान भूसा या कोढा की बजाय एस्टेला का उपयोग किया जाता है। बायोमास के बर्नर में एस्टेला डाले जाने के बाद यह तेज ऊर्जा देती है और एक क्विंटल एस्टेला जलने के बाद केवल 2 किलो ही राख छोड़ती है। यह आसानी से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत व्यवस्थित किया जा सकता है।

इतनी है लागत

शहर की पोहा मिलो में सबसे पहले बायोमास यूनिट की स्थापना करने वाली संस्थान में महादेव पोहा उद्योग के संचालक शंकर किंगरानी ने बताया है कि गुजरात की जिस कंपनी के माध्यम से यह बायोमास यूनिट लगाई गई है उसकी लागत 5 लाख 50 हजार रुपए है। लागत भले ही दूसरी पोहा मिलो को ज्यादा लग सकती है लेकिन इसके जो फायदे हैं वह दूरगामी और सुखद परिणाम देने वाले हैं। श्री किंगरानी ने बताया कि परिचालन में धान भूसा और कोयला की जगह एस्टेला याने काजू का छिलका उपयोग किया जाता है। उसकी कीमत लगभग 850 रुपए क्विंटल पड़ती है। और वह जलने के बाद महज 2 फ़ीसदी राख छोड़ती है। इस तरह चिमनियों से ना तो धुआं निकलेगा ना राख और ना इसकी ज्यादा मात्रा। जिसकी वजह से सॉलिड वेस्ट की मात्रा भी घटाई जा सकती है।।

बहुत अच्छी पहल है : कुकरेजा

पोहा मिलो में बायोमास यूनिट की स्थापना बहुत अच्छी पहल है। इससे राख और धूएं से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। सभी संस्थानों को इस सिस्टम को लगाने का आग्रह किया जा रहा है।

कमलेश कुकरेजा, संरक्षक, पोहा मिल एसोसिएशन ,भाटापारा

दूल्हन कि तरह सजाया जायेगा बेमेतरा शहर : आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/साजा (नव प्रदेश)। विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा जिला मुख्यालय को सजाने सवारने में जी जान से जुटे हुए है, विधायक श्री छाबड़ा की पहल पर सीविल लाईन कलेक्टर बंग्ला के पास हो रहे सौदर्यीकरण कार्य वाल पेटिंग का निरिक्षण किया तथा सामने स्थित भगवान परशुराम चौक के समीप स्तिथ भगवान परशुराम जी के मंदिर का निरीक्षण किया। बाजू से लगी हुई पुरानी पानी टँकी जो जर्जर हो चुकी कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है, उसे डिस्मेंटल करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया तथा भगवान परशुराम जी की अष्टधातु प्रतिमा स्थापना तक वहां वाल पेटिंग के माध्यम से भगवान परशुराम जी का तैल चित्र बनाने हेतु आदेशित किया।

विधायक आशीष छाबड़ा ने शहर सौदर्यीकरण विस्तार हेतु शा.बालिका उ.मा.शाला भवन में निरीक्षण कर भवन से लगे हुये वृक्षारोपण स्थल की दीवाल पर वाल पेंटिंग पौधों के संरक्षण हेतु ग्रिल फिटिंग तथा सौदर्यीकरण हेतु बाउंड्रीवाल में लाईटिंग किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। सौदर्यीकरण हेतु पाण्डे तालाब का भी विधायक ने निरीक्षण किया तथा सिंधी मोहल्ले में पेयजल हेतु बोर-खनन कार्य का भूमि पूजन किया।

गौठान से महिला समूह को जोड़कर आमदनी में वृद्धि करें

बेमेतरा/साजा - कलेक्टर शिव अनंत तायल ने आज जिला पंचायत अंतर्गत आज विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष मे आयोजित बैठक के दौरान उन्होने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना नरवा, गरुवा, घुरवा अऊ बाड़ी के अंतर्गत जिले मे कराये जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा की। श्री तायल ने कहा कि गौठान से महिला स्व-सहायता समूह को जोड़कर उनकी आमदनी मे इजाफा करें। चारागाह एवं बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

उद्यान विभाग द्वारा गौठानों मे फलदार पौधे का वितरण

बेमेतरा/साजा - रोका छेका कार्यक्रम के अंतर्गत बेमेतरा जिले के उद्यानिकी विभाग द्वारा बीते दिनों गौठान ग्राम बिलई मे सामुदायिक बाड़ी का अवलोकन नवागढ़ विधायक गुरुदयाल बन्जारे द्वारा किया गया। जहाँ का कार्य जय मां सरस्वती सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। उन्हे पपीता के 500 पौधे बाड़ी मे लगाने हेतु प्रदान किया गया। जिसका रोपण कार्य जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रज्ञा निर्वाणी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेमेतरा, श्रीमती रश्मि ठाकुर उद्यान विभाग, कृषि विभाग एवं पशुधन विभाग की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात जिले मे स्थापित अन्य गौठान में फलदार पौध वितरण का कार्य किया गया।

प्रशंसा की उपलब्धि पर शालेय शिक्षक संघ ने दी शुभकामनाएं

बेमेतरा/साजा - हाई स्कूल सर्टिफिकेट बोर्ड परीक्षा छ.ग. 2020 पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला व प्रदेश को गौरवान्वित करने वाली कु. प्रशंसा राजूपत जिनकी माता श्रीमती श्रध्दा राजपूत शिक्षा विभाग में व्याख्यता के पद पर कार्यरत है, जो कि हम सभी शिक्षकों के लिये भी गर्व की बात है। शालेय शिक्षा कर्मी संघ के जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष साजा पवन साहू द्वारा कु.प्रशंसा राजपूत की इस उपलब्धि पर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें व उनके परिवार वालो को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही जिले एवम ब्लॉक से परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुई असफल विद्यार्थियों को निराश न होने की अपील करते हुए कड़ी मेहनत व लगन के साथ पुनः पढ़ाई करने का संदेश दिया गया।

भगवान का नाम भगवान से भी बढ़कर : वैष्णवदास जी

बेमेतरा/साजा। अखण्ड ब्रह्माण्ड में भगवान का नाम सबसे बड़ा है भगवान से भी बढ़कर। कलियुग में भगन्नाम ही साधना का सबसे सुगम मार्ग है। इसका आश्रय लेकर जीव सहज ही भगवान का कृपापात्र बन सकता है। श्रीरामहर्षण कुंज साजा में 26 जून को सीताराम संकीर्तन की वर्षगॉठ पर महंत वैष्णवदास जी ने राम नाम की महिमा बतायी। इस अवसर पर सीताराम जी का पावन अभिषेक किया गया। भक्तों ने भण्डारा प्रसादी पायी। महंत जी ने कहा भगन्नाम की बड़ी महिमा है। भगवान के स्वरूप के चार अंग हैं नाम, रूप, लीला तथा धाम। जीव की इन चारों में से किसी एक पर भी निष्ठा हो जाये तो जीवन का कल्याण अवश्यंभावी है। इनमें से रूप, लीला तथा धाम की साधना तो जरा कठिन है लेकिन नाम साधना सबसे सहज एवं सरल है। कलिकाल में ठाकुर जी को प्रसन्न करने का यह सबसे सीधा तथा सरल उपाय है। इसके द्वारा भगवान के चरणों में सहज ही प्रीति हो जाती है।

जिले के कई सहकारी समितियों में प्रबंधकों की मनमानी

किसानों को खाद के साथ दिया जा रहा जबरदस्ती दानेदार झाइम

बालोद (नव प्रदेश)। बालोद जिले में इस वक्त खेती किसानों का कार्य जोरो पर है ,तो वही किसान खेतो में बोआई के पूर्व अपने क्षेत्र के सहकारी समितियों से खाद की खरीदी की जा रही है ,लेकिन इस बीच कई सहकारी समितियों में समिति प्रबंधको की मनमानी सामने आ रही है ,मामले में किसानों की माने तो वे लोग समिति में यूरिया पोटास व डीएपी खाद लेने आये थे लेकिन समिति प्रन्धक द्वारा बिना लादन(झाइम) के खाद नही देने की बात कहते नजर आते है,खाद के साथ 10 किलो का एक झाइम लेना अनिवार्य कर दिया जिसकी कीमत 500 रुपये बताई गई तो वही मामले में धनोरा बरही सहित कई समिति प्रबंधकों से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि यह सामान समिति के संचालक मंडल व अध्यक्ष के सहमति से आई है, जिसको हम लोग सिर्फ किसानों को दे रहे है ,वही इस झाइम को किसानों के खातों में भी अन्य खाद के साथ एंट्री किया जा रहा जो किसानों को कर्ज में दिया जा रहा है।

मामले में जिला कृषि उपसंचालक एन एल पांडेय से बात की गई तो मामले में जिला कृषि उपसंचालक इस तरह किसानों को जबरदस्ती झाइम देने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है, जिसपर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध कर दिया गया है, साथ ही पूरे मामले की जांच किये जाने की बात कही गई, इस पर दोषी पाए जाने वाले समितियों पर भी नियमानुसार कार्यवाही की बात कही गई।

4 गौठान से अतिक्रमण हटाया गया

बेमेतरा/साजा। जिलें में शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा जगन्नाथ वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा कल जिले के ग्राम-तेंदूभाठा, मरका, अतरिया एवं ढोलिया के गौठान से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। एसडीएम ने बताया कि बेमेतरा अनुविभाग के अंतर्गत गौठान एवं खलिहान (ब्यारा/कोठार) से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अब घर बैठे ही मिलेगा...

शुल्क लेकर और व्यय शुल्क की पावती देते हुए आवेदकों के निवास के पते पर प्रमाण पत्र भेजने की सुविधा दी जाएगी। जिससे आवेदकों को पुनः तहसील कार्यालयों एवं लोक सेवा केन्द्रों में जाने की जरूरत नही होगी। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव ने राज्य के सभी कलेक्टरों को शासन की मंशा अनुसार जाति एवं निवास प्रमाण पत्र आवेदकों के घर भिजवाने की सुविधा शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

संसद रत्न पुरस्कार के लिए...

राम मोहन नायडू हैं। राज्यसभा के वर्तमान सांसदों को सम्मानित करने की इस श्रेणी को इसी साल शुरू किया गया है। प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन के अनुसार भर्तृहरि महताब, सुप्रिया सुले और श्रीरंग अप्पा बार्ने को 16वीं लोकसभा में निरंतर गुणात्मक प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'संसद महा रत्न पुरस्कार' प्राप्त होगा। यह पुरस्कार पांच साल में एक बार दिया जाता है।

पुलिस पर थाने में...

मनोज जैन, अजय रेणु, किशन यादव, दीपक शोरी, जितेंद्र वैध, सोमेश सोनी, हेमंत बघेल सहित कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

मामला एक नजर में : पार्षद शादाब खान गुरुवार को रात करीब 7 से 8 बजे के बीच वार्ड की एक युवती के गुम होने व वार्ड की कुछ समस्याओं की जानकारी लेने थाने पहुंचे। पार्षद के मुताबिक, इस बीच थाने के सब इंस्पेक्टर द्वारा रकम की मांग की गई। पार्षद ने रकम देने से इनकार कर दिया। इस बीच पार्षद ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी से किया, तो उल्टे थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर को फटकार लगाने की बजाय पार्षद से भीड़ गए। और दोबारा थाने नहीं आने का फरमान सुना दिया। जिसके बाद पार्षद मोनू खान ने तत्काल इसकी शिकायत नगरपालिका उपाध्यक्ष व पालिका के पार्षदों तक पहुचाई। देखते ही देखते थाने में करीब दर्जनभर पार्षद पहुंच गए। जिसके बाद मामले की गम्भीरता को देखते अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को सुना। लेकिन पुलिस अधिकारी के साथ हुई वार्तालाप से असंतुष्ट कांग्रेस पार्षद व पालिका उपाध्यक्ष ने विधायक से शिकायत कर तत्काल एसडीओपी, थाना प्रभारी व स्टाफ को हटाकर अन्यत्र स्थान भेजने की जिद पकड़ ली।

कांकेर थाना में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा शर्मनाक घटना है। जब जनप्रतिनिधियों से पैसे की मांग की जाती है तो सामान्य लोगों से पुलिस कितनी रिश्वत लेती होगी। इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पार्षद के साथ हुए दुर्व्यवहार और पैसे की मांग की घटना से नाराज सारे पार्षदों ने एसडीओपी, थाना प्रभारी व स्टाफको बदलने की मांग की है। दो दिन के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो थाने के सामने प्रदर्शन किया जाएगा।

-मकबूल खान, नपा उपाध्यक्ष

किसी भी नागरिक के साथ पुलिस का व्यवहार सादगीपूर्ण होना चाहिए। कांग्रेस पार्षद के साथ दुर्व्यवहार व पैसों की मांग की घटना गंभीर है। इस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। -शिशुपाल सोरी, विधायक, कांकेर

हमारे कांग्रेस पार्षद के साथ दुर्व्यवहार व रिश्वत की मांग वाली घटना बेहद गंभीर है। इस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। -जितेंद्र सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता व पूर्व नपा अध्यक्ष

रिजल्ट के लिए आंतरिक...

जारी करेगा, क्योंकि विद्यार्थी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेण्ड्री एजुकेशन (आईसीएसई) ने एक सप्ताह के भीतर नयी अधिसूचना जारी करने की बात की।

गुजरात में सीमा के..

मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। मामले की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

वायुसेना ने सैन्याभ्यास का...

जारी की है जिसमें वायुसेना का एयरक्राफ्ट वास्तविक नियंत्रण रेखा के आस-पास के इलाकों में हवाई गतिविधियों के जरिए निगरानी और सैन्य अभ्यास कर रहा है। वायुसेना का यह एयरक्राफ्ट लेह में सैन्य अभ्यास कर रहा है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र. अ-2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता आवेदिका श्रीमती ज्योत्सना नायक पति श्री संजय कुमार नायक निवासी सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 04 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नं. 2250/18 रकबा 0.03 हे. अर्थात 3000 वर्गफीट भूमि पर आवासीय, प्रयोजन में डायवर्सन किए जाने के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 9/7/20 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/6/20 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पाटन, जिला-दुर्ग

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी आरंग, जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-258, कु. शोभना उइके पिता स्व. श्री रामचन्द्र उइके, के नाम पर स्ववित्तीय आधार पर किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का लीजडीड दिनांक 04.06.2014 को निष्पादित करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी कु. शोभना उइके पिता स्व. श्री रामचन्द्र उइके, पता- आई/70, शांति नगर, सिंचाई कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री कमल कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर पता- बुद्ध विहार मंदिर के पास, अशोक नगर, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्री कमल कुमार चन्द्राकर पिता श्री कृष्ण कुमार चन्द्राकर पता- बुद्ध विहार मंदिर के पास, अशोक नगर, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-05, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अंतर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाए अनुसार ईमारती काष्ठ/पुराना वाहन/पुराना भण्डार सामाग्री का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 02.07.2020
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10.00 बजे पूर्वान्ह से

प्रजाति	नयी काष्ठ			पुरानी काष्ठ		
	नग	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी	नग	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी
सागौन	1770	227.508	128/183	9	2.351	0
साल	0	0	0	240	45.186	10/3
बीजा	1	0.201	0	321	27.383	6/13
साजा	20	1.399	18	45	4.918	12/1
हल्दू	0	0	0	9	1.902	0
शिवना	0	0	0	2	0.130	1/1
अन्य	22	5.630	41	348	73.693	17/15
मुलायम काष्ठ	0	0	0	9	3.293	0
बीजा चिरान	7	0.768	0	0	0	0
हल्दू चिरान	0	0	0	6	0.080	0
योग :-	**1820**	**235.506**	**189/183**	**1006**	**162.128**	**49/39**

राजसात वाहन/पुराना भण्डार सामग्री का विवरण

अ.क्र.	वाहन/पुराना भण्डार सामग्री का प्रकार	वाहन क्रमांक	सामाग्री स्थल
1	2	3	4
1	टाटा सूमो	CG-06 A-2372	परिक्षेत्र कार्यालय दन्तेवाड़ा
2	ट्रक	CG-02-308	नि./उपभोक्ता डिपो गीदम
3	ट्रक	CP-Z-5339	वन परिक्षेत्र कार्यालय दन्तेवाड़ा
4	कमाण्डर	CG-18-ZD-0118	काष्ठागार दन्तेवाड़ा
5	पुराना ट्रक एवं जीप टायर	21 नग	--,,--
6	खराब भण्डार सामग्री (कम्प्यूटर सेट, फोटो कापी मशीन एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामाग्री)	195 नग	वनमण्डल कार्यालय दन्तेवाड़ा
7	खराब भण्डार सामग्री (आरा, बाल्टी, हथोड़ा, तगाड़ी, रापा एवं अन्य सामाग्री)	619 नग	--,,--

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्तें एवं विस्तृत जानकारियां अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई ईमारती काष्ठ/ पुराना वाहन/ पुराना भण्डार सामाग्री श्रेणी को भलीभांति देख लेवें। वर्ष 2020 का व्यापार पंजीयन प्रमाण पत्र एवं फर्म का पेन नंबर/जी.एस.टी. नंबर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है।

जी-81818/8

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021 email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 0771-4035602,

सुशांत की आखिरी फिल्म दिल बेचारा का प्रमोशन करेंगे राजकुमार

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, सुशांत सिंह राजपूत की अंतिम फिल्म दिल बेचारा का प्रमोशन करने जा रहे हैं।

सुशांत की आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' को 24 जुलाई ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की जा रही है। राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम अकांउट पर फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। सुशांत की डेब्यू फिल्म 'काय पो छे' और बाद में 'राब्ता' में उनके सह-कलाकार रह चुके राजकुमार ने पोस्टर को एक रेड हार्ट ईमोजी के साथ साझा किया। सुशांत सिंह राजपूत के असामयिक निधन पर दुख जताते हुए राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर लिखा था, आपकी याद आएगी भाई। इस बीच, सोशल मीडिया पर लोग फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किए जाने के फैसले से काफी नाखुश दिखे और उन्होंने कुछ समय तक के लिए ही सही, लेकिन फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने की मांग की है।

मुलायम सिंह यादव की बायोपिक का पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बायोपिक का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। बॉलीवुड में राजनेताओं पर आधारित बायोपिक फिल्मों का चलन जोरो पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिव सेना सुप्रीमो बाला साहब ठाकरे और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बाद अब उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की बायोपिक बनायी जा रही है।

चुरा लिया है तुमने जो दिल को

मुंबई 26 जून (वार्ता) बॉलीवुड में अपनी मधुर संगीत लहरियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले महान संगीतकार आर.डी.बर्मन आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन फिज़ां के कण..कण में उनकी आवाज गूंजती हुयी महसूस होती है जिसे सुनकर श्रोताओं के दिल से बस एक ही आवाज निकलती है..चुरा लिया है तुमने जो दिल को..।

आर.डी बर्मन का जन्म 27 जून 1939 को कलकत्ता में हुआ था। उनके पिता एस.डी.बर्मन जाने माने फिल्मी संगीतकार थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण उनका भी रूझान संगीत की ओर हो गया और वह अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेने लगे। उन्होंने उस्ताद अली अकबर खान से सरोद वादन की शिक्षा ली। फिल्म जगत में..पंचम.. के नाम से मशहूर आर.डी.बर्मन को यह नाम तब मिला जब उन्होंने अभिनेता अशोक कुमार को संगीत के पांच सुर सा.रे.गा.मा.पा गाकर सुनायी। नौ वर्ष की छोटी सी उम्र में पंचम दा ने अपनी पहली धुन ..ए मेरी टोपी पलट के आ.. बनायी और बाद में उनके पिता सचिन देव बर्मन ने उसका इस्तेमाल वर्ष 1956 में प्रदर्शित फिल्म ..फंटूश ..में किया। इसके अलावा उनकी बनायी धुन ..सर जो तेरा चकराये.. भी गुरूदत्त की फिल्म ..प्यासा.. के लिये इस्तेमाल की गयी। अपने सिने कैरियर की शुरूआत आर.डी.बर्मन ने अपने पिता के साथ बतौर संगीतकार सहायक के रूप में की। इन फिल्मों में ..चलती का नाम गाड़ी ..1958 और कागज के फूल.. 1959 जैसी सुपरहिट फिल्में भी शामिल है। बतौर संगीतकार उन्होंने अपने सिने कैरियर की शुरूआत वर्ष 1961 में महमूद की निर्मित फिल्म ..छोटे नवाब.. से की लेकिन इस फिल्म के जरिये वह कुछ खास पहचान नहीं बना पाये ।

बॉलीवुड में आप टैलेंटेड हैं तो भी पीछे हैं :मनोज वाजपेयी

मुंबई (वार्ता)। जाने-माने अभिनेता मनोज वाजपेयी ने फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म (भाई-भतीजवाद) को लेकर कहा कि बॉलीवुड में आप टैलेंटेड हैं तो भी पीछे हैं।

बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर चल रही बहस पर मनोज वाजपेयी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मनोज वाजपेयी ने कहा ,÷दुनिया निष्पक्ष नहीं है, यह बात 20 साल से कह रहा हूं, हमारी इंडस्ट्री में टैलेंटेड एक्टर है लेकिन उन्हें सही जगह नहीं मिल पा रही है, यहां आप टैलेंटेड हैं तो भी आप पीछे हैं, क्योंकि आपको लोग भगाने और नजरअंदाज करने की कोशिश करेंगे। मनोज वाजपेयी ने कहा ,÷हमारे विचारों और मूल्यों में कहीं ना कहीं कमी है, जब हम प्रतिभा देखते हैं तो उसे हम अनदेखा करना चाहते हैं, या फिर उसे दूर कर देते हैं, यह हमारे मूल्य हैं जो बेहद खोखले हैं । अगर आपमें टैलेंट नहीं है और आपको यह जगह मिल गई है तो आप अपने आप को खुशनसीब समझिए। क्योंकि अपने सिद्धांतों को लेकर यह इंडस्ट्री काफी पीछे है। इंजीनियर की परीक्षा में तो विद्यार्थी अपने हुनर से अव्वल आ जाते हैं, लेकिन बॉलीवुड इंडस्ट्री में अगर आप टैलेंटेड है तो भी पीछे हैं।

सुशांत जैसे इंटेलिजेंट नहीं हैं मनोज वाजपेयी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी का कहना है कि वह सुशांत सिंह राजपूत जितने इंटेलिजेंट नहीं है।

सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद मनोज वाजपेयी उन्हें याद कर रहे हैं।मनोज वाजपेयी का मानना है कि वह सुशांत जैसे इंटेलिजेंट नहीं हैं, न ही उनकी उम्र तक वह उतना अचीव कर पाए थे जितना सुशांत ने कर लिया था।मनोज बाजपेयी ने सुशांत के साथ फिल्म 'सोनचिड़िया' में काम किया था। मनोज वाजपेयी ,शेखर कपूर के साथ इंस्टा लाइव पर सुशांत को याद कर चुके हैं। अब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान सुशांत के बारे में कुछ बातें कहीं।

मनोज बाजपेयी ने कहा, ÷हम सभी के पास उतार-चढ़ाव और इमोशंस होते हैं। सुशांत भी अलग नहीं थे। मुझे नहीं लगता कि मैं इतना टैलंटेड हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं उतना इंटेलिजेंट हूं जितने वो हुआ करते थे। मुझे नहीं लगता कि 34 साल की उम्र तक मैंने वो सब अचीव कर पाया था जो उन्होंने कर लिया था। मुझे लगता है कि मेरे अचीवमेंट्स बहुत ही छोटे हैं। मैं उन्हें इसी तरह से याद करता हूं। मनोज वाजपेयी ने कहा, मैं उन्हें सिर्फ एक अच्छे इंसान के रूप में ही नहीं बल्कि ऐसे इंसान के रूप में जानता हूं, जो पटना से था। जो इतना अच्छा डांस करने, कूल होने और प्यारी मुस्कुराहट होने के बाद भी जड़ों से जुड़ा था। अंदर से वह छोटे कस्बे के बंदे थे। उनके अंदर छोटे शहर पटना का लड़का छिपा था। जिससे मैं बहुत रिलेट करता था।

भारत मैच फिक्सिंग को अपराध घोषित करे: आईसीसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) में जांच समन्वयक स्टीव रिचर्डसन का मानना है कि भारत में मैच फिक्सिंग को अपराध घोषित करना खेलों की दृष्टि से एक प्रभावशाली कदम साबित हो सकता है जिससे क्रिकेट जगत में बड़ा बदलाव आयेगा।

दुबई (वार्ता)। रिचर्डसन ने भारत सरकार से मैच फिक्सिंग को लेकर आपराधिक कानून बनाने का आग्रह किया है। भारत में अगले तीन वर्षों के दौरान क्रिकेट के दो बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन होना है जिसको देखते हुए यदि मैच फिक्सिंग को रोकने के लिए कानून बनाया जाता है तो यह काफी अहम साबित हो सकता है। रिचर्डसन ने कहा कि भारत को पड़ोसी देश श्रीलंका की तरह मैच फिक्सिंग पर रोक लगाने के लिए कानून बनाना चाहिए।

आईसीसी के अधिकारी ने कहा, ÷भारत को 2021 में आईसीसी टी-20 विश्व कप और 2023 में वनडे विश्व कप का आयोजन करना है। मौजूदा समय में मैच फिक्सिंग को लेकर कोई कानून नहीं है। हमारे भारतीय पुलिस के साथ अच्छे संबंध हैं और हम इसे रोकने के लिए उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन उनके हाथ भी बंधे हुए हैं। भ्रष्टाचारियों की कोशिशों को नाकाम करने के लिए हम जो कुछ भी कर सकते हैं वह सब करेंगे। हमने अपने प्रयासों से उनका काम करना काफी मुश्किल कर दिया है। वह स्वतंत्र होकर काम नहीं कर सकते। हम जहां तक भ्रष्टाचारियों को रोक सकते हैं वहां तक प्रयास करते हैं। रिचर्डसन ने कहा, मैच फिक्सिंग को रोकने वाला कानून भारत में एक निर्णायक कदम साबित हो सकता है। हम इस समय 50 मामलों की जांच कर रहे हैं जिनमें से अधिकतर मामले भारत से जुड़े हुए हैं। यदि भारत मैच फिक्सिंग को लेकर कानून बनाता है तो खेलों को सुरक्षित एवं भ्रष्टाचार से बचाने की दृष्टि यह एक अहम कदम साबित हो सकता है। वर्ष 2019 में दक्षिण एशिया में क्रिकेट खेलने वाला श्रीलंका ऐसा पहला देश बन गया था जिसने मैच फिक्सिंग को अपराध घोषित कर इसका दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष की सजा का प्रावधान किया है।

प्रो कबड्डी लीग को श्रीलंका में कराने की कोई योजना नहीं

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रो कबड्डी लीग ने इस साल अपने आठवें सत्र को श्रीलंका में कराने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए गुरूवार को कहा कि उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है।

प्रो कबड्डी लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा कि ये खबरें सिर्फ अटकलबाजियां हैं जिसमें कहा गया था कि श्रीलंका कबड्डी महासंघ प्रो कबड्डी के आठवें सत्र को आयोजित करेगा। प्रवक्ता ने कहा कि श्रीलंका कबड्डी महासंघ के अध्यक्ष अनुरा पथिराना ने प्रो कबड्डी प्रबंधन को स्पष्ट किया है कि उनकी प्रो कबड्डी के किसी अधिकारी से लीग को श्रीलंका में आयोजित करने की संभावना को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है और उनके हवाले से पेश किया जा रहा कोई भी बयान पूरी तरह गलत है। प्रवक्ता ने कहा , ÷प्रो कबड्डी लीग के लिए सत्र का सामान्य विंडो जुलाई और अक्टूबर होता है। इस साल कोरोना संकट के मद्देनजर हम स्थिति की समीक्षा करना जारी रखेंगे और खेल, प्रशंसकों, खिलाड़ियों तथा हितधारकों के लिए सबसे सुरक्षित और सर्वश्रेष्ठ विकल्प तलाशेंगे।

एनबीए और एनबीपीए ने नस्लभेद दूर करने पर की चर्चा

न्यूयॉर्क (वार्ता)। दुनिया में नस्लीय असमानता को लेकर चल रही बहस के बीच नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) और नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर्स एसोसिएशन (एनबीपीए) ने सामाजिक न्याय के प्रयासों पर चर्चा की है। अमेरिका में अश्वेत नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद खेल जगत ने नस्लभेद के खिलाफ आवाज बुलंद की है और कई खिलाड़ियों ने इस बात को उठाया है कि अपने खेल जीवन में वे नस्लभेद के शिकार हुए हैं। एनबीए के कमिश्नर एडम सिल्वर, एनबीए उप कमिश्नर और मुख्य संचालन अधिकारी मार्क टेटम, एनबीए के मुख्य विविधता और समावेश अधिकारी ओरिस स्टुअर्ट और लीग के अन्य अधिकारियों ने देश में सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सामूहिक प्रतिक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए नेशनल बास्केटबॉल प्लेयर्स एसोसिएशन निदेशक माइकल रोबटर्स और लीग के कई खिलाड़ियों के साथ एक बैठक की।

54 राष्ट्रीय खेल महासंघों की अस्थायी मान्यता वापस

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए गुरुवार को 54 राष्ट्रीय खेल महासंघों की अस्थायी मान्यता वापस ले ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को खेल मंत्रालय को 54 एनएसएफ की अस्थायी मान्यता वापस लेने का निर्देश दिया था। इन एनएसएफको मंत्रालय ने 11 मई को अस्थायी मान्यता प्रदान की थी। खेल मंत्रालय के उप सचिव एसपीएस तोमर ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के महानिदेशक संदीप प्रधान को एक पत्र लिखकर कहा, ÷दिल्ली उच्च न्यायालय के 24 जून के आदेश का पालन करते हुए मैं खेल मंत्रालय की ओर से दो जून को जारी किए गए उस पत्र को वापस लेता हूं जिसमें राष्ट्रीय खेल महासंघों को वर्ष 2020 के लिए अस्थायी मान्यता देने का फैसला लिया गया था।÷

पूर्व क्रिकेटर रॉबिन सिंह की कार जब्त

चेन्नई (वार्ता)। चेन्नई पुलिस ने लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघ करने के आरोप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन सिंह की कार को गुरुवार को जब्त कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रॉबिन सिंह कुछ आवश्यक सामान खरीदने अपनी कार में बैठकर जा रहे थे कि तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया। लॉकडाउन के दौरान आवाजाही के लिए आवश्यक ई-पास नहीं होने के कारण रॉबिन की कार को पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड को महिला फुटबॉल विश्व कप 2023 की संयुक्त मेजबानी

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को संयुक्त रूप से फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप 2023 के आयोजन की मेजबानी मिल गयी है। दोनों देशों के नेताओं ने फीफा के फैसले का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया है।

कैनबरा (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को महिला फुटबॉल विश्व कप 2023 की मेजबानी मिलने के फैसले की घोषणा करते हुए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि संयुक्त मेजबानी से इस टूर्नामेंट का महत्व और बढ़ेगा तथा महिला फुटबॉल के विकास के लिए अहम कदम साबित होगा।

इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से, कोलंबिया, जापान और ब्राजील शामिल थे। ब्राजील सबसे पहले होड़ से यह कहते हुए हट गया कि उसकी सरकार को इसकी मेजबानी में कोई फायदा नहीं दिखाई देता है। इसके बाद जापान ने गत सोमवार को अपनी दावेदारी वापस ले ली थी। जापान के हट जाने के बाद मुकाबला ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड तथा कोलंबिया के बीच सिमट गया था। स्विट्जरलैंड में शुक्रवार को फीफा परिषद की एक बैठक में 2023 के विश्व कप की मेजबानी के लिए वोटिंग हुई जिसमें दोनों देशों ने कोलंबिया को 22-13 के अंतर से हराकर संयुक्त मेजबानी हासिल कर ली।

यह इतिहास में पहली बार होगा जब अलग-अलग फुटबॉल महासंघों से संबंध रखने वाले दो देश किसी विश्व कप की मेजबानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया का संबंध एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) से है जबकि न्यूजीलैंड ओसियाना फुटबॉल महासंघ (ओएफसी) से जुड़ा हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने शुक्रवार सुबह एक संयुक्त वक्तव्य जारी फीफा के इस फैसले को महिलाओं के खेलों की दृष्टि से ऐतिहासिक करार दिया है। संयुक्त वक्तव्य में दोनों देशों के नेताओं ने फुटबॉल महिला विश्व कप को अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप आयोजन बनाने का दावा करते हुए कहा, ÷2023 का विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा और सर्वश्रेष्ठ आयोजन होगा। इसको लेकर कोई शंका नहीं है। कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से उबर रहे दोनों देशों को संयुक्त रूप से इस आयोजन की मेजबानी मिलना फुटबॉल प्रेमियों और खेल जगत से जुड़े हुए लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। दोनों नेताओं ने संयुक्त वक्तव्य में कहा, ÷खेल प्रेमी राष्ट्र होने के तहत हम दोनों देशों ने फुटबॉल जगत को इतिहास में सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉल खिलाड़ी दिए हैं। इस टूर्नामेंट के आयोजन से हमारी अगली पीढ़ी को विश्व स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।÷ फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप 2023 का आयोजन जुलाई से अगस्त महीने तक किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में पहली बार कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी। यह इतिहास में पहली बार होगा जब अलग-अलग फुटबॉल महासंघों से संबंध रखने वाले दो देश किसी विश्व कप की मेजबानी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया का संबंध एशियाई फुटबॉल महासंघ से है जबकि न्यूजीलैंड ओसियाना फुटबॉल महासंघ से जुड़ा हुआ है।

लिवरपूल 30 साल बाद बना इंग्लिश प्रीमियर लीग चैंपियन

लंदन (वार्ता)। चेल्सी ने मेनचेस्टर सिटी को जैसे ही 2-1 से हराया, लिवरपूल ने 30 साल के लम्बे अंतराल के बाद इंग्लिश प्रीमियर लीग का फुटबॉल खिताब जीत लिया जबकि अभी सात मैच बाकी हैं। स्टेमफोर्ड ब्रिज में चेल्सी की मेनचेस्टर सिटी पर गुरूवार को 2-1 की जीत के साथ ही लिवरपूल को विजेता घोषित कर दिया गया। लिवरपूल ने आखिरी बार लीग चैंपियनशिप 1989-90 में फर्स्ट डिवीजन के रूप में थी। इसके बाद वर्ष 1992 में इंग्लिश प्रीमियर लीग का गठन किया गया था। लिवरपूल का यह 19वीं लीग खिताब है। जुर्गेन क्लोप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत लिवरपूल ने बुधवार को क्रिस्टल पैलेस को 4-0 से हराकर 23 अंकों की बढ़त के साथ तालिका में पहला स्थान बना लिया था। इसके बाद उसे जरुरत थी कि दूसरे स्थान पर काबिज मेनचेस्टर सिटी मैच हारकर अंक गंवाए और वही हुआ। सात मैच शेष रहने के बावजूद लिवरपूल का खिताब पक्का हो गया। चेल्सी ने क्रिस्टियन पुलिसिचऔर विलियम के गोलों की मदद से मेनचेस्टर सिटी को हराकर लिवरपूल का खिताबी सूखा खत्म करने में मदद की।

■ न्यूज गैलरी

चिकित्सालय के बरामदे में गुटखा थूकते एक पकड़ाया

महासमुंद। जिला चिकित्सालय को पूर्णतः तम्बाकूमुक्त परिसर घोषित करने की मुहिम में निरंतर समझाइश और चालानी कार्रवाई की जा रही है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत संचालित जिला तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र ने जिला चिकित्सालय के प्रवेश एवं निकासी द्वारों पर तंबाकू जामा तलाशी बक्से रख आए थे। यहां रोजाना की जा रही जांच पड़ताल में आज एक बार फिर चालानी कार्रवाई की गई। ओपीडी के समय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण दल के कर्मचारियों सहित चिकित्सालय में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने परिसर के सभी वार्डों में निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम कोसमखुंटा से आए एक युवक को चिकित्सालय के पहले माले में स्थित बरामदे के कोने में गुटखा खाकर थूकते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जिस पर उसे परिसर के तंबाकू मुक्त होने की जानकारी देते हुए दो सौ रुपए का अर्थदंड लगाते हुए चालानी कार्रवाई की गई।

सर्व सुविधायुक्त बाजार के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। फुटपाथ व्यवसायियों के लिए सर्व सुविधायुक्त मार्केट हेतु विधायक विनोद चंद्राकर एवं नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने वार्ड पार्षद राशि महिलांग की मौजूदगी में सड़क, नाली, विद्युत, पेयजल व्यवस्था के लिए भूमिपूजन किया। राष्ट्रीय राजमार्ग 353 से हटाए गए करीब 170 व्यवसायियों के व्यवस्थापन के लिए नगर पालिका करीब 20 लाख रुपए खर्च कर रही है। जिसकी शुरुआत गुरुवार को विधायक विनोद चंद्राकर एवं पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने की है। इस मार्केट को सुव्यवस्थित बनाने कांक्रीटीकरण सड़क, नाली निर्माण किया जा रहा है। वहीं 5 विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। पेयजल के लिए पानी टंकी स्थापित की गई है। इससे लोगों को 24 घंटे पानी उपलब्ध होगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा दुकानों का निर्माण व्यवसायियों को स्वयं के व्यय पर करना होगा, और पालिका द्वारा ड्राइंग डिजाइन उपलब्ध कराया जाएगा। उसी डिजाइन के आधार पर सभी को दुकानें बनानी होंगी। व्यवसायियों को पालिका को 10 हजार रुपए अमानत राशि के रूप में देनी होगी।

मोटर साइकिल चोरी

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के अछोला में दीपक कुमार ध्रुव की बाइक क्रमांक सीजी 04 एलटी 6202 को अज्ञात ने पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया।

युवक से अंग्रेजी शराब बरामद

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने ग्राम तेन्दूवाही में रेड मारकर एक युवक से करीब 27 सौ रूपए कीमती अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि ईश्वर खड़िया अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था। उनसे कुल 4.140 लीटर शराब कीमती 2760 रूपए बरामद की गई। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई।

कुष्ठ रोगी ने की खुदकुशी

महासमुंद। कुष्ठ पीड़ित युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक वार्ड 5 गणेश पारा निवासी सोनवारू यादव पिता विषेय यादव (45) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

बाइक से शराब परिवहन करते दो सपड़ाए

महासमुंद। पुलिस ने 80 लीटर महुआ शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सरायपाली पुलिस अवैध शराब पर लगातार निगरानी रख रही थी। इस बीच मुखबिर से सूचना मिली कि अमरकोट निवासी सेतराम भोई और बंदोबस्त भोई ने मोटर साइकिल से शराब का अवैध परिवहन कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों को बिना नंबर की मोटर साइकिल में दो सफेद रंग की बोरी में रखी 40-40 लीटर कुल 80 लीटर महुआ शराब परिवहन करते हुए पाया। मामले में आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई कर विवेचना में लिया गया है।

क्वारंटाइन सेंटर की दीवार फांदकर युवक फरार

महासमुंद। ग्राम गांजर में एक मजदूर द्वारा क्वारंटाइन सेंटर की दीवार फांदकर भागने का मामला सामने आया है। ग्राम गांजर निवासी किशन यादव पिता धीरपाल यादव (23) बाहर राज्य से आया है। वह अन्य प्रदेश में मजदूरी करने गया था, जो वापस आया था। उसे क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया था। 23 जून की शाम सात बजे वह फरार हो गया।

निधन

श्रीचंद सचदेव

महासमुंद। स्थानीय गंजपारा निवासी श्रीचंद सचदेव (82) का गुरुवार शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. प्रकाश सचदेव, रमेश, हरीश, हरि, बंटी के पिता, डॉ एन सचदेव, परसराम सचदेव के चाचा व बादल सचदेव, सांसद प्रतिनिधि राकेश सचदेव, सत्यम, सौरभ, सूजल के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

मैंनपुर देवभोग नेशनल हाईवे पर मुरूम की जगह डाली गई लाल मिट्टी, राहगीर आए दिन हो रहे है परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

मैंनपुर । गरियाबंद जिले के मैंनपुर देवभोग हा॥ 130 सी नेशनल हाईवे मुख्य मार्ग (सड़क) मे जिम्मेदार अधिकारी द्वारा भारी लापरवाही को अंजाम दिया गया है।इसका लापरवाही का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है स्थितियां है कि सड़क किनारे डाले गए लाल मिट्टी राहगीरों की परेशानी का सबब बन हुआ है ।सड़क किनारे लाल मिट्टी लाकर विभाग द्वारा विगत दो-तीन माह पहले डाली गई है वही हाल ही में हुई बारिश के बाद ही यह मिट्टी पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो गई है राहगीर

नाम भर का नेशनल हाईवे सड़क

यह सड़क नेशनल हाईवे 130 सी के नाम से जाना जा रहा है लेकिन इस सड़क में नेशनल हाईवे जैसा कुछ काम नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारी करते नजर नहीं आ रहे हैं जगह-जगह गड्ढे सड़क की पोल खोल रहे हैं वहीं पटरी नहीं बनना हादसे की सबसे बड़ी वजह बनकर सामने आ रही है राहगीरों हर दिन देवभोग गोहरापदर अमलीपदर ध्रुवागुड़ी इंदा गांव और छोटे-छोटे ग्रामीण इलाको से आए दिन मैनपुर मुख्यालय की आवागमन करते रहते है राहगीरों द्वारा प्राप्त जानकारी मिली की हर 2,3 दिन मे ध्रुवागुड़ी से तौरंगा तक की रोड किनारे डाली गई लाल मिट्टी की वजह से रोड़ में हादसे के शिकार होता नजर आ रहा है मामले में जिला स्तर पर बैठे सभी अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है लेकिन आज तक अधिकारियों ने उचित कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा है प्राप्त जानकारी के मुताबिक राहगीरों द्वारा जल्द से जल्द उच्च अधिकारियों की इसकी जानकारी देने की बात की है

बताते हैं कि इस मिट्टी में यदि वाहन आ जाए तो वाहन चलाने वाले को अपनी जान हथेली पर रखकर इस मिट्टी से वाहन पार करना होता है। इसी तरह की स्थिति चार पहिया वाहन चालकों के लिए भी बनी हुई है राहगीर बताते हैं कि सबसे ज्यादा परेशानी जुगाड़. बम्हली झोला. इंदा गांव के समीप ज्यादा खतरा बना हुआ है विभागीय द्वारा इन कई जगहों पर मुरूम की जगह दो-तीन किलोमीटर के दायरे में लाल मिट्टी का भी उपयोग किया गया है जिसकी खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है वही कुछ जगहों पर मिट्टी को फैला दिया गया है तो कुछ जगहों पर मिट्टी ऐसा ही पड़ी हुई है हाल ही में हुई बारिश के बाद मिट्टी कीचड़ में तब्दील होकर हादसों को खुला आमंत्रण दे रही है!

अवैध रूप से चोरी का सामान रखने पर बरदा के कबाड़ी के खिलाफ की गई कार्रवाई

लवन। 24 जून को श्रीमान पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलौदाबाजार सुभाष दास के मार्गदर्शन में कबाड़ी संचालक पर कार्यवाही करते हुए पंडरिया में कबाड़ी संचालक दुकालूराम बंजारे पिता सुबेलाल उम्र 45 वर्ष ग्राम बरदा द्वारा अबैध रूप से कबाड़ी संचालन कर चोरी की समान रखने के संदेह पर तलासी लिया गया। जिससे आरोपी के कब्जे से 02 नग टुल्लू पम्प, 03 नग साइकिल

फ्रेम, 141 किलो ग्राम लोहा पाया गया। रसीद मांगने पर रसीद नही पेश कर पाए आरोपी द्वारा चोरी का सामान रखने के संदेह पर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए सी आर पी सी की धारा 41(1-4) व 379 भादवी का इस्तगासा तैयार कर आरोपी को गिफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक पुरषोत्तम कुर्रे, ए एस आई श्रवण नेताम, प्रधान आरक्षक कलीराम कुर्रे, आर अजय बंजारे, रमाकांत भारद्वाज, शैलेन्द्र बंजारे का विशेष योगदान रहा।

शहीदों को किया नमन, मनाया सलामी दिवस

गंडई पंडरीय। 23 तारिक को सम्पन्न कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार शुक्रवार 26 जून को सुबह 11 बजे गंडई नगर के ह्रदय स्थल गांधी चौक पंडरिया में देश के बहादुर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीदों को सलाम दिवस के रूप में मनाया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहीद कर्नल बी.संतोष बाबू और सर्वोच्च बलिदान के लिए 16 बिहार रेजिमेंट के 20 शहीद बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के इस अवसर पर पूर्व जमीदार लालटाकेश्वरशाह खुशरो, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अय्यूब कुरैशी, एल्डरमैन हबीब खान, पार्षद लियाक़त अली खान, दिलीप ओगरे, डॉ.नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहसिन खान, शुभम बघेल, अमित टंडन, बालकिशन यादव, कमलेश धर्वे, कमलेश यादव, जितेंद्र बंजारे उपस्थित रहं यह जानकारी मिडिया प्रभारी अमित टंडन ने दी।

छत्तीसगढ़ मजदूर विरोधी, और स्वार्थ की राजनीति में लगे, केंद्र सरकार- केसरी मोहन साहू

खरोरा। जिला पंचायत सदस्य रायपुर केसरी मोहन साहू ने कहा कि गरीब कल्याण योजना में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ भेदभाव और पक्षपात करने के लिये केंद्र की आलोचना करते हुए कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के 3 लाख लगभग मजदूर छत्तीसगढ़ वापस लौटे हैं मोदी सरकार को उन सभी राज्यों को वापस लौटे मजदूरों की संख्या के आधार पर योजना का लाभ देना चाहिये, पर ऐसा नही, केंद्र के भाजपा सरकार केवल स्वार्थ की राजनीति कर रहे है, बिहार के चुनाव को देखते हुवे अधिकतर जिला को लाभान्वित करने बिहार को प्राथमिकता दिया साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के 9 सांसद होने के बावजूद किसी सांसद ने इस योजना में छत्तीसगढ़ को भी शामिल नही करा सके और अपने प्रदेश की बात केन्द्र सरकार के सामने नही राख सके, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है, छत्तीसगढ़ के जनता सांसद बनाके लोकसभा इसीलिए भेजे थे, कि हमारे अधिकार के लड़ाई लड़े, यहाँ तो सांसदो के मुंह मे दही जमा हुवा है, जबकि छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत मजदूर बेरोजगार है , तथा 56 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है , और छत्तीसगढ़ के प्रमुख उद्योग पॉवर प्लांट , सीमेंट प्लांट , स्पंज आयरन प्लांट , पोल्ट्री फार्म में बाहर प्रदेश के मजदूरी कार्य कर रहे है।

घर के सामने गाली गलौच से मना करने पर धारदार हथियार से वार

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। नगर के वार्ड क्रमांक दो में घर के सामने गाली गलौच करने से मना करने पर दो युवकों के बीच बहस बढ़ गई और एक ने दूसरे के ऊपर धारदार हथियार से वार कर दिया। जानकारी के मुताबिक बिती रात खेलन डोंगरे के द्वारा नितेश यादव के घर के सामने अश्लील गाली गलौच कि जा रही थी इससे क्षुब्द नितेश यादव के द्वारा खेलन को गाली गलौच करने से मना किया जिस पर आवेश में आकर खेलन ने नितेश के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसके चलते नितेश के कमर और गले मे गम्भीर चोट लगी। मौके पर मौजुद नितेश के साथियो द्वारा उसे जिला अस्पताल पहुचाया गया और इसकी जानकारी सिटी कोतवाली पुलिस को दी। प्राथमिक उपचार के बाद नितेश को रायपुर रिफर किया गया है। आरोपी खेलन के विरूध्द पुलिस धारा 294, 323, 506 भादवि कायम कर विवेचना कर रही है।

लाखों के विकास कार्यों की सौगात

■ पटेवा क्षेत्र में विकास कार्यों का विधायक ने किया शुभारंभ

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को पटेवा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए लाखों की लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

ग्राम पंचायत नवागांव के धान उपार्जन केंद्र में चबूतरा निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर मौजूद थे। बाद इसके विधायक श्री चन्द्राकर ने ग्राम पंचायत बनपचरी में चबूतरा निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण तथा ग्राम पंचायत भावा में नवीन पंचायत भवन के लिए भूमिपूजन किया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि शहर के साथ गांवों में प्राथमिकता के साथ विकास कराया जा रहा है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कृषि, शिक्षा के क्षेत्र में विकास कराना प्राथमिकता रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए काम किया जा रहा है। इस अवसर पर नारायण पटेल, अभय कुंभकार, लखन साहू, चमन ध्रुव, हीरा बंजारे, रोशन पटेल, खोम सिन्हा, हेमंत डड़सेना, रमन सिंह ठाकुर, नीलकंठ ध्रुव, गब्बर साहू, नीलकंठ ध्रुव, विवेक पटेल, गुलसागर पटेल, धर्मेंद्र पटेल, रूपकुमारी ध्रुव, खिलावन सिंग ध्रुव, लोमेश यादव, अजय पटेल आदि मौजूद थे।

चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

विधायक श्री चंद्राकर ने ग्राम भावा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिस पर विधायक श्री चंद्राकर ने समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की।

तकनीक | बंजर भूमि में मिट्टी डलवाकर खेती लायक बनाया, अब ले रहे करेला और टमाटर की फसल

उद्यानिकी विभाग की योजना का किसानों को मिल रहा लाभ

महासमुंद। जिले के किसान पारम्परिक खेती को कम कर नए तरीके से साग-सब्जी की खेती करना शुरु कर दिए है। सरायपाली विकासखण्ड के ग्राम पाटसेन्द्री के किसान भरत पटेल का 1.98 हेक्टेयर भूमि बंजर थी। उन्होने अपने बंजर भूमि पर 2 फीट मिट्टी भरवाकर खेती करने लायक बनवाया है। किसान ने उद्यानिकी विभाग की योजना से 0.40 हेक्टेयर मे शेडनेट हाउस एवं ड्रिप लगाया है। किसान ने अपनी रुचि अनुसार टमाटर और करेला लगाया है, जो कि अच्छी स्थिति में है। पहली तुड़ाई में करेला 12 क्विंटल लगभगा 42 हजार रूपए की बिक्री कर चुके हैं। ड्रिप इरिगेशन स्थापन से मजदूर की समस्या भी कम हो रही है। इसे वैज्ञानिक तरीके से देखें तो पौधे उर्वरक दो तरीके से लेते हैं, एक भूमि से दूसरा पानी के जरिए भूमि में खाद डालने से उसका पूर्ण हिस्सा उपयोग नहीं हो पाता और खाद अनुपयोगी हो जाता है। इसलिए ड्रिप के माध्यम से किसान रासायनिक खाद, दवा एवं पानी एक साथ पौधे को देते हैं। इस विधि को फर्टिगेशन कहते हैं। अर्थात् फर्टिलाइजर एवं इरिगेशन (सिंचाई) एक साथ होता है। इससे पौधों को उर्वरक एवं जल दोनों एक साथ प्राप्त होता है।

सब्जियों की खेती करने वाले किसानों के लिए नेट हाउस अच्छा विकल्प है। सब्जियों की खेती में लागत नियंत्रण मौसम पर निर्भर करता है। यदि किसान प्रतिकूल मौसम में सब्जियों का उत्पादन लेता है, तो उसे पौधों को बचाने के लिए अधिक कीटनाशक का उपयोग करना पड़ता है। जिससे लागत बढ़ती है कीट व्याधि का प्रकोप भी शेडनेट हाउस मे कम होता है।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

खरोरा। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2020 हाई स्कूल कक्षा दसवीं में नगर में प्रथम कुमारी अंशु देवांगन ने 96.5% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान कुमारी खुशबू वर्मा95.33% तृतीय स्थान कुमारी भूमिका वर्मा ने 95.16% प्रतिशत रहा कक्षा में 77 छात्र प्रथम श्रेणी में ,17 छात्र द्वितीय श्रेणी में , पूरक 12 छात्र , अनुत्तीर्ण 6 है। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 84.5% रहा । हायर सेकेंडरी कक्षा बारहवीं में विद्यालय में प्रथम देवेंद्र प्रताप सिंह ने 84 .6% द्वितीय स्थान कुमारी विधि वर्मा 83.2% तृतीय स्थान कुमारी विधि पुष्पकार 77.8% प्रतिशत रहा । प्रथम श्रेणी में 15 , द्वितीय श्रेणी में 4 पूरक में 3 अनुत्तीर्ण कोई भी छात्र नहीं है । कक्षा 12वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 86 .36% रहा। सभी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान एवं सफल छात्र छात्र-छात्राओं विद्यालय व्यवस्थापक महेश बैस , कोषाध्यक्ष वल्लभ लाहोटी, प्रकाश सिंह ठाकुर विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर परीक्षा प्रमुख भारत वर्मा , संजय वर्मा यशवनी निषाद , मूलशंकर मनहरे ,चेतन प्रसाद द्विवेदी व प्रचार प्रसार प्रमुख धरमू टंडन एवं विद्यालय के सभी आचार्य / दीदीयो ने उनके ज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

अंश पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम के चार विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय में चयन

खरोरा। जवाहर नवोदय विद्यालय संस्थान द्वारा सत्र 2020-2021 हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में अंश पब्लिक स्कूल,अंग्रेजी माध्यम गैतरा से चार विद्यार्थियों का माना नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। बी.आर. स्मृति शिक्षण समिति मुनगी चंदखुरी रायपुर द्वारा संचालित अंश पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम गैतरा रायखेड़ा रायपुर से कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी तुषार वर्मा पिता शत्रुहन वर्मा, मानस वर्मा पिता बालकरन वर्मा, हर्षा ध्रुव माता मालती ध्रुव व सीमा वर्मा पिता बलदाऊ वर्मा का नवोदय में चयन हुआ है। शिक्षण समिति के अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा ने बताया हमारे स्कूल को पांच वर्ष हुए हैं, और प्रथम बैच में ही चार बच्चों का नवोदय में चयन होना गर्व की बात है। नवोदय में चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य सालिक वर्मा शिक्षण समिति के सचिव अजीत वर्मा, कक्षा शिक्षक उसेन सोनवानी, प्रिति वर्मा, गीता सोनवानी, मनीष सिंहा, प्रभा वर्मा के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफबधाई व शुभकामना दिये हैं।

नवोदय मे दुर्गेश का चयन

खरोर। शास. प्राथ. शाला खौलीडबरी सँकुल खरोरा विकास खण्ड तिल्दा कक्षा 5 वी के छात्र दुर्गेश ओगरे पिता झुमुक ओगरे का चयन नवोदय विधालय रायपुर मे कक्षा 6 वी मे हुआ है। शाला के प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षक मनविश्राम गिलहरे एवं पिताबर बंजारे गांव के वरिष्ठ नागरिक श्री मंडलदास गिलहरे एवं परिवार के लोगो ने दुर्गेश ओगरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

प्राइमरी स्कुल के सामने से बेदखल किए गए गुमटी ठेला दुकानदार

गरियाबंद। गत दिनो प्राइमरी स्कुल के सामने से राजस्व प्रशासन द्वारा हटाए गए 12 गुमटी ठेले और झोपड़ीनुमा दुकानदारो को नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फुमेमन एवं पार्षदो ने अपने किए वादे के अनुरूप पांच पांच हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की। ज्ञात हो कि राजस्व प्रशासन द्वारा नवीन सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कुल खोले जाने की तैयारी को लेकर प्राइमरी स्कुल के सामने दो दशको से जमे गरीब गुमटी ठेले वाले दुकानदारो को भरी बरसात में बेदखल कर दिया था। इसके चलते उन्हे आर्थिक क्षति भी हुई थी। पालिका जनप्रतिनिधियो ने इन्हे नुकसान से बचाने प्रशासन के समक्ष जी तोड़ कोशिश की परंतु प्रशासन नही माना और अपनी कार्यवाही कर दी। गरीबो की इस दुर्दशा को देखते हुए पालिका जनप्रतिनिधियो ने उन्हे पांच पांच हजार रूपए अपनी ओर से सहायता देने का आश्वासन दिया था जिसे गुरूवार को पूरा किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफमेमन, पार्षद ऋतिक सिन्हा, प्रतिभा पटेल, ज्योति साहनी मौजुद थे।

न्यूज गैलरी

दिल्ली में पेट्रोल भी 80 के पार, मुंबई में 87 के करीब

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दिल्ली में पेट्रोल भी 80 रुपये प्रति लीटर के पार निकल गया है। राष्ट्रीय राजधानी में 20 महीने बाद पेट्रोल 80 रुपये से महँगा बिक रहा है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल की कीमत 21 पैसे बढ़कर 80.13 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गई जो 27 अक्टूबर 2018 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल का मूल्य भी 17 पैसे बढ़कर 80.19 रुपये प्रति लीटर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। इस महीने 07 तारीख से तेल विपणन कंपनियों ने दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का क्रम शुरू किया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 8.87 रुपये यानी 12.45 प्रतिशत महँगा हुआ है। लगातार 20 दिन में डीजल की कीमत 10.80 रुपये यानी 15.56 प्रतिशत बढ़ गई है। कोलकाता और मुंबई में भी पेट्रोल की कीमत 21-21 पैसे बढ़कर क्रमशः 81.82 रुपये और 86.91 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। चेन्नई में यह 19 पैसे चढ़कर 83.37 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

वित्त आयोग की पंचायती राज मंत्री के साथ बैठक

नई दिल्ली (वार्ता)। पंचायती राज संस्थाओं के लिए वर्ष 2021-26 के लिए 10 लाख करोड़ रुपये आवंटित करने का वित्त आयोग से आग्रह किया गया है। वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह की अगुवाई में आयोग और पंचायती राज मंत्रालय के साथ बैठक में यह आग्रह किया गया। इस बैठक में मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण एवं पंचायती राज मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने किया।

मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया उसकी सिफारिशों के अनुसार मंत्रालय ने ऑडिट ऑनलाइन साफ्टेवयर लाँच किया है ताकि पंचायतों का समय ऑडिट प्रक्रिया पूरी की जा सके और वित्तीय अनुशासन तथा पारदर्शिता लायी जा सके।

उतार चढ़ाव के बाद रुपया स्थिर

मुंबई (वार्ता)। डॉलर में रही नरमी के बीच शेयर बाजार की तेजी से मिले समर्थन के बल रुपया शुक्रवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में उतार चढ़ाव के बाद 75.65 रुपये रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर रहा। पिछले दिवस भी रुपया 75.65 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 14 पैसे की मजबूती के साथ 75.51 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान यह 75.65 रुपये प्रति डॉलर के न्यूनतम और 75.43 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक बीच रहा। अंत में पिछले दिवस के स्तर पर टिकने में सफल रहा।

स्वामित्व योजना से आगे बढ़ेगा स्वदेशी ड्रोन उद्योग

अप्रैल में पंचायती राज दिवस के अवसर पर स्वामित्व योजना की शुरुआत

गाँवों में आबादी वाले क्षेत्र की ड्रोन से मैपिंग कर भूमि का मालिकाना हक तय करने की केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना से देश में ड्रोन विनिर्माण और ड्रोन ऑपरेटरों की माँग बढ़ेगी जो लंबे समय के स्वदेशी ड्रोन उद्योग को तैयार करने में बेहद मददगार होगी।

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल अप्रैल में पंचायती राज दिवस के अवसर पर स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदार भारतीय सर्वेक्षण विभाग को सौंपी गई है जो भूमि की मैपिंग कर राज्य सरकारों को डाटा सौंप देगा। इसी डाटा के आधार पर स्थानीय सरकारें भूमि का स्वामित्व तय करेंगी। भारत के महासर्वेक्षक गिरीश कुमार ने उद्योग महासंघ फिक्की द्वारा आज आयोजित एक वेबिनार में कहा कि इस योजना में देश के छह लाख से अधिक गाँवों के आबादी वाले क्षेत्रों की पूरी मैपिंग की जानी है। इसके लिए बड़ी संख्या में ड्रोनों की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय ड्रोन विनिर्माण उद्योग अभी शुरुआती चरण में है। कोई भी स्टार्टअप कंपनी इतनी बड़ी संख्या में आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होगी इसलिए एक बड़े ऑर्डर की निविदा जारी करने की बजाय छोटे-छोटे ऑर्डरों की निविदायें जारी की जायेंगी ताकि स्टार्टअप को मौका मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें गुणवत्ता और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत मैपिंग का काम तकरीबन पाँच साल तक चलने का अनुमान है। इस दौरान बड़ी संख्या में ड्रोन पायलटों की भी जरूरत होगी। न सिर्फऑपरेटरों को ड्रोन चलाने की जानकारी होनी चाहिए बल्कि योजना की जरूरत के हिसाब से उन्हें भूमि के मैपिंग की भी बुनियादी जानकारी होनी चाहिये। देश में ऐसा कोई संस्थान नहीं है जहाँ इस तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा हो। इसे देखते हुये भारतीय सर्वेक्षण विभाग ने स्वयं प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करने और प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में प्रयोग के आधार पर इस योजना की शुरुआत की गई थी। इसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी प्रयोग हो चुका है। इसमें त्रुटि की संभावना 10 सेंटीमीटर से भी कम होगी। साथ ही किसी भूखंड का अक्षांश और देशांतर अंकित करने के लिए ड्रोन पर जीपीएस भी लगा होगा और जहाँ दो लोगों की जमीन के बीच पक्की दीवार है वहाँ सिर्फ वीडियोग्राफी से ही स्वामित्व तय हो जायेगा। जहाँ दो या अधिक परिवारों की खुली जमीन आपस में मिलती है वहाँ चूने से जमीन पर लकीर खींचने के बाद ड्रोन से मैपिंग की जायेगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव अंबर दुबे ने कहा कि देश में ड्रोन के इस्तेमाल की अपार संभावनाएं हैं।

मारूति सुपर कैरी बीएस6एस-सीएनजी वेरिएन्ट में लांच

नई दिल्ली। मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने आज सुपर कैरी के बीएस6 कम्प्लायन्ट एस-सीएनजी वेरिएन्ट के लॉन्च की घोषणा की है। यह लॉन्च कंपनी के मिशन ग्रीन मिलियन के अनुरूप है जिसकी घोषणा ऑटो एक्स्पो 2020 में की गई थी। कारोबार के लिए व्यवहारिक 'तरक्की का दमदार साथी' कहलाने वाला मारूति सुजुकी सुपर कैरी पहला लाईट कमर्शियल व्हीकल है जिसे बीएस6 इंजन में अपग्रेड किया गया है। 2010 में सीएनजी वाहनों के साथ ग्रीन मोबिलिटी में प्रवेश करने वाली मारूति सुजुकी ने आज ग्रीन व्हीकल्स की बेजोड़ रेंज पेश की है। पहले से एक मिलियन ग्रीन व्हीकल (सीएनजी स्मार्ट हाइब्रिड वाहनों सहित) बेच लेने के बाद मारूति सुजुकी ने 'मिशन ग्रीन मिलियन' के तहत अगले दो सालों में एक और मिलियन ग्रीन व्हीकल्स बेचने का लक्ष्य तय किया है, इस तरह मारूति सुजुकी देश में ग्रीन मोबिलिटी में अग्रणी है। श्री शशांक श्रीवास्तव, एक्ज़क्टिव डायरेक्टर , मारूति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड ने कहा, ''मारूति सुजुकी के 320 से अधिक कमर्शियल चैनल नेटवर्क के माध्यम से 56000 से अधिक युनिट्स बेचे जाने के बाद, सुपर कैरी मिनी-ट्रक सेगमेन्ट में बेहतरीन परफॉर्मेन्स दे रहा है। खासतौर पर छोटे कमर्शियल व्हीकल सेगमेन्ट के उपयोगकर्ताओं के लिए पेश किया गया सुपर कैरी अपने सेगमेन्ट में सर्वश्रेष्ठ पावर, बेहतर आराम, उत्कृष्ट गुणवत्ता देता है।

सोनी ने लांच की 26 घंटे तक की बैटरी लाइफ वाले हेडफोन्स

नई दिल्ली। सोनी इंडिया ने आज अपनी असली वायरलेस कैटैगरी में नई पेशकश शामिल करते हुए WF-XB700 और WF-SP800N हेडफोन्स लांच किए। WF-XB700 एक झंझट-रहित डिवाइस है जो सफर में म्यूजिक पसंद करने वालों के लिए सबसे उपयुक्त है। जबकि WF-SP800N नवीनतम नॉयज कैंसिलिंग स्पोर्ट्स हेडफोन्स है, जो सक्रिय जीवनशैली के लिए डिजाइन किया गया है और यह सड़क की आवाज़ों या जिम में बारबेल्स आदि की अवांछित आवाज़ों को ब्लॉक कर देता है। डीप और धमाकेदार साउंड के लिए एक्स्ट्रा बासझ विशेषता के साथ सचमुच वायरलेस हेडफोन्स-सोनी की एक्स्ट्रा बासझ तकनीक से लैस WF-XB700 और WF-SP800N हेडफोन्स एकदम सटीक, धमाकेदार लो-एंड साउंड उत्पन्न करते हैं जो ट्रैक को एकदम स्पष्ट बनाता है और आवाज़ की अत्यन्त भरपूर शुद्धता के साथ सुनने का सम्पूर्ण अनुभव प्रदान करता है। सोनी हेडफोन्स कनेक्ट ऐप से निर्बाध कनेक्टिविटी के साथ ऑडियो को कस्टमाइज करना एकदम आसान है जिससे घर में आरामदेह सुनने का अनुभव लिया जा सकता है या वर्कआउट के समय जोश बढ़ाने के लिए बास को बढ़ाया जा सकता है। हेडफोन्स में बैटरी के लंबे जीवनकाल के साथ बाधारहित म्यूजिक का आनंद लें।

WF-XB700 का बैटरी बैकअप 9 घंटे का है और इसके छोटे से चार्जिंग केस से इसे 9 घंटे के लिए और चार्ज करके आप 18 घंटों तक का झंझट-रहित म्यूजिक का अनुभव पा सकते हैं। WF-SP800N में नॉयज कैंसिलिंग चालू करने पर 18 घंटे का और ऑफ रखने पर 26 घंटे तक का म्यूजिक प्लेबैक मिलता है। जल्दी में होने पर आप WF-XB700 और Wf-SP800N में क्विक चार्जिंग फंक्शन सुविधा के साथ केवल 10 मिनट चार्ज करके 60 मिनट तक का म्यूजिक पा सकते हैं।

पानी, धूल और पसीने से प्रतिरोध के साथ बिना किसी चिंता के म्यूजिक का अनुभव लें-सोनी WF-XB700 और WF-SP800N को पानी और धूल प्रतिरोध के लिए क्रमशः IPX4 और IPz5 रेटिंग दी गई है।

होंडा सिटी की प्री लांच बुकिंग शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स लिमिटेड ने पांचवी पीढ़ी की सेडान होंडा सिटी की प्री लांच बुकिंग गुरुवार से शुरू कर दी। ग्राहक कार को देशभर में कंपनी के अधिकृत डीलर या ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्म'होंडा फ्रॉम होम' पर बुक करा सकते हैं। कंपनी ने आज यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी कि इस कार को अगले माह लाँच किया जायेगा। यह अपनी श्रेणी के कारों में सबसे लंबी चौड़ी है। अपनी श्रेणी में ज्?यादा बड़ी और आरामदायक केबिन के साथ इसका बाहरी डिजाइन स्?पोर्टी और स्?टाइलिश है। इसकी लंबाई 4,549 मिलीमीटर और चौड़ाई 1,748 मिलीमीटर है। ग्राहकों को सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे आसियान एन कैप की पांच स्टार रेटिंग के समान बॉडी के साथ बनाया गया है। होंडा में पहली बार सुपर हाई फॉर्मेब्लिटी 980 एमपीए ग्रेड स्टील का इस्तेमाल किया गया है।

मारुति सुजुकी ने अद्वितीय व्यापक लॉयल्टी रिवॉर्डस प्रोग्राम लॉन्च किया

रायपुर। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज एक विशिष्ट लॉयल्टी प्रोग्राम- मारुति सुजुकी रिवॉर्ड्स लॉन्च किया है। अपनी तरह का अनूठा यह लॉयल्टी प्रोग्राम एरिना, नेक्सा एवं ट्रू वैल्यू आउटलेट्स से अपने सभी पैसेंजर व्हीकल्स ग्राहकों को लाभान्वित करेगा। मारुति सुजुकी रिवॉर्ड्स एक व्यापक कार्यक्रम है, जो कार, सर्विस, मारूति बीमा ,कार पार्ट और एक्सेसरीज़, ग्राहक रेफरल्स और कंपनी के साथ कई अन्य 'एसोसिएशनो की लेन देन पर कई लाभ के साथ आता है। ग्राहक अब मारूति सुजुकी रिवॉर्ड्स वेबसाइट की मदद से डिजिटल रूप से समर्थित कार्ड -लैस प्रोग्राम का अनुभव कर सकते हैं और मारूति सुजुकी के साथ किये गए हर लेनदेन के साथ रिवॉर्ड पॉइन्ट्स को बढ़ते हुए देख सकते हैं। कार्यक्रम के तहत ग्राहकों को चार स्तरों में वर्गीकृत किया जाएगा- सदस्य, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम।उन्हें एक गेमिफिक्रेशन फीचर ÷ बैज ÷ के साथ पुरुस्कृत किया जाएगा जो ग्राहकों को मारूति सुजुकी के साथ बातचीत को और अधिक रोमांचक बना देगा और उन्हें एक्सक्लुज़िव इवेंट्स एवं ऑफर्स का लाभ उठाने का अवसर देगा।



इस लॉन्च के अवसर पर श्री केनिची आयुकावा, एमडी एवं सीईओ, मारूति सजुकी ने कहा, ''मारूति सुजुकी रिवॉर्ड्स उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह नया लॉयल्टी प्रोग्राम इसी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए उपभोक्ताओं के लिए कुछ कुछ बेहतरीन लाभों के साथ आता हैं। यह सदस्यों को उनकी ज़रूरतों के अनुरूप फायदों का लाभ उठाने तथा लॉयल्टी प्रोग्राम के विशेष एवं एक्सक्लुज़िव फायदों से लाभान्वित होने का मौका देता है। मारूति सुजुकी रिवॉर्ड कार्यक्रम पूरे भारत में सभी मारूति सुजुकी डीलरशिप पर स्वीकार किया जाएगा। इन रिवॉर्ड्स को वाहन की सर्विस, एक्सेसरीज़ एवं जेन्युन पार्ट्स की खरीद, एक्सटेंडेड वारंटी और इंश्योरेन्स या हमारे ड्राइविंग स्कूल में एनरोलमेन्ट के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

बाजार

रियलमी हर भारतीय को ट्रेंडी एवं स्मार्ट-टेक लाईफस्टाइल प्रदान करना चाहता है

रियलमी की सर्वश्रेष्ठ 4जी फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते हुए स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने शुक्रवार को अपनी सर्वश्रेष्ठ फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज़ की रियलमी एक्स3 और एक्स3 सुपरजूम और साथ ही एआईओटी प्रस्तुतियां, रियलमी बड्स क्यू और रियलमी एडवेंचरर बैकपैक भी लॉन्च किए गए। इन उत्पादों का लॉन्च वर्ष 2020 में देश में टेक-ट्रेंडसेटर ब्रांड बनने के कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

realme

रियलमी इंडिया के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी माधव शेठ इस सर्वश्रेष्ठ सीरीज की घोषणा करते हुए कहा ''वर्ष 2020 में रियलमी हर भारतीय को ट्रेंडी एवं स्मार्ट-टेक लाईफस्टाइल प्रदान करना चाहता है। इसके लिए हमने अपनी नई उत्पाद कार्ययोजना ''1+4+एन'' प्रस्तुत की है, जो ''स्मार्टफोन + एआईओटी'' का समझदार मिश्रण प्रदान करता है। हमारा उद्देश्य आप तक बेहतर एआईओटी उत्पाद पहुंचाना है, जो आपकी जीवनशैली में सुधार करें। हम उपभोक्ताओं को स्मार्टफोन पर स्वाईप करके अपने सभी एआईओटी उत्पादों को नियंत्रित एवं प्रबंधित करने में मदद करना चाहते हैं। इसलिए उपभोक्ताओं के साथ अपना संबंध मजबूत करने के लिए हमने आज अपनी सर्वश्रेष्ठ 4जी फ्लैगशिप सीरीज़, रियलमी एक्स3 एवं एक्स3 सुपरज़ूम के साथ रियलमी बड्स क्यू एवं रियलमी एडवेंचरर बैकपैक प्रस्तुत किए हैं।''

उन्होंने कहा रियलमी एक्स3 सीरीज़ में 7एनएम का क्वालकोम स्नैपड्रैगन 855+ मोबाईल प्लेटफॉर्म है, जो आठ-कोर क्रायो सीपीयू एवं एड्रिनो 640 जीपीयू को इंटीग्रेट करता है। इन दोनों स्मार्टफोंस में 6.6 इंच 120 हर्टज़ का अल्ट्रा स्मूथ एलसीडी डिस्प्ले एवं 120 हर्टज़ का रिफ्रेश रेट है। यह स्क्रीन पर हर स्वाईप के साथ सुगम विज़्युअल अनुभव प्रदान करता है। फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए रियलमी ने एक अद्वितीय मोड, 'स्टैरी मोड' का विकास किया है, जिसमें एआई एलगोरिद्म, अल्ट्रा-लाँग एक्सपोज़र एवं मल्टी-फ्रेम सिंथेसिस का उपयोग कर आसमान में तारों के फोटो भी बहुत स्पष्ट लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रात में फोटोग्राफी और ज्यादा अच्छी बनाने के लिए रियलमी एक्स3 सीरीज़ में बेहतर नाईटस्केप प्रो मोड के साथ सुपर नाईटस्केप 4.0 है। यह खूबी एआई आधारित एलगोरिद्म पर निर्भर करती है, जिसके द्वारा डिवाईस सुपर एवं अल्ट्रा नाईटस्केप मोड के बीच समझदारी से स्विच कर जाती है और आप हर बार बेहतरीन नाईट पिक्चर्स ले पाते हैं। रियलमी एक्स3 और एक्स3 सुपरज़ूम दो कलर्स -ग्लेशियर ब्लू एवं आर्कटिक व्हाईट में लॉन्च किए जाएंगे तथा ये रियलमीडॉटकॉम और फ्लिपकार्ट पर 30 जून से से मिलेंगे। रियलमी एक्स3 सुपरज़ूम लेटेस्ट फ्लैगशिप सुपर ज़ूम क्वाड-कैमरा सेट-अप द्वारा बनाया गया है। जिसमें 64 मेगापिक्सल का मुख्य कैमरा, आठ मेगापिक्सल का 5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो लैंस, 8 मेगापिक्सल का 119 डिग्री अल्ट्रा-वाईड-एंगल और दो मेगापिक्सल का मैक्रो लैंस है। रियलमी एक्स3 सुपरज़ूम की अद्वितीय खूबी है इसका 5एक्स पेरिस्कोप ज़ूम लैंस। इस लेंस के साथ एक अल्ट्रा-वाईड-एंगल लैंस एवं एक प्राईमरी कैमरा है।

सेल घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज मेटेरियल के इस्तेमाल पर दे रहा ज़ोर

नई दिल्ली (वार्ता)। इस्पात क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी सरकारी कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी निभा रहा है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि हाल ही में उसने पश्चिम बंगाल के बर्नपुर में स्थित अपने इस्को स्टील प्लांट में विभिन्न क्षेत्रों के घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज निर्माताओं के साथ इंटीग्रेटेड स्टील संयंत्रों में गुणवत्ता और खपत दोनों के हिसाब से घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज उत्पादन के उपयोग को बढ़ावा देने की संभावनाओं को तलाशने के लिए एक वेबिनार का किया। मौजूदा समय में देश में इस्पात संयंत्रों द्वारा पर्याप्त मात्रा में आयातित रिफ्रेक्ट्रीज का इस्तेमाल किया जाता है। सेल ने कहा कि इस वेबिनार में उसके सभी संयंत्रों के साथ्‍साथ बड़ी संख्या में घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज उत्पादकों ने भाग लिया। रिफ्रेक्ट्रीज़ स्टील उद्योग द्वारा ब्लास्ट फर्नेस और कन्वर्टर्स की आंतरिक लाइनिंग के साथ-साथ वेसेल्स में होल्डिंग और मेटल के ट्रांसपोर्टिंग के लिए और फर्नेसेज में आगे की प्रोसेसिंग से पहले हीटिंग इत्यादि में इस्तेमाल किया जाता है। सेल ने घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई पहल किए हैं। सरकार के आत्मनिर्भर भारत पर ज़ोर घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज उत्पादकों के लिए एक बढ़िया अवसर की तरह है और वे खुद के विकास के साथ्‍साथ स्थानीय इस्पात उद्योग को भी फायदा पहुंचा सकते हैं। इस वेबिनार के दौरान, इस बात पर ज़ोर दिया गया कि घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज उत्पादकों के पास यह एक बड़ा अवसर है कि वे यह घरेलू रिफ्रेक्ट्रीज की जरूरतों को पूरा करें।

आज का भविष्यफल

मेष: घर एवं बाहर आज दोनों जगह वाद-विवाद से बचें। आज यदि व्यवसाय में आप कुछ नया शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो जल्दबाजी ना करें। पहले संबंधित कार्य के सभी पक्षों का सही ढंग से मूल्यांकन कर लें।

वृषभ: पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। इसके अलावा धन लाभ का योग है। आज किसी भी जगह की यात्रा मंगलमय रहेगी। कार्य पूर्ण होने के प्रबल आसार हैं। कार्य संबंधी किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

मिथुन: आज कोई नया प्रॉजेक्ट या योजना प्रारंभ करना शुभ रहेगा। आज आपकी वाणी से निकले शब्द कल्याणकारी रहेंगे। आज आपकी धार्मिक प्रवृत्ति बढ़ेगी।

कर्क: आज सोचा हुआ कार्य पूर्ण होगा। व्यवसाय में आज किसी भी कार्य को करेंगे तो सिद्धि प्राप्त होगी। आज के दिन किसी इलेक्ट्रॉनिक संबंधी कारोबार शुरू करने में धन खर्च का योग बन रहा है।

सिंह: आज किसी को उधार देने से बचें। धन व्यय के योग हैं, यात्रा में कष्ट एवं मानसिक तनाव रह सकता है। किसी भी कार्य के लिए घर से निकलने से पहले दान जरूर दें।

कन्या: कार्यों में आने वाली बाधाएं स्वतः दूर होने लगेंगी। शुभ समाचार मिलेगा इससे आपका मनोबल बढ़ेगा एवं सर्वव्यापी लाभ के प्रबल संकेत मिल रहे हैं।

तुला: कर्मक्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। घर में सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। नए संपर्क बनेंगे जो आगे जाकर आपको शुभ फल प्रदान करेंगे।

वृश्चिक: आज भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थल की सैर पर भी जाने का प्लान कर सकते हैं। इस वक्त अपने इष्ट, देवी-देवता के दर्शन से मनोकामना पूर्ण होगी।

धनु: आज यात्रा में सावधानी बरतें। चोट-चपेट की संभावना है। इसके अलावा व्यवसाय करते हैं तो आज वाद-विवाद की भी संभावनाएं बन रही हैं।

मकर: जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। अविवाहितों के लिए विवाह के प्रस्ताव आएंगे। घर में कोई आज आपको विरोधियों से बचकर काम करने की आवश्यकता है।

कुंभ: क्रोध पर नियंत्रण रखें तो शत्रुओं पर विजय मिलेगा। अचानक मिली किसी शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा। ससुराल पक्ष से उपहार मिलने के योग बन रहे हैं।

मीन: अपनी योग्यता के अनुसार समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान सुख, यात्रा में सफलता मिलने के योग हैं। नौकरी में यदि परिवर्तन करने के बारे में विचार कर रहे हैं तो जब तक कोई दूसरी नौकरी न मिल जाए तब तक धैर्य बनाए रखें।

सू- दोकू क्र.065

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 64 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

शब्द सामर्थ्य -065

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. प्रातः 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ग, बरस, एक इमारती वृक्ष।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 64 का हल

जैविक खेती की दिशा में बड़ी भूमिका निभाएंगे गौठान

जनप्रतिनिधियों की सतत भागीदारी और मानिटरिंग से सफल होगी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना : मंत्री ताम्रध्वज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। गौठान जिस तरह से कार्य कर रहे हैं और आप लोगों की भागीदारी से जिस तरह से अच्छा काम गौठान में हो रहा है उससे निश्चित ही जैविक खेती की दिशा में बड़ी भूमिका गौठान निभाएंगे। यह संदेश जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कही। उन्होंने कहा कि भविष्य जैविक खेती का है लेकिन इसके लिए संसाधन कैसे आएंगे। इसके लिए तैयारी छत्तीसगढ़ ने की है। गोधन योजना के माध्यम से हम गोबर भी क्रय करेंगे। इस प्रकार विक्रय का माध्यम बनने से गोबर से जैविक खाद बनाने की दिशा में लोग कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जैविक खेती के लिए बड़े पैमाने पर कंपोस्ट खाद की जरूरत होगी। इसके लिए हमारे पशुधन का पूरी तरह दोहन होने से इस संभावना की दिशा में हम बढ़ सकेंगे। इस वजह से छत्तीसगढ़ शासन ने यह महत्वपूर्ण योजना लाई है। जिला पंचायत सीईओ श्री सच्चिदानंद आलोक ने इस संबंध में जिले में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंत्री ने कहा कि गौठान समितियों को मजबूत करने हम लोग दस हजार रुपए की राशि भी उन्हें प्रदान

कर रहे हैं। गौठान समितियों के माध्यम से लोगों के अनुभव का पूरा इस्तेमाल हो सकेगा। रोकाछेका हमारी परंपरा है, इसे बड़ी उत्साह से इस बार मनाया गया। इसका लक्ष्य स्पष्ट है खरीफ फसल की रक्षा। काफी पहले से रोकाछेका कर देने से अगली फसलों के लिए किसानों को मौका मिल पाएगा। मंत्री ने कहा कि गौठानों को आगे बढ़ाने की दिशा में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता की बड़ी भूमिका है। हमारा पशुधन और हमारे खेत हमारी सबसे बड़ी संपदा है। इनका पूरा इस्तेमाल करना है और इसके लिए एक बेहद कारगर योजना हम लोगों ने लाई है और इसका बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन भी किया है। इनका संपूर्ण दोहन हो सके, इसके लिए गौठान समितियों का भी गठन किया गया है। केवल पशुधन ही नहीं, गौठान ग्रामीण आजीविका केंद्र भी बन सके, इस दिशा में भी काम हो रहा है। गांव में महिलाएं ऐसे उत्पाद बना रही हैं जो पहले केवल शहरों से आ रहे थे। गौठानों के माध्यम से वैविध्य भी बढ़ा है। अब मुर्गी पालन और मत्स्यपालन पर भी गौठानों में जोर हैं। मंत्री ने सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोविड संकट को देखते हुए फिजिकल डिस्टेंसिंग पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी नियमित रूप से मानिटरिंग करें एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के संपर्क में भी रहें। उन्होंने खरीफ फसल को देखते हुए खाद-बीज के उठाव की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त खाद-बीज का वितरण सुनिश्चित करें। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी उन्होंने आनलाइन पढ़ाई की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सुपोषण अभियान की जानकारी भी ली।

ताड़ी पेड़ से पैर फिसलकर गिरा युवक, हाथ-कमर में लगी चोट

बीजापुर नवप्रदेश। जिले के उसुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली से लगभग 6 किमी.

दूर गांव मुरदोंडा निवासी नागेश गटपल्ली पिता हरमा गटपल्ली ने ताड़ी काटने के लिए जंगल गया था जहां ताड़ी पेड़ में पैर फिसलने से वह गिर गया जिसके दायां हाथ टूट गया है और कमर में गंभीर चोट आई है। यह घटना कल सुबह लगभग 9 बजे का है वहा नेटवर्क नहीं होने के कारण सीआरपीएफवाले सहयोग के द्वारा 108 को खबर दिया गया तब इएमटी सुधीर खेलवारे और पायलेट टी राजेन्द्र इस केस के लिए निकले जब गांव पहुंचे तब देखा गया कि मरीज के घर तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई तब इएमटी के सूझबूझ से मरीज को खाट से एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। इएमटी सुधीर खेलवारे प्राथमिक उपचार देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आवापल्ली लाए लेकिन मरीज की स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बीजापुर रेफर कर दिया जिसका इलाज अभी बीजापुर में जारी है।

अवैध लोह: जांच टीम ने लिया प्रभावितों का बयान

■ बस्तर कमिश्नर ने गठित की है जांच टीम

बचेली/दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा ने आर्सेलर मित्तल निपान इंडिया कंपनी के अवैध लौह डंपिंग के मामले में सरकार, राज्यपाल, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के अलावा बस्तर कमिश्नर से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को बस्तर कमिश्नर द्वारा गठित जांच टीम बस्तर पहुंची व प्रभावितों का बयान दर्ज किया। आदिवासी नेताओं ने सरकार से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के किरंदुल में स्थित आर्सेलर मित्तल निपाल इंडिया कंपनी द्वारा शासकीय रूप से आवंटित भूमि में अवशेष का भंडारण करने के आदेश की अवहेलना करते हुये निजी जमीन में पेशा कानून व खनिज नियमों व पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ाते हुये अवैध भंडारण करने करने की बस्तर कमिश्नर से शिकायत के बाद डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम आज जांच के लिये किरंदुल के कडमपाल पहुंची।

इस जांच टीम में डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम, खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा, डिप्टी कमिश्नर डी सिद्धार्थ शामिल थे। इस दौरान जांच टीम ने मौके का मुआयना करने के बाद पाया कि बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा के द्वारा बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल और बस्तर कमिश्नर से की गई शिकायत पूरी तरह सही हैं। जांच टीम ने मौके का मुआयना करने पर पाया कि दो तालाब जो पूर्व में निर्मित थे। वह आर्सेलर मित्तल निपाल इंडिया कंपनी के द्वारा अवशिष्ट पदार्थों से पूरी तरह पाट दिया गया था। बस्तर कमिश्नर द्वारा बनाए गए इस जांच दल के मौके पर पहुंचने पर जांच टीम के साथ कई बड़े आदिवासी नेता सोनी सोढ़ी, सुजीत कर्मा, जया कश्यप जैसे कई जाने-माने आदिवासी नेता वहां एकजुट होकर पहुंचे। वही बस्तर अधिकार सयुक्त मुक्ति मोर्चा के सयोंजक व प्रवक्ता नवनीत चाँद ने घटना स्थल को जांच कमेटी को दिखा कम्पनी के अवैध कार्य की कलई खोल बस्तर के शोषण का आरोप लगा खनिज अधिनियम 2009 के नियमो व पर्यावरण व जल संरक्षण अधियनम व पैशा कानून का मख़ौल उड़ाने का आरोप कम्पनी पर लगा सरकार पर कार्यवाही की मांग की वही कंपनी के द्वारा खेती युक्त जमीन पर अपशिष्ट पदार्थों के अवशेष फेंकने के मामले पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

खेती की जमीन हुई बंजर

मौके का निरीक्षण करने के बाद आदिवासी नेताओं की आंखें फटी रह गई कि किस प्रकार आर्सेलर मित्तल निपाल इंडिया कंपनी द्वारा भोले भाले आदिवासियों की जमीन पर अपशिष्ट पदार्थ का भंडारण कर उनकी खेती युक्त जमीन को बंजर बनाया जा रहा है। और यह सब देखने के बाद आदिवासी नेता उग्र होने लगे उन्होंने कहा कि आज भी आदिवासियों का शोषण लगातार हो रहा है। आजादी के इतने वर्ष बाद भी सरकार द्वारा आदिवासियों के भलाई की तरफकोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण आर्सेलर मित्तल जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियां उनका शोषण कर रही है। जांच टीम द्वारा मौके पर शोषित किसानों का भी बयान लिया गया और अच्छी तरह मौके का मुआयना कर अपनी जांच रिपोर्ट बनाई गई। गौर करने वाली बात है कि बस्तर अधिकार संयुक्त मुक्ति मोर्चा द्वारा इस मामले को प्रकाश में लाने के बाद आसपास के सभी लोग जागरूक होकर उनका सपोर्ट करते हुए आदिवासियों का हो रहे शोषण के खिलाफएकजुट होने लगे हैं।

सिम्स के लैब में जल्द होगा कोरोना की जांच

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सिम्स में जल्द कोरोना जांच शुरू की जाएगी जिसकी अनुमाति मिल गई है स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के हरी झण्डी दिखाने के बाद प्रबंधन इसकी तैयारी में लगा है।

लंबे वक्त से बिलासपुर में भी कोरोना जांच के लिए लैब स्थापना की मांग की जा रही थी। जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पहल करते हुए इसके लिए हरी झंडी दिखाई थी। अब बिलासपुर में भी कोरोना की टेस्टिंग जल्द ही संभव हो सकती है। सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव से बचाव और रोकथाम हेतु संदिग्ध मरीजों के सैंपल की जांच के लिए ट्रू एनएटी लैब का निर्माण किया जा रहा है, जिसका काम लगभग पूरा हो चुका है इस लैब में 4 एन ए टी मशीन की सहायता से संदिग्ध मरीजों के कलेक्ट किए गए सैंपल की जांच की जाएगी। आपको बता दें कि इस लैब को इंटरमीडिएट रिफरेंस लेबोरेटरी लालपुर रायपुर से

प्रोफिशिएंसी टेस्टिंग करने हेतु सैंपल भेजा गया था। गुरुवार को मिले सैंपल का टेस्ट भी पूरा कर लिया गया। इस टेस्टिंग लैब की जिम्मेदारी माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉक्टर सागरिका प्रधान प्रभारी सह प्राध्यापक और विभाग अध्यक्ष ,जिला माइक्रो बायोलॉजिस्ट कुमारी मोनिका सिंह, प्रदर्शक डॉक्टर विनोद टंडन, लैब टेक्नीशियन श्वेता वर्मा, वर्षा राय किरण, किरण श्रीवास ,लैब अटेंडेंट संदीप तिवारी आदि को सौंपा गया है।

ईनामी नक्सली दम्पत्ति ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर नवप्रदेश। बस्तर रेंज मे चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छग जोन अन्तर्गत विस्तार प्लाटून नम्बर 03 के माओवादी राजे हेमला उर्फ वनोजा पति तीजू वेका उर्फ मंगलू उम्र 23 वर्ष ग्राम पेद्दागेलुर हेमलापारा थाना बासागुड़ा एवं मंगलू वेका उर्फतीजू पिता स्व0 पाण्डु उम्र 26 वर्ष साकिन केशकुतुल नयापारा थाना भैरमगढ ने उप महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स कोमल सिंह, पुलिस अधीक्षक बीजापुर, कमलोचन कश्यप के समक्ष माओवादियों की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छग शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पित दोनो माओवादियों के धारित पद पर छग शासन की ईनाम नीति के तहत् दो-दो लाख रू.का ईनाम घोषित है। उपरोक्त माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् दस - दस हजार रूपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की आत्महत्या मामले की होगी दण्डाधिकारी जांच

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने विगत 20 जून को हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा काट रहे कैदी द्वारा आत्महत्या के मामले की दण्डाधिकारी जांच के आदेश जारी कर दिए है। दण्डाधिकारी जांच हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (शहर) को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला दण्डाधिकारी ने एक माह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जांच इन बिन्दुओं के आधार पर की जाएगी-क्या दण्डित बंदी किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित था ? क्या बंदी को समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराई गई थी ? बंदी की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई ? क्या इस घटना को टाला जा सकता था ? और दण्डित बंदी की मृत्यु के लिए जेल अधिकारी अथवा कर्मचारी तो जिम्मेदार नही है? इसके अलावा अन्य बिन्दु जो जांच अधिकारी उचित समझे, के आधार पर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाना है। उल्लेखनीय है कि बेमेतरा जिले के परपोड़ी निवासी 23 वर्षीय दण्डित बंदी शिवाकर उर्फ शिवा योगी ने 20 जून को जेल अस्पताल, केन्द्रीय जेल दुर्ग के बाथरूम में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। कैदी को सत्र न्यायाधीश द्वारा 28 जून 2019 को पारित निर्णय में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद उसे 30 जून 2019 को उपजेल बेमेतरा से केन्द्रीय जेल दुर्ग में स्थानातरित किया गया था। कैदी के आत्महत्या के बाद जेल अधिक्षक द्वारा जिला दण्डाधिकारी को मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच हेतु पत्र लिखकर जांच के लिए आग्रह किया था।



अखिल भारतीय नृत्य महोत्सव में प्रतिभागियों ने दी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर की सोलो नृत्य का हुआ आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

■ सबसे कम व सबसे अधिक उम्र वाली प्रतिभागियों ने भी दी शानदार प्रस्तुतियां

रायपुर। अखिल भारतीय कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज एवं अखिल भारतीय महिला मंडल और नुपुर डांस अकादमी के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन सोलो नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुती देकर सब का मनमोह लिया। इस आयोजन की राष्ट्रीय अध्यक्ष वेलू बेन नारायणभाई चावड़ा के निर्देशन में महासचिव पूनम बेनटाक, संस्कृति मंत्री अमिता बेन सोलंकी और वैशाली सोलंकी संस्कृतिक नुपुर डांस अकादमी में छात्र-छात्राओं को नृत्य कला में पारंगत करती है। अखिल भारतीय नृत्य महोत्सव के सफल आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई। राष्ट्रीय स्तर के सोलो नृत्य में तीन वर्गों में बांटा गया जिसमें 5 से 10 दस वर्ष, 11 से 17 वर्ष और 25 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को शामिल किया गया। इस सोलो नृत्य के आयोजन में कथक के जज गुरू श्री डॉ. ए.एम. आई. उपाध्याय थे। भरत नाट्यम के गुरू पी.एम. कुमार, फोक डांस के गुरू डॉ दिव्य पटेल तथा सेमी क्लासिकल के जज जिगनेश सुरीनी थे। इस स्पर्धा में गुजराती समाज की प्रतिभाओं ने आकर्षक प्रस्तुती दी।

प्रतिभागियों को तीन ग्रुप में रखा गया। इसमें क्लासिकल भरत नाट्यम, क्लासिकल कथक तथा सेमी क्लासिकल कथक और फोक डांस भी शामिल था। क्लासिकल के लिए समय चार मिनट और अन्य नृत्यों के लिए समय तीन मिनट का था। इस अखिल भारतीय नृत्य महोत्सव में सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रस्तुती दी जिसमें से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

विजेता प्रतिभागियों नाम इस प्रकार है-

भरतनाट्यम 5 से 10 वर्ष आयु में प्रथम निरवी टांक हैदराबाद, 11 से 17 वर्ष में भरतनाट्यम में विश्वा वारू गुजरात, 25 से अधिक आयु वर्ग वैशाली टांक तेलांगाना, ओपन में प्रणाली चौहान बंगलुरू, कथक 5 से 10 वर्ष आयु में वैशाली सोलंकी हैदराबाद, 11 से 17 वर्ष में द्विव्या चौहान गुजरात,25 से अधिक आयु वर्ग में हिरवा परमार गुजरात, ओपन में अमृती सोलांकी हैदराबाद। सेमी क्लासिकल 5 से 10 वर्ष आयु में जिनीषा चावड़ा तेलांगाना, 11 से 17 वर्ष में आवनी खोडियार कोलकाता, 25 से अधिक आयु वर्ग में रितीका टांक बड़ौदा। पलक चौहान अहमदाबाद। फोक 5 से 10 वर्ष आयु में हया चावड़ा धनबाद। 11 से 17 वर्ष में रिद्धी टांक गुजरात, 25 से अधिक आयु वर्ग में हेमलता राठौर जगदलपुर, रिना वरू ओड़िसा। इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र की छात्रा विहानी सोलांकी गुजरात ने भी हिस्सा लिया। सबसे अधिक उम्र वाली महिला तनुजा पड़ीहार महाराष्ट्र ने भी हिस्सा लिया।